नई दिल्ली
गुरुवार, 14 मार्च, 2024
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष,
चतुर्थी/पंचमी वर्ष : 27, अंक : 339
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 33
न्यून. 18

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



09 टेस्ट रैंकिंग: आर अश्विन बने वर्ल्ड नंबर-वन रोहित शर्मा की शीर्ष 10 में वापसी

साल दर साल
आत्मविश्वास के साथ सफलता बरकरार



पिछले 10 वर्षों में एलन क्लासरूम प्रोग्राम के विद्यार्थियों का प्रदर्शन

16
All India Rank #1
In JEE Main, JEE Advanced, AIPMT, NEET-UG and AIIMS

मेडिकल
61 Ranks in Top 10 AIR
329 Ranks in Top 100 AIR
4,33,000 Selections eligible for counselling

इंजीनियरिंग
44 Ranks in Top 10 AIR
423 Ranks in Top 100 AIR
30,000 IIT-JEE Advanced Selections

ओलंपियाड
37 out of 48 International Junior Science Olympiad Medalists were ALLEN Students

एलन एडमिशन टेस्ट में शामिल होकर पाएं
90% तक स्कॉलरशिप



Test Dates
17 & 24
मार्च

क्लासरूम प्रोग्राम के लिए
ऑफलाइन टेस्ट
ASAT

ऑनलाइन प्रोग्राम के लिए
ऑनलाइन टेस्ट
ADSAT

टेस्ट में रजिस्ट्रेशन के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

इंजीनियरिंग (जेईई) । मेडिकल (नीट) । फाउण्डेशन (कक्षा 8 से 12 व 12वीं पास) । ओलंपियाड
2 अप्रैल 2024 से बैच प्रारंभ

NEET (UG) 2024
Crash Course
21 मार्च से प्रारंभ

Choose your mode of learning

ALLEN Kota Center
0744-3556677, 2757575
www.allen.ac.in

ALLEN Delhi Center
+91-9513685900
www.allen.ac.in/delhi

ALLEN Online Programs
+91-9513736499
www.allen.in

डिस्क्लेमर: हम विद्यार्थियों को उनकी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए शिक्षण सुविधाएं और वातावरण प्रदान करते हैं। कोचिंग इंस्टीट्यूट प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन की कोई गारंटी नहीं देता। विद्यार्थी का चयन उनकी तैयारी, प्रतियोगी परीक्षा में प्रवेश के लिए उपलब्ध स्थान और परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों की संख्या पर निर्भर करता है।

## खबर संक्षेप

### आईजीआई एयरपोर्ट पर पेट से निकली 15 करोड़ से ज्यादा की कोकीन

**नई दिल्ली।** आईजीआई एयरपोर्ट पर कस्टम अधिकारियों को एक नाईजीरियन नागरिक की चाल ढाल देख शक हुआ। वह नशे की हालत में लग रहा था। इसके बाद उसे सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया। कई दिन चले इलाज के दौरान उसके शरीर से कुल 71 कैप्सूल कोकीन बरामद किए गए। इन कैप्सूल में करीब 1041 ग्राम कोकीन भरा हुआ था। इसकी कीमत 15 करोड़ से अधिक बताई गई है। नाइजीरियन मूल का नागरिक तीन मार्च को आईजीआई एयरपोर्ट के ट्रमिनल 3 पर उतरा था। उसके चलने का ढंग बेहद अजीब लगने पर ग्रीन चैनल को क्रॉस करते ही कस्टम अधिकारियों ने रोक लिया। सवाल जवाब किये गये तो उसने बताया कि वह कुछ कैप्सूल निगलकर यहां आया है। उसे फौरन सफदरजंग अस्पताल भेजा गया। डॉक्टरों की देखरेख में उसका कई दिनों तक इलाज चला। इस दौरान उसके शरीर से कुल 71 कैप्सूल कोकीन के निकाले गए। अस्पताल में वह कस्टम अधिकारियों की निगरानी में रहा। इसके बाद 12 मार्च को विदेशी नागरिक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी का नाम चूकवुडी ओकफोर बताया गया है।

### सब्जी मंडी: इलेक्ट्रॉनिक्स सामान के स्टोर में लगी आग, माल जला



**नई दिल्ली।** नॉर्थ दिल्ली के सब्जी मंडी एरिया में बुधवार को एक इलेक्ट्रॉनिक्स सामान के स्टोर में भीषण आग लग गई। सूचना मिलने पर दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया। गनीमत ये रही इस हादसे में किसी के जख्मी होने की सूचना नहीं है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास भी एहतियातन सभी घर खाली करा लिए थे। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब 12 बजे रोशनआरा रोड स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक्स सामान के स्टोर में आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद मौके पर दमकल की चार गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। स्टोर में एयर कंडीशनर, कूलर, गीजर जैसे सामान रखे थे। आग के कारण लाखों रुपए का माल जलकर खाक हो गया। आग को तेजी से फैलते देख स्टोर के आसपास रहने वाले लोगों के घर भी खाली करवा लिए गए थे। कई घंटे की कडी मशक्कत के आग आग पर काबू पाया जा सका। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट से आग की आंशका जतायी गई है।

## मुख्यमंत्री केजरीवाल ने मोती नगर फ्लाईओवर जनता को किया समर्पित

# 30 मिनट का सफर अब 3 मिनट में होगा तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली





दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को मोती नगर रिंग रोड पर बना तीन लेन का फ्लाईओवर जनता को समर्पित कर दिया। इस फ्लाईओवर से धौला कुआं से आजादपुर और दिल्ली से हरियाणा के रोहतक आने -जाने वाले लोगों को बहुत फायदा मिलेगा। सीएम ने दिल्लीवासियों को बधाई देते हुए कहा कि पहले ट्रैफिक जाम के चलते आधा किलोमीटर का यह सफर तय करने में आधा घंटा लग जाता था, लेकिन अब केवल तीन मिनट में तय होगा। यह एक बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा है। इसके आगे क्लब रोड फ्लाईओवर बनाया जा रहा है, जो जुलाई तक तैयार हो जाएगा। इसके बाद लोगों को और राहत मिल जाएगी।

दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने मोती नगर रिंग रोड पर तीन लेन का यह फ्लाईओवर बनाया है। सीएम अरविंद केजरीवाल ने फीता काट कर इस फ्लाइओवर का उद्घाटन और नाम पट्टिका का अनावरण किया। पीडब्ल्यूडी के अफसरों ने सीएम को फ्लाईओवर के मॉडल के बारे में बताया। इस दौरान पीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। बता दें कि इन दोनों फ्लाईओवरों की कुल लंबाई 1.68 किलोमीटर है। वर्तमान में रिंग रोड पर पंजाबी बाग और पश्चिम विहार जाने वाले वाहन बवाना पुल का इस्तेमाल करते हैं। नए फ्लाईओवर इस यातायात को सुगम बनाने में मदद करेंगे। राजा गार्डन से आजादपुर की तरफ जाने वाले और वापस आने वाले वाहन इन दोनों फ्लाईओवर का इस्तेमाल करेंगे, जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिलेगी।

### कई प्रमुख क्षेत्रों को जोड़ेगा यह फ्लाईओवर

मोती नगर फ्लाईओवर तीन लेन का बनाया गया है।यह दिल्ली के उत्तर-पश्चिम रिंग रोड का हिस्सा है। इसके शुरू होने से यह राजा गार्डन फ्लाईओवर से पंजाबी बाग तक का मुख्य मार्ग बन गया है। इससे विभिन्न सड़कों के ट्रैफिक जाम की समस्या को कम करने में मदद मिलेगी। यह फ्लाईओवर उत्तर-पश्चिम दिल्ली और नॉर्थ दिल्ली के प्रमुख क्षेत्रों जैसे पीतमपुरा, रोहिणी और शालीमार बाग को भी जोड़ेगा।

### इसके तहत बन रहे हैं दो और फ्लाईओवर

इसके तहत ईएसआई अस्पताल से मौजूदा क्लब रोड (1,123 मीटर लंबा) तक नजफगढ़ नाले के पार 6 लेन का फ्लाईओवर बनना है। फिलहाल इसका निर्माण कार्य जोर-शोर से चल रहा है और जुलाई 2024 तक इसके पूरा होने की उम्मीद है। वहीं तीन लेन के साथ अतिरिक्त हाफ फ्लाईओवर और मौजूदा हाफ फ्लाईओवर को 2 लेन से 3 लेन तक चौड़ा किया गया है। इस हाफ फ्लाईओवर की लंबाई 495 मीटर है, जिसका आज उद्घाटन किया गया है। मोती नगर, रिंग रोड पर सड़क साइनेज, सड़क सुरक्षा फिक्स्चर सहित 3 लेन के हाफ फ्लाईओवर का निर्माण किया गया है। वहीं मौजूदा सर्विस रोड/स्लिप रोड का सुधार किया गया है। वहीं फुटपाथ, लैंडस्केपिंग, रेलिंग आदि के साथ स्टिल्ट भाग के नीचे दो यू-टर्न और एक हाफ सब-वे बना है। इस फ्लाईओवर से धौला कुआं से आजादपुर और आसपास के इलाकों में यातायात की आवाजाही में मदद मिलेगी। इस फ्लाईओवर से यातायात जाम और समय की बर्बादी की बचत होगी। वहीं वाहनों से होने वाले वायु और ध्वनि प्रदूषण में कमी आएगी, जिससे लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा। इसके साथ ही रिंग रोड पर चलने वाले सीधी ट्रैफिक को अलग करने में मदद मिलेगी और रिंग रोड की क्षमता बढ़ेगी। वहीं भविष्य में भी ट्रैफिक की समस्या का हल निकलेगा।

### 10 साल में बना दिए 31 फ्लाईओवर

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आजादी के बाद पिछले 75 साल में दिल्ली में 63 फ्लाईओवर बने थे। दिल्लीवालों ने जब से हमें दिल्ली जिम्मेदारी दी है, पिछले 10 सालों में हमने 31 फ्लाईओवर बना दिए। आज हम यह 31वें फ्लाईओवर का उद्घाटन कर रहे हैं। दिल्ली में जो काम पिछले 75 साल में हुआ था, उसका 50 फीसद काम हमने 10 साल मे करके दिखा दिया। इसके लिए साफ नियत चाहिए। काम करने के लिए पैसे की कमी नहीं है, पहले केवल नियत की कमी होती थी।

### 9 सालों में करीब 7500 किमी की सड़कें बनाई

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पिछले 9 सालों में दिल्ली में लगभग 7500 किलोमीटर की सड़कें बनाई हैं। इतनी सड़कें 75 साल में नहीं बनी होंगी, जितनी सड़कें पिछले 9 सालों में दिल्ली के अंदर बनी हैं। पानी और सीवर की जितनी पाइप लाइन पिछले 9 साल में हमने बिछाई हैं, उनती पाइप लाइन पिछले 75 साल में नहीं बिछी होंगी। जब दिल्ली में हमारी सरकार बनी थी तब दिल्ली में करीब 4500 बसें थीं। आज दिल्ली में लगभग 7500 से 8000 बसों के साथ इसकी संख्या दोगुनी हो गई है।

### चुनाव बाद लागू कर देंगे महिला सम्मान योजना

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इस साल हमने बजट में अपनी माताओं-बहनों के लिए बहुत बड़ा ऐलान किया है। आपका भाई-आपका हर महीने आपके पर्स में हजार रुपए भेजा करेगा। कई महिलाओं को यकीन नहीं हो रहा है कि क्या सच में ऐसा होगा? ऐसा होगा नहीं, बल्कि ऐसा हो गया है। यह स्कीम बजट में पास हो गई है, बस इसे लागू करना बाकी है। अभी चुनाव आ रहे हैं। इसलिए चुनाव के बाद इसको लागू कर देंगे। आप चिंता मत करो। केजरीवाल जो कहता है वो करके दिखाता है।

### जाम से छुटकारा मिलने के साथ साथ, प्रदूषण कम होगा : आतिशी

इस मौके पर पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने कहा कि रिंग रोड के इस पूरे हिस्से में काफी जाम लगता है। एक छोटी सी दूरी तय करने में आधे घंटे से ज्यादा लग जाता है। आज इस फ्लाईओवर के उद्घाटन से लोगों को बहुत राहत मिलेगी और ट्रैफिक की समस्या खत्म होगी। इस फ्लाईओवर से रोजाना 1.25 लाख से ज्यादा गाड़ियों की आवाजाही होगी। जाम मुक्त होने से यहां सालाना 6 लाख लीटर से ज्यादा ईंधन की बचत होगी। 9 हजार से ज्यादा मैन आवर की बचत होगी। इससे सालाना 50 हजार टन से ज्यादा कॉर्बन डाइऑक्साइड का प्रदूषण घटेगा।

## न्यू अशोक नगर इलाके का मामला

# मंदिर में महिला की सोने की चेन छीनने वाले गैंग की तीन महिलाएं गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



छीना झपटी करने वाले गैंग की तीन महिला सदस्यों को पूर्वी जिला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके नाम कल्याणपुरी निवासी झुमरी, रीना और ईस्ट विनोद नगर निवासी कुमा बताये गये हैं। पुलिस ने इनके पास से सोने की चेन के तीन टुकड़े भी बरामद किए हैं। अब इनकी दो महिला सहयोगियों की पुलिस को तलाश है।

पुलिस के मुताबिक आठ मार्च को न्यू अशोक नगर थाने को एक महिला की दो सोने की चेन छीनने की बाबत पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस शनि मंदिर लकड़ी मार्किट, दल्लूपुरा पहुंची। पीड़ित महिला संजना ने बताया कि जब वह मंदिर में पूजा कर रही थी, तभी कुछ महिलाएं उनकी दो सोने की चेन छीन भाग गई। वह उनके पीछे भी भागी लेकिन वे हाथ नहीं आ सकी। वे एक ऑटो से फरार हो गयी। इस घटना को लेकर पुलिस ने झपटमारी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु की। तफ्तीश सीसीटीवी कैमरे की फुटेज पर केंद्रित हुई। इसके बाद ऑटो की पहचान की गई जिसमें आरोपी महिलाएं बैठ फरार हो गई थी। पुलिस ऑटो के रजिस्ट्रेशन नंबर की मदद से उसके मालिक तक पहुंची, जहां से पता चला कि वह ऑटो और परमिट को बेच चुका है। पुलिस ने बाद में दूसरे ऑटो मालिक की पहचान कल्याणपुरी निवासी मोहन के तौर पर की और उससे हुई। इससे पूछताछ के बाद आगरा और राजस्थान के करोली जिले में दबिश डाली गई तब कहीं जाकर तीनों महिलाएं हाथ लग सकी।

### ठगी और आर्म्स एक्ट में भगौड़े घोषित दो दबोचे

**नई दिल्ली।** द्वारका जिले की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड ने दो भगौड़ों को गिरफ्तार किया है। एक ठगी और दूसरा आर्म्स एक्ट के मामले में फरार था। इनके नाम अमित उर्फ संजू और मोहित बताये गये हैं। एक आरोपी नजफगढ़ और बाबा हरिदास नगर के दो मामलों में पहले भी शामिल रहा है। हेड कांस्टेबल राजेश कुमार को सूचना मिली थी कि दो पीओ नजफगढ़ एरिया के कैर गांव और जाफरपुर कलां के डाबर एंक्लेव एरिया में छिपकर रह रहे हैं। अमित के खिलाफ 2012 में चीटिंग व आर्म्स एक्ट का केस दर्ज हुआ था। इसी पांच मार्च को उसे पीओ घोषित किया गया था। दूसरे आरोपी मोहित के खिलाफ 2017 आर्म्स एक्ट का केस दर्ज हुआ था। इसे दो मार्च को द्वारका कोर्ट ने भगौड़ा घोषित किया था। पुलिस ने छापा मारकर दोनों को दबोच लिया।

# एबीवीपी ने 'बिना अनुमति' किया जेएनयू में 'बस्तर द नक्सल स्टोरी' फिल्म का प्रदर्शन

## विश्वविद्यालय की चुनाव समिति ने स्क्रीनिंग को परिसर में प्रभावी आंशिक आचार संहिता का उल्लंघन बताया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की छात्र शाखा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने बुधवार को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) परिसर में नक्सली विद्रोह पर आधारित एक फिल्म का प्रदर्शन किया।

वहीं विश्वविद्यालय के चुनाव निकाय ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए अनुमति नहीं दी गई थी। एबीवीपी ने जेएनयू परिसर के एक सभागार में 'बस्तरः द नक्सल स्टोरी' का प्रदर्शन किया। यह फिल्म अभी 'रिलीज' नहीं हुई है। वामपंथी समूह से जुड़े संगठनों ने फिल्म के प्रदर्शन पर आपत्ति जताई। इस कार्यक्रम में फिल्म के निर्देशक सुदीप्तो सेन के साथ ही अभिनेत्री अदा शर्मा भी शामिल हुईं। विश्वविद्यालय की चुनाव समिति ने जेएनयूएसयू की चुनाव प्रक्रिया जारी होने के बीच फिल्म की स्क्रीनिंग को परिसर में प्रभावी आंशिक आचार संहिता का उल्लंघन करार दिया। विश्वविद्यालय चुनाव समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार ने एक बयान में कहा कि चुनाव समिति के संज्ञान में आया कि 13 मार्च, 2024 को सभागार में 'बस्तरः द नक्सल स्टोरी' नामक फिल्म की स्क्रीनिंग की गयी। चुनाव समिति स्पष्ट करती है कि इसके लिए कोई जानकारी नहीं दी गई थी और न ही आयोजन के लिए अनुमति ली गई थी। उन्होंने बताया कि चुनाव समिति ने कार्यक्रम से पहले सक्षम प्राधिकारी को सूचित किया था कि यह आयोजन जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जेएनयूएसयू) चुनाव 2023-24 के लिए आंशिक आचार संहिता का उल्लंघन है। वामपंथी छात्र समूहों की आपत्ति के बीच एबीवीपी ने दावा किया कि कार्यक्रम को रोकने के लिए बिजली की आपूर्ति कई बार काट दी गई। जेएनयूएसयू चुनाव 22 मार्च को होगा और नतीजों की घोषणा 24 मार्च को की जाएगी।

# नकली दवाइयों के मामले में एक और आरोपी धरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने कैंसर की नकली दवा बनाकर सप्लाई करने वाले रैकेट में शामिल एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। बिहार के मुजफ्फरपुर से पकड़े गये इस आरोपी का नाम आदित्य कृष्ण (23) बताया गया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद आगे की पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है। पुलिस के अनुसार आदित्य कृष्ण इस सिंडिकेट में शामिल नीरज चौहान से दवाइयां खरीदता था। इसके बाद उन्हें आगे पुणे और एनसीआर में सप्लाई करता था। वह मुजफ्फरपुर में अपनी खुद की केमिस्ट शॉप भी चलाता था। उसने बीएचयू से बीटेक की पढ़ाई की है। जल्द अमीर बनने की चाहत में वह इस धंधे का हिस्सा बना था। गौरतलब है कि क्राइम ब्रांच इस रैकेट में शामिल सात लोगों को एक दिन पहले ही अरेस्ट किया था। उनमें दो अस्पताल के कर्मचारी भी शामिल थे। यह गैंग मोती नगर इलाके में किराए फ्लैट लेकर उसमें कैंसर की नकली दवाओं को पैक कर आगे सप्लाई करता था। पुलिस अब इनसे इस गोरखधंधे में शामिल अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

**भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय**
खानपुर कलां, (सोनीपत), हरियाणा-131305
ऑफिस नं. 01263-283001, 283002, फैक्स नं. 01263-283779, www.bpsmv.ac.in

**विज्ञापन**

बीपीएस महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां स्वीकृत रिक्त पद के तहत एमएसएम इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद में कायाचिकित्सा के स्पेशलाइजेशन में प्रोफैसर के पद के लिए पात्र उम्मीदवारों से 27.03.2024 तक आवेदन आमंत्रित करता है। योग्यता और वेतनमान इत्यादि के सम्बन्ध में विवरण हेतु कृपया विश्वविद्यालय वेबसाइट **www.bpsmv.ac.in** पर पधारें।

संवाद विज्ञा. सं.-1239/11/58/2024/25867/सी/88/7 दि. 13.03.24 — रजिस्ट्रार

# महापौर ने शहीद सफाई कर्मचारी के परिवार को सौंपा 32 लाख का चेक

## 'सफाई कर्मियों के साथ मजबूती से खड़ी है निगम'



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने बुधवार को शहीद सफाई कर्मचारी को सम्मानित करते हुए उनके बेटे आकाश को 32 लाख का चेक और नियुक्ति पत्र भेंट किया। आकाश के पिता एक सफाई कर्मचारी थे, और एक दुखद घटना में ड्यूटी के दौरान उनकी मौत हो गई थी। महापौर डॉ. ओबरॉय ने कहा कि इस दुखद समय में पूरा निगम परिवार एवं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी सफाई कर्मचारी और दिवंगत कृष्ण के परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करेगी। परिवार की शिक्षा, स्वास्थ्य संबंधी देखभाल और किसी भी अन्य आवश्यकता के लिए साथ खड़ी हैं। महापौर ने अधिकारियों को कृष्ण के परिवार की सभी जरूरतों का ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस दौरान विधायक मुकेश अहलावत, पार्षद बॉबी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। महापौर डॉ ओबरॉय ने कहा कि पिछली सरकारों ने सफाई कर्मियों के हितों पर कोई ध्यान नहीं दिया। लेकिन निगम में आप सरकार बनने के बाद सफाई कर्मियों को पक्का किया जा रहा है। ड्यूटी पर जान गंवाने वाले सफाई कर्मियों के परिवारों को जल्द से जल्द आर्थिक सहायता दी जा रही है। उनके परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जा रही है। निगम में आप सरकार बनने के बाद अब तक तीन मृतक सफाई कर्मियों के परिवार की मदद की जा चुकी है।

### हरदयाल लाइब्रेरी में पूर्व सचिव ने किया था बड़ा घोटाला : महापौर

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की हरदयाल लाइब्रेरी में पूर्व सचिव पूनम पाराशर ने बड़ा घोटाला किया था और अब निगमायुक्त को इसकी जांच करने के आदेश दिए है। दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने बुधवार को सिविक सेंटर में हरदयाल म्युनिसिपल लाइब्रेरी के संबंध में प्रेस वार्ता को संबोधित कर उक्त आरोप लगाए। प्रेसवार्ता में महापौर डॉ. ओबरॉय ने कहा कि दिल्ली नगर निगम की हरदयाल लाइब्रेरी 160 साल पुरानी हेरिटेज लाइब्रेरी है। जिसकी शुरुआत 1862 में हुई थी। इस ऐतिहासिक लाइब्रेरी में दिल्ली ही नहीं बल्कि देश भर से छात्र पढ़ने आते हैं। यह लाइब्रेरी किताबों की एक धरोहर है। इसकी मुख्यालय को मिलाकर जिसकी कुल 33 ब्रांच है। महापौर ने कहा कि यह शिकायत डाक से मेरे ऑफ्रिस में आयी है। इसमें साफ़ शब्दों में सीबीआई जांच की मांग की गई हैं। हम हरदयाल लाइब्रेरी को बचाना चाहते हैं। कर्मियों के हितों के बारे में सोचना चाहते हैं। आम आदमी पार्टी की प्राथमिकता हमेशा शिक्षा रही है, ऐसी लाइब्रेरी जहां पर बच्चे आकर यूपीएससी आदि परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। इसके बाद आईएएस- आईपीएस अफ़सर बनते हैं।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | ईएमडी राशि (रु. करोड़ में) | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज मोरनी पंचकूला | खावा - गांव खावा जी.पी. राजीतिकारी, ब्लॉक मोरनी में हारा घाट के निकट से खावा टाक तक गली का निर्माण। | 11.03.2024 18.03.2024 | 7.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416055244 dharambirsai@gmail.com |
| 2 | पंचायती राज पंचकूला | वीएएनजीवाई टिब्बी - ब्लॉक बरवाला में नई धर्मशाला का निर्माण + 4 कार्य। | 11.03.2024 18.03.2024 | 150.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467807024 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, कैथल | बीएमएल-एचबी-बीबी- एमपीएलसी के साइफन क्रॉसिंग आरडी 18270 का डी/एस और पटियाला नदी यू/एस के बैड की गाद निकालना। | बंद होने की तिथि 18.03.2024 | 36.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8053519393 xen-sswati3ktl.irr@gov.in |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, कैथल | आरडी 221700 पर पुण्डरी माइनर क्रॉसिंग बीएमएल-एचबी-बीबी- एमपीएलसी के वाटरकोर्स की मरम्मत हेतु आकलन। | बंद होने की तिथि 18.03.2024 | 6.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8053519393 xen-sswati3ktl.irr@gov.in |
| 5 | पंचायती राज सोनीपत | गांव बड़वासनी, ब्लॉक सोनीपत में धीरा पुत्र होशियार से रघुकुल विद्या पीठ की तरफ आईपीबी फिरनी का निर्माण। | बंद होने की तिथि 18.03.2024 | 9.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996001199 vijaypal2315@gmail.com |
| 6 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में जाखल धारसुल भुना पाबरा सरसोड रोड कि.मी. 0 से 25.00 और कि.मी. 33.00 से 50.23 (एमडीआर-102) (रोड आईडी 5371, 5548 और 5335) को चौड़ा करना और मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा रोड का सुधार (सी.एम. घोषणा कोड 27234 दिनांक 23.01.2023) | 11.03.2024 03.04.2024 | 3023.48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प करनाल | लघु सचिवालय (प्रशा. ब्लॉक) जिला पानीपत में वैद्युत सब स्टेशन का विस्तार + 1 कार्य। | 12.03.2024 02.04.2024 | 90.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि भ व प करनाल | कैथल में राजकीय आईटीआई में वीमेन ब्लॉक में वैद्युत स्थापना की विशेष मरम्मत + 4 कार्य। | 12.03.2024 20.03.2024 | 51.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 9 | लोनिवि भ व प कैथल | आरडी 169.25 से 189.30 कि.मी. से कैथल जिले में असंध राजौंद कैथल पटियाला रोड (एसएच-11) की विशेष मरम्मत (रोड आईडी 6917)। | बंद होने की तिथि 01.04.2024 | 2316.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896070157 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 10 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | निर्माण सदन बिल्डिंग सेक्टर-33, चण्डीगढ़ में सेंट्रल एयरकंडीशनिंग सिस्टम (2×150 टीआर) के प्रचालन और व्यापक रखरखाव हेतु एएमसी (अवधि 01.01.2024 से 31.12.2025 हेतु) (दो वर्ष)। | 12.03.2024 19.03.2024 | 23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2618279 pwd-eecd-chandigarh@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज सोनीपत | गांव जाजी, ब्लॉक सोनीपत में पार्क का निर्माण + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 21.03.2024 | 103.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 12 | पंचायती राज महम, रोहतक | 10/03 गांव खेड़ी महम (पीएस) में ओम पुत्र मनफाल से बॉबी तक आईपीबी गली का निर्माण। | 11.03.2024 18.03.2024 | 4.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215555586 sdoprmeham@gmail.com |
| 13 | पंचायती राज पंचकूला | 2. गांव मटौर जी.पी. थापली, ब्लॉक मोरनी में हॉल का निर्माण + 3 कार्य। | 12.03.2024 19.03.2024 | 51.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467807024 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 14 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में हैड 5054 (ग्रुप-2) के तहत जुलाना निर्वाचन क्षेत्र में 2 अदद सड़कों को चौड़ा करना और मजबूतीकरण, 1. बराह कलां से बराह खुर्द रोड (रोड आईडी 6594), 2. किशनपुरा अप्रोच रोड (आईडी 6680)। | बंद होने की तिथि 01.04.2024 | 173.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098053 pwdeepdjind@gmail.com |
| 15 | स्वास्थ्य विभाग हरियाणा पंचकूला | मेडिकल गैसेज नाइट्रस ऑक्साइड, कार्बन डाइऑक्साइड और मेडिकल ऑक्सीजन गैस की खरीद। | 14.03.2024 21.03.2024 | ईएमडी 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2562199 gh6pkl@gmail.com |
| 16 | पंचायती राज हिसार | पाबरा, उकलाना, गड्डू मोहल्ला स्कूल से बाबा बिलशगर मंदिर तक आईपीबी फिरनी का निर्माण + 3 कार्य। | 11.03.2024 18.03.2024 | 144.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2024/320/25866/I/88/7 दि. 13.03.24

नई दिल्ली

गुरुवार, 14 मार्च, 2024

फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, चतुर्थी/पंचमी वर्ष : 27, अंक : 339

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 33
न्यून. 18

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## पीएम मोदी ने दान में दे दिया अपना गांधीनगर वाला प्लॉट



भूखंड पर बनेगी 16 मंजिल की बिल्डिंग

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के गांधीनगर स्थित अपना एक प्लॉट दान किया है। जमीन के उस टुकड़े पर नाद ब्रह्म कला केंद्र बनेगा, जो शेष पेज 8 पर

### मोदी कैबिनेट का बड़ा निर्णय

# दिल्ली मेट्रो फेस-4 को मिली मंजूरी, दो नए रूट पर दौड़ेगी मेट्रो

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव से पहले बुधवार को मोदी कैबिनेट की अहम बैठक हुई। जिसमें दिल्ली मेट्रो फेस-4 के अलावा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के अहम समझौतों को लेकर भी चर्चा हुई।

इसके अलावा कैबिनेट की बैठक में ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण उपायों के क्षेत्र में सहयोग पर भारत और भूटान के बीच एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर को मंजूरी दे दी गई। केंद्र सरकार ने दिल्ली शेष पेज 8 पर

करीब 8.4 किलोमीटर लंबी मेट्रो लाइन के बीच 8 स्टेशन बनाए जाएंगे



**मोदी कैबिनेट के ये अहम निर्णय**

- भारत से भूटान को पेट्रोलियम, तेल, स्नेहक (पीओएल) और संबंधित उत्पादों की सामान्य आपूर्ति पर भारत और भूटान के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर करने को मंजूरी दी गई।
- ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण उपायों के क्षेत्र में सहयोग पर भारत और भूटान के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर को मंजूरी।
- भारत-मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारे के सशक्तिकरण और संचालन के लिए सहयोग पर भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच अंतर-सरकारी फ्रेमवर्क समझौते को मंजूरी।
- खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में भारत और भूटान के बीच समझौते पर हस्ताक्षर को मंजूरी दी।

### एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट को दिया हलफनामा

# 2019 से अब तक खरीदे गए 22,217 चुनावी बॉन्ड और 22,030 भुनाए गए

**मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार का कहना है कि हम समय से डेटा अपनी वेबसाइट में अपलोड कर देंगे**



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने चुनावी बॉन्ड को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दाखिल किया है। यह हलफनामा स्टेट बैंक के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा की तरफ से दाखिल किया गया है। इसमें कहा गया है कि बैंक ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा 15 फरवरी को दिए गए आदेश का पालन कर दिया है। स्टेट बैंक ने सुप्रीम कोर्ट से यह जानकारी एक पेन ड्राइव में दो पीडीएफ फाइल बनाकर ये जानकारी साझा की है। दोनों ही पीडीएफ फाइलों का पासवर्ड सुरक्षित है। इधर, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार का कहना है कि हम समय से डेटा अपनी वेबसाइट में अपलोड कर देंगे।

**2019 से 2024 तक के बॉन्ड की दी गई जानकारी**

*दाखिल किए गए हलफनामें में कहा गया है कि भारतीय स्टेट बैंक के पास तैयार रिकॉर्ड हैं जिनमें खरीद की तारीख, मूल्य और खरीदार का नाम दर्ज किया गया था, और राजनीतिक दलों के संबंध में नकदीकरण की तारीख और भुनाए गए बांड के मूल्यवर्ग दर्ज किए गए थे। इसमें आगे कहा गया है कि उपरोक्त डेटा 12.04.2019 से 15.02.2024 के बीच खरीदे और भुनाए गए बॉन्ड के संबंध में प्रस्तुत किया गया है। इस अवधि के दौरान चुनावी बॉन्ड चरणों में बेचे और भुनाए गए और 11 वां चरण 01.04.2019 से शुरू हुआ। आवेदन में निर्धारित बॉन्डों की संख्या में वे बॉन्डों शामिल हैं जो 1 अप्रैल, 2019 से शुरू होने वाली अवधि के दौरान खरीदे गए थे, 12 अप्रैल, 2019 से नहीं। कुल 22,217 बांड 01.04.2019 से 15.02.2024 की अवधि के दौरान खरीदे गए थे। जिनमें से 22,030 बॉन्ड को भुनाया गया।*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### अश्विन बने टेस्ट में नंबर-1 गेंदबाज



**नई दिल्ली।** भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन आईसीसी टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में नंबर-1 पर पहुंच गए हैं। हाल ही में धर्मशाला में इंग्लैंड के खिलाफ अपना 100वां टेस्ट मैच खेला था। अश्विन ने बुमराह को पीछे छोड़ दिया। कर इस उपलब्धि को हासिल किया है। बुमराह दो स्थान से 847 पॉइंट के साथ तीसरे स्थान पर चल गए हैं।

### भोजपुरी स्टार पवन सिंह ने कहा- चुनाव लड़ूंगा



**पटना।** आसनसोल से चुनाव लड़ने से इनकार कर चुके भोजपुरी स्टार पवन सिंह ने फिर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। उन्होंने एक्स पर जानकारी दी। कहा कि मां से किया वादा पूरा करने चुनाव लड़ूंगा। सभी का आशीर्वाद एवं सहयोग अपेक्षित है। जय माता दी। लोकसभा चुनाव-2024 के लिए भाजपा ने 195 उम्मीदवारों की अपनी पहली लिस्ट जारी की थी।

### एक दिन में 13 लाख करोड़ रुपए का नुकसान



**मुंबई।** बुधवार को शेयर बाजार में जोरदार गिरावट के चलते बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 12.67 लाख करोड़ से घटकर सीधे 372 लाख करोड़ रह गया है। यानी कुछ ही घंटों में करीब 13 लाख करोड़ रुपए स्वाह हो गए। बुधवार को शेयर मार्केट में सेंसेक्स 1000 पॉइन्ट तक गिर गया। वहीं निफ्टी 22000 के नीचे पहुंच गया।

### भाजपा की दूसरी सूची में 72 टिकट जारी

# पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल करनाल और अशोक तंवर सिरसा सीट से बने उम्मीदवार

आनंद राणा ▸▸ नई दिल्ली

भाजपा ने बुधवार को हरियाणा की दस में से छह लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। दिल्ली की बाकी बची दो सीटों सहित गुजरात की सात, हिमाचल की दो, कर्नाटक की 20, मध्यप्रदेश की पांच,महाराष्ट्र की 20, तेलंगाना की छह, दादर एवं नगर हवेली की एक,त्रिपुरा की एक, उत्तराखंड की दो सीटों पर दूसरी सूची में उम्मीदवार घोषित किए गए हैं।

हरियाणा की तीन सीटों पर वर्तमान सांसदों तथा तीन पर नए उम्मीदवारों को मैदान में उतारा गया है। एक दिन पहले ही मुख्यमंत्री पद से हटाए गए मनोहर लाल खट्टर को करनाल से टिकट दिया गया है। अंबाला (सुरक्षित सीट) से बंतो कटारिया तथा सिरसा (सुरक्षित) सीट से अशोक तंवर उम्मीदवार बनाए गए हैं। जिन वर्तमान सांसदों को उम्मीदवार बनाया गया है उनमें भिवानी महेन्द्रगढ़ सीट से धर्मबीर सिंह, गुडगांव से राव इन्द्रजीत सिंह तथा फरीदाबाद सीट से कृष्णपाल गुर्जर शामिल शेष पेज 8 पर

**हिसार, रोहतक, सोनीपत और अंबाला सीट के टिकट फिलहाल तय नहीं**

**इंद्रजीत, धर्मबीर और कृष्णपाल को फिर मिला लोस का टिकट**

अंबाला सीट से दिवंगत रतन लाल कटारिया की पत्नी बंतो पर भरोसा

उत्तर पश्चिम दिल्ली से चंदोलिया तथा पूर्वी दिल्ली से हर्ष मल्होत्रा को मौका

हंस राज हंस का कटा टिकट, दिल्ली में अब कांग्रेस के उम्मीदवारों का इंतजार

गडकरी, अनुराग, पीयूष गोयल और प्रल्हाद जोशी सहित कई दिग्गजों को मैदान में उतारा



मनोहर लाल खट्टर | पीयूष गोयल | नितिन गडकरी

**हिसार, रोहतक, सोनीपत और अंबाला में फंसा है पेंच**

हरियाणा की चार लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों को लेकर तगड़ा पेंच फंसा हुआ है। भाजपा को हिसार, रोहतक, सोनीपत और अंबाला में उम्मीदवार तय करने के लिए काफी माथापच्ची करनी पड़ रही है। दरअसल इन चारों सीटों पर पिछला चुनाव भाजपा के उम्मीदवार जीते थे लेकिन इस बार मुकाबला आसान नहीं माना जा रहा है। यही वजह है कि पार्टी नेतृत्व को टिकट का फैसला लेने में देरी हो रही है। हिसार से भाजपा के सांसद रहे बृजेन्द्र सिंह ने चार दिन पहले ही कांग्रेस का हाथ थाम लिया है। यहां से पूर्व वित्तमंत्री शेष पेज 8 पर

**सांसद हंस राज हंस की जगह चंदोलिया को मिला टिकट**

भाजपा ने उत्तर पश्चिम दिल्ली से सांसद हंस राज हंस का टिकट काट दिया है। हंस का टिकट कटना पहले से ही तय माना जा रहा था। उनकी जगह पार्टी ने योगेन्द्र चंदोलिया को उम्मीदवार बनाया है। पूर्वी दिल्ली सीट से हर्ष मल्होत्रा को टिकट मिली है। यहां से भाजपा सांसद गौतम गंभीर ने पहले ही राजनीति छोड़ने की घोषणा की हुई थी। भाजपा ने दिल्ली की सभी सात सीटों पर उम्मीदवार उतार दिये हैं। पहली सूची में पांच उम्मीदवार घोषित किये गये शेष पेज 8 पर

**गडकरी और पीयूष गोयल सहित इन प्रमुख नेताओं को मिली टिकट**

इसके अलावा अन्य राज्यों में टिकट पाने वाले भाजपा के जाने पहचाने नेताओं में महाराष्ट्र की नागपुर सीट से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मुंबई उत्तर से केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और बीड़ से पंकजा मुंडे, हिमाचल की हमीरपुर से केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और शिमला से सुरेश कश्यप, कर्नाटक की धारवाड सीट से प्रल्हाद जोशी, बेंगलुरू उत्तर से शोभा करंदलाजे, बेंगलुरू साउथ से तेजस्वी सूर्या तथा मध्यप्रदेश में इंदौर से शंकर लालवानी, छिंदवाडा से विवेक बंटी साहू प्रमुखतौर पर शामिल हैं। उत्तराखंड की गढ़वाल सीट से भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी तथा हरिद्वार से पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत को टिकट दी गई है।

### हरियाणा विधानसभा: जेजेपी के सभी 10 विधायक सदन से गैर-हाजिर रहे

# नायब सैनी सरकार ने जीता विश्वासमत

नए संख्या बल के हिसाब से बहुमत का आंकड़ा 40, भाजपा के 41 विधायक



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

हरियाणा की नायब सैनी सरकार ने बुधवार को विधानसभा में विश्वासमत का सामना किया। सदन के अंदर यह प्रस्ताव ध्वनिमत से पास हो गया।

खास बात ये है कि इस विश्वासमत को लेकर जेजेपी ने अपने सभी विधायकों के लिए व्हिप जारी कर कहा था कि कोई भी विधायक सदन में पेश न हो। लेकिन व्हिप जारी करने के बावजूद भी जेजेपी के 5 विधायक सदन पहुंच गए। हालांकि, विश्वासमत पेश होने से पहले ही ये सभी 5 विधायक सदन से बाहर हो गए। इस तरह जेजेपी के सभी 10 विधायक विश्वास मत के दौरान सदन में गैर-हाजिर रहे। वहीं, विश्वासमत के दौरान निर्दलीय विधायक बलराज कुंडू भी सदन से बाहर निकले। हरियाणा विधानसभा में कुल विधायकों की संख्या 90 है। जबकि भाजपा के पास कुल अपने विधायक 41 हैं। जबकि बहुमत का आंकड़ा 46 है। ऐसे में जेजेपी के सभी 10 विधायकों और एक निर्दलीय विधायक के बाहर आने के साथ ही अब विधानसभा में कुल संख्या 79 है। जिसके मुताबिक बहुमत का आंकड़ा 40 है। जबकि सदन में भाजपा के पास अपने विधायक 41 हैं। नायब सिंह सैनी ने मंगलवार हरियाणा के नए मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ले ली थी।

### बड़ी टैक्स चोरी का खुलासा

# इंदौर में पान कारोबारी के 28 ठिकानों पर जीएसटी का छापा

- करणावत नाम से 13 रेस्टोरेंट संचालित हो रहे




हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंदौर

शहर के मशहूर पान कारोबारी के 28 प्रतिष्ठानों पर स्टेट जीएसटी ने बड़ी कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि करोड़ों रुपए की टैक्स चोरी मिली है। पान कारोबारी करणावत ग्रुप के 28 प्रतिष्ठानों पर एक साथ स्टेट जीएसटी ने कार्रवाई की है।

जीएसटी के अधिकारी मंगलवार देर रात तक इन प्रतिष्ठानों पर स्टेट जीएसटी चोरी की जांच करते रहे। बुधवार को भी इसकी जांच जारी रही। नेमवार रोड स्थित परिसर पर कार्रवाई चल रही है। जीएसटी की रेड के बाद करणावत ग्रुप की सभी दुकानें जल्द बंद कर दी गईं, लेकिन रेस्टोरेंट चलते रहे। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा।

जीएसटी ने जब कागजों की छानबीन की तो पता चला कि करणावत इसी नाम से 13 रेस्टोरेंट संचालित करता है, लेकिन इसकी शेष पेज 8 पर

### दर्दनाक घटनाओं के बाद सरकार ने दी सलाह

# अब पिटबुल और रॉटविलर जैसे विदेशी नस्ल के खतरनाक कुत्ते पालने पर बैन!

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बीते कुछ सालों में ऐसी कई दर्दनाक घटनाएं सामने आई हैं, जब पालतू कुत्तों ने मालिक या फिर घर के ही किसी सदस्य को काट लिया। अब केंद्र सरकार ने ऐसे खतरनाक कुत्तों, जिनमें पिटबुल, रॉटवीलर, टेरियर, वोल्फ डॉग और मैस्टिफ्स शामिल हैं। इनके आयात, ब्रीडिंग और ख़रीद-फरोख्त पर रोक लगाने के लिए राज्यों को कहा है। केंद्र सरकार ने इन प्रजाति के कुत्तों की मिक्स्ड और क्रूसब्रीड पर भी प्रतिबंध की बात की है। केंद्र सरकार के पशुपालन मंत्रालय ने सभी राज्य सरकारों को पत्र लिखकर कहा है कि वो अपने यहां स्थानीय निकायों से बात कर इस प्रतिबंध को लागू करवाए। केंद्र सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट के एक आदेश के बाद विशेषज्ञों की कमेटी के सुझावों के आधार पर ये फैसला लिया है। केंद्र की राय है कि इन कुत्तों के अलावा मिक्स और क्रॉस ब्रीड के अन्य कुत्तों पर भी रोक लगाई शेष पेज 8 पर



**केंद्र ने राज्यों को दिया निर्देश**

केंद्र सरकार ने राज्यों से कहा है कि डॉग्स की 23 ब्रीड के इम्पोर्ट पर बैन लगा दिया जाए। केंद्र ने कुत्तों के हमले में इंसानी मौतों के बढ़ते मामले देखते हुए कहा कि वे इन 23 ब्रीड के डॉग्स की न सिर्फ इम्पोर्ट रोकें, बल्कि इनकी ब्रीडिंग पर रोक लगाएं।

### महाराष्ट्र के धुले में आयोजित महिला सम्मेलन में की घोषणा

गरीब महिलाओं को एक लाख सालाना देने की गारंटी

# महिला समृद्धि के लिए 'नारी न्याय': चुनावी मौसम में कांग्रेस ने फेंका पांसा, कई लोकलुभावने किए वादे

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस ने महिलाओं के लिए 'नारी न्याय' गारंटी की घोषणा की है। बुधवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान महाराष्ट्र के धुले में आयोजित महिला सम्मेलन में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'नारी न्याय' गारंटी का ऐलान किया। इसके तहत केंद्र में सरकार बनने पर गरीब महिलाओं को हर साल एक लाख रुपए की मदद देने, केंद्र सरकार में सभी नई भर्तियों में आधा हिस्सा महिलाओं के लिए आरक्षित करने जैसी पांच बड़ी घोषणाएं की गईं।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं हमारे देश की आधी आबादी हैं, लेकिन दुख के साथ कहना पड़ता है कि उन्हें पिछले दस



सालों में कुछ नहीं मिला। मोदी सरकार ने सिर्फ महिलाओं की मुश्किलें बढ़ाई हैं। महिलाओं के नाम पर सिर्फ राजनीति और उनसे वोट लेने का काम हुआ है। चाहे महिला आरक्षण का जुमला हो, बढ़ती महंगाई हो, रिकॉर्ड बेरोजगारी हो, बढ़ते अपराध हो। इन सभी मुद्दों का असर सबसे ज्यादा महिलाओं पर होता है। इन सभी पर मोदी सरकार पूरी तरह फेल शेष पेज 8 पर

**पहली घोषणा महालक्ष्मी गारंटी**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि 'नारी न्याय' गारंटी के अंतर्गत कांग्रेस पार्टी पांच घोषणाएं कर रही है। पहली घोषणा महालक्ष्मी गारंटी है, इसके तहत गरीब परिवार की एक महिला को सालाना एक लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। दूसरी घोषणा आधी आबादी-पूरा हक है, इसके तहत केंद्र सरकार की नई नियुक्तियों में आधा हक महिलाओं को मिलेगा। तीसरी घोषणा शक्ति का सम्मान है, इस योजना के तहत आंगनबाड़ी, आशा और मिड डे मील वर्कर के मासिक वेतन में केंद्र सरकार का योगदान दोगुना होगा। चौथी घोषणा अधिकार मैत्री के तहत हर पंचायत में महिलाओं को शेष पेज 8 पर

**कांग्रेस के वादे जुमले नहीं होते**

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इसके पहले कांग्रेस ने भागीदारी न्याय, किसान न्याय और युवा न्याय घोषित किए हैं। ये कहने की जरूरत नहीं है कि कांग्रेस की गारंटी खोखले वादे और जुमले नहीं होते। कांग्रेस का कहा पत्थर की लकीर होती है। यही कांग्रेस का 1926 से अब तक का रिकॉर्ड है, जब हमारे विरोधियों का जन्म हो रहा था, तब से कांग्रेस घोषणा पत्र बना रही है और उन घोषणाओं को पूरा शेष पेज 8 पर




## खबर संक्षेप

### पौने दो लाख लूटकर बदमाश हुए फरार



**गाजियाबाद।** थाना कविनगर इलाके में एक व्यक्ति से मोटर साइकिल सवार दो बदमाशों ने पौने दो लाख रुपए लूट लिए और फरार हो गए। इस संबंध में व्यक्ति रमेश गुप्ता ने पुलिस को सूचना दी कि जब वह अपने ऑफिस जा रहे थे तो ऑफिस में प्रवेश करते समय दो अज्ञात बाइक सवार द्वारा उनका बैग छीन लिया गया। उस बैग में एक लाख 75 हजार रुपए व कुछ कागजात होना बताया गया है।

### दो बाल अपचारियों समेत 4 शातिर चोर गिरफ्तार



**गाजियाबाद।** थाना मोदीनगर पुलिस टीम ने मंदिर परिसर में चोरी करने वाले 2 बाल अपचारी सहित 4 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी किए पूजा के सामान सहित, चोरी की गई स्कूटी भी बरामद की है। पुलिस ने बताया कि कपड़ा मिल मोदीनगर स्थित साई मंदिर परिसर से अज्ञात चोर द्वारा चोरी करने के संबंध में तहरीर दी गई थी। जिस पर तत्काल सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

### तस्कर गिरफ्तार, 30 लाख की शराब बरामद



**गाजियाबाद।** क्राइम ब्रांच पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी करने वाले अन्तर्राज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। एडीसीपी क्राइम ब्रांच सच्चदानन्द ने बताया कि उसके कब्जे से पंजाब राज्य की विभिन्न ब्राण्ड की अवैध अंग्रेजी शराब व बीयर की तस्करी कर लाई जा रही कुल 501 पेटी बरामद हुई। बरामद शराब की अनुमानित कीमत लगभग 30 लाख रुपए है।

### धूमधाम से मनाया अजय चौटाला का जन्मदिवस



**गुरुग्राम।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया। जेजेपी के युवा प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज बंधवाड़ी की टीम ने प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला को ग्वालपहाड़ी में रुकवाकर मनोज बंधवाड़ी की टीम ने ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया।

### 7 पेटी देशी शराब बरामद

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच बॉर्डर प्रभारी जितेंद्र की टीम ने 7 पेटी देशी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम अंकित है जो फरीदाबाद की राजीव कॉलोनी का रहने वाला है और दसवीं कक्षा तक पढ़ा हुआ है। क्राइम ब्रांच की टीम ने उसे झाड़ सेतली अंडरपास से स्कूटी पर अवैध शराब ले जाते काबू किया था। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

---

मानव रचना, यूके एलीट स्पोर्ट्स ग्रुप, एचएसडीसी के बीच हुआ दौरा

# मानव रचना शैक्षणिक संस्थान ने यूके से आए छात्रों के 17 दिन के दौरे की मेज़बानी की, मेहमानों ने विभिन्न गतिविधियों में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

मानव रचना शैक्षणिक संस्थान ने यूके सरकार की ट्यूरिंग योजना के तहत हैवंत एंड साउथ डाउन्स कॉलेज यूके से आए छात्रों के प्रतिनिधि मंडल की मेज़बानी की। 20 फरवरी से 7 मार्च 2024 तक यूके एलीट स्पोर्ट्स ग्रुप के सहयोग से आयोजित हुए इस दौरे का उद्देश्य खेलकूद, मीडिया और सांस्कृतिक अनुभव के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना रहा।

मानव रचना परिसर में विदेशी प्रतिनिधियों के पहुंचने पर उनका गर्मजोशी के साथ तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसके बाद उन्हें परिसर का दौरा कराया गया। इस दल का नेतृत्व टीम लीडर जूलियो ने किया।



#### भारतीय संस्कृति की दी जानकारी

दल में असिस्टेंट प्रिंसिपल एचएसडीसी आरोन बट्सन, एजुकेशनल विजिट कोऑर्डिनेटर बॉबी क्राउन, सीओओ यूकेई एसजीएएचएसडीसी लखबीर सिंह सहित 16 छात्र व संकाय सदस्य शामिल रहे। दौरे के दौरान विदेशी मेहमानों को भारतीय संस्कृति की समझ और ज्ञान प्रदान करने के लिए कई तरह की गतिविधियों का आयोजन किया गया।

#### स्थानीय बाजार का दौरा करवाया

दौरे के दौरान प्रतिनिधियों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। इसमें इसमें पाक सत्र, मीडिया कार्यशालाएं, शूटिंग रेंज अनुभव, रचनात्मक कार्यशालाएं, भांगड़ा सत्र के साथ मानव रचना स्पोर्ट्स साइंस सेंटर में स्पोर्ट्स असेसमेंट सत्र भी शामिल रहा। अपने प्रवास के दौरान विदेशी मेहमानों को स्थानीय बाजारों का दौरा भी कराया गया। विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ भारतीय संस्कृति को नजदीक से समझने का मौका दिया गया।

#### अरावली में करवाई ट्रैकिंग

प्रतिनिधियों को ताज महल और अक्षरधाम जैसे प्रतिष्ठित स्थलों का दौरा कराया गया, साथ ही एडोब एक्सपर्ट के साथ डिजाइन थिंकिंग कार्यशाला में भाग लेने का भी मौका मिला। वहीं स्पोर्ट्स जर्नलिज्म कार्यशाला में भारत के अग्रणी खेल पत्रकारों के साथ खेल पत्रकारिता की बारीकियां जानने का अवसर दिया गया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को अरावली रेंज में ट्रैक कराने के साथ ही परिसर में नियमित योग और ध्यान सत्र में भागीदार बनाया गया।

#### सितंबर 2023 में बनी थी रूपरेखा

इस दौरे की रूपरेखा सितंबर 2023 में बनाई गई थी, जब यूके की टीम ने मानव रचना परिसर आकर चार दिनों तक व्यापक जानकारी जुटाते हुए विविध मुद्दों पर चर्चा की थी। यह दौरा अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने में एमआरईआई के उपाध्यक्ष डॉ. अमित भल्ला के दृष्टिकोण के कारण संभव हुआ है। इसके सफल संचालन में डॉ. हनु भारद्वाज, डायरेक्टर, करियर डेवलपमेंट (सीआरसीडीसी), श्रीमती अंबिका वासुदेव, हैड करियर एडवांसमेंट, सीआरसीडीसीय अगम तलवार प्रशासक खेल एमआरईआई ने परियोजना की अवधारणा और कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

---

एसडीएम शिखा अंतिल ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कहा

# अपने क्षेत्र के बूथों का जरूर करें निरीक्षण मतदाताओं की सुविधाओं का रखें ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

आगामी 18वीं लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारियों को लेकर विधानसभा स्तरीय एफएसटी और एसएसटी टीमों के लिए आयोजित कार्यशाला में एसडीएम शिखा अंतिल ने केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा दिए गए निर्देशानुसार चुनावों को निष्पक्षता और पारदर्शिता से कराने की बात कही।

- *संवेदनशील व अति संवेदनशील वाले बूथों की पूरी जानकारी रखें*
- *बूथों पर बिजली, पानी, बाथरूम, रैम्प की सुविधाएं सुनिश्चित करें*

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र की एईआरओ कम एसडीएम शिखा अंतिल की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में आगामी 18वीं लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारियों को लेकर विधानसभा स्तरीय एफएसटी और एसएसटी टीमों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। एसडीएम शिखा अन्तिल ने सेक्टर ऑफिसर्स को 18वीं लोकसभा चुनाव की तैयारियों के लिए भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार चुनाव को पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता से करवाने के लिए टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि सेक्टर ऑफिसर्स अपने अपने क्षेत्र के बूथों का जरूर निरीक्षण करें।

एसडीएम ने अधिकारियों से कहा कि वे संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथों की पूरी जानकारी से अपडेट रहे। बूथों पर बिजली, पानी, बाथरूम, रैम्प सहित अन्य जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित हों, इस बात का पूरा ध्यान रखें।



#### सी विजिल ऐप की दी जानकारी

एसडीएम शिखा अंतिल ने कार्यशाला में आचार संहिता लागू होने के तुरंत बाद क्रियान्वित हो जाने वाले एप सी विजिल, एसएमएस और एनकोर एप से संबंधित जानकारी विस्तारपूर्वक दी। उन्होंने एफएसटी और एसएसटी टीमों को सी विजिल, एसएमएस और एनकोर एप के बारे में बताया कि यह ऐप आदर्श आचार संहिता लगने के तुरंत बाद ही एक्टिव हो जाते हैं। ये ऐप आचार संहिता का किसी भी तरह से उल्लंघन न हो इस पर नजर रखते हैं।

#### शिकायतों का 100 मिनिट में समाधान होता है

शिखा अंतिल ने बताया कि इन एपों के माध्यम से कोई भी नागरिक आदर्श संहिता का उल्लघन होने की शिकायत दर्ज करा सकता है, जिस पर उस शिकायत का 100 मिनट में एफएसटी व एसएसटी टीमों द्वारा समाधान कर दिया जाता है। इन एपों के माध्यम से चुनाव लडने वाले उम्मीदवारों को ऑनलाईन माध्यम से किसी भी तरह की परमिशन तथा एनओसी भी दी जाती है।

#### नाकों पर भी रखें ध्यान

एसडीएम ने टीमों को सड़क मार्गों पर लगाए जाने वाले नाकों पर भी आचार संहिता का उल्लंघन न हो इस बारे भी जरूरी जानकारी दी गई। उन्होंने चुनाव संबंधी विभिन्न जानकारियां देते हुए इन एपों सहित सभी विचारणीय पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी तथा चुनाव आचार संहिता से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला के दौरान विभिन्न सवालों व शंकाओं के जवाब भी दिए गए।

---

लोकसभा चुनाव में फरीदाबाद जिले के

# 23 हजार 163 युवा करेंगे पहली बार मतदानः सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



**छह विधानसभा क्षेत्रों में हैं कुल 16 लाख 96 हजार 789 मतदाता**

फरीदाबाद जिले के कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े प्रजातंत्र के सबसे बड़े पर्व यानी 18वीं लोकसभा चुनाव में जिला फरीदाबाद के 23 हजार 163 युवा पहली बार मतदान करेंगे।

विक्रम सिंह ने बताया कि जिला फरीदाबाद के छह विधान सभा क्षेत्रों में फिलहाल 16 लाख 96 हजार 789 मतदाता हैं। विधानसभा क्षेत्र के हिसाब से कुल मतदाताओं में पृथला विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 18 हजार 645 मतदाता हैं। फरीदाबाद एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में कुल 03 लाख 192 मतदाता हैं। बड़खल विधानसभा क्षेत्र में कुल 03 लाख 14 हजार 694 मतदाता हैं। बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 62 हजार 192 मतदाता हैं। फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 54 हजार 485 मतदाता हैं। वहीं तिगांव विधानसभा क्षेत्र में 03 लाख 46 हजार 581 मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद जिला में 18 से 19 आयु वर्ग के कुल 23 हजार 163 मतदाता हैं।

डीसी विक्रम सिंह ने कहा भारत में लोकसभा चुनाव विश्व में लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व होता है। हर संभव प्रयास रहा है कि अभियान में हर पात्र युवा का वोट बनवाया जाए।

#### चुनावों को लेकर युवा अधिक उत्साहित

सिह ने बताया कि 18वीं लोकसभा चुनाव को लेकर यदि सबसे अधिक उत्साहित मतदाता हैं तो सबसे ज्यादा युवा मतदाता हैं, जोकि पहली बार अपने मत का प्रयोग करने वाले हैं। पृथला विधानसभा क्षेत्र में 3318 नए युवा मतदाता हैं। फरीदाबाद एनआईटी विधान सभा क्षेत्र में 3947 युवा मतदाता हैं। जो पहली बार अपने पसंद का जनप्रतिनिधि का चुनाव मतदान के जरिये करेंगे। बड़खल विधानसभा क्षेत्र में 4233 युवा मतदाता हैं। बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 3787 युवा मतदाता हैं। फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में 3258 युवा मतदाता हैं। वहीं तिगांव विधानसभा क्षेत्र में 4820 युवा मतदाता मतदान करके अपनी पसंद का जन प्रतिनिधि चुनेंगे।

---

युवा संसद कार्यक्रम में उदय प्रकाश ने कहा

# भारत टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में विकसित देशों को टक्कर दे रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नेहरू युवा केंद्र गाजियाबाद युवा कार्यक्रम खेल विभाग भारत सरकार के तत्वाधान में जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन भगवती इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस मसूरी में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन इंस्टिट्यूट के निदेशक अनिरुद्ध विश्वास तथा नेहरू युवा केंद्र के रिटायर्ड संयुक्त निदेशक उदय प्रकाश सिंह एवं रिटायर्ड उपनिदेशक राजेश जादौन ने दीप प्रज्वलित कर किया।

उपनिदेशक देवेंद्र कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न स्तरों पर युवाओं को



संस्थागत मंच बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है जहां युवा विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त कर सकें और स्थानीय प्रशासन का ध्यान अपने जीवन को प्रभावित करने वाले ऐसे मुद्दों एवं चिताओं की ओर आकर्षित कर सकें। कार्यक्रम में प्रकाश तिवारी, रोहन कुमार तथा आंचल ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

---

बिजली कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

# लंबित मांगों को पूरा नहीं करने पर नारेबाजी कर रोष प्रकट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बिजली निगम की बल्लभगढ़ डिवीजन सेक्टर-6 के प्रांगण में कर्मचारियों ने लामबंद होकर कार्यकारी अभियंता बल्लभगढ़ के खिलाफ हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन के बैनर तले यूनिट प्रधान मदन गोपाल शर्मा की अध्यक्षता में जोरदार नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। मंच का संचालन बल्लभगढ़ यूनिट के सचिव सुरेन्दर शर्मा ने किया।

कर्मचारी नेताओं का आरोप है कि बिजली कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के मुद्दे पर कार्यकारी अभियंता संजय कुमार मंगला को एचएसईबी वर्कर यूनियन की ओर



से मांग पत्र दिया गया था किंतु कार्यकारी अभियंता के गैर जिम्मेदाराना रवैये के चलते यूनियन को मजबूरन विरोध प्रदर्शन का रास्ता अख्तियार करना पड़ा है।

शर्मा ने कहा कि फील्ड में काम करने वाले कर्मचारियों को उपकरण की भारी कमी व हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत काम कर रहे आउटसोर्सिंग कर्मियों के चिरायु योजना में राशि काट ली है। पर योजना के कार्ड नहीं बने हैं।

---

डबुआ पुलिस ने वैली पार्क में चलाया अभियान

# सड़क सुरक्षा और साइबर क्राइम के बारे में आमजन को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

डबुआ थाना प्रभारी की टीम ने लेजर वैली पार्क में युवाओं को साइबर सुरक्षा, महिला व बाल अपराध, सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए नशा तस्करों को पकड़वाने के लिए जागरूक किया है। थाना की टीम लेजर वैली पार्क पहुंची जहां पर मौजूद आमजन को सामाजिक विषयों के बारे में जागरूक किया गया।

एसीपी साइबर अभिमन्यु गोयल ने बताया कि साइबर अपराधियों द्वारा साइबर ठगी के विभिन्न तरीकों जैसे टास्क पूरा करने के नाम पर कुछ मिनट में ही लोन देने का लालच देकर, घर बैठे लोन उपलब्ध करवाने, फर्जी ऐप डाउनलोड



करवाकर, क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढवाने के नाम पर, घर बैठे कमाने का लालच, फ्री गिफ्ट, लॉटरी लगवाने के नाम पर, वाउचर जीतने के नाम पर, केवाईसी के नाम पर, बैंककर्मी या किसी कंपनी के अधिकारी बनकर, विदेश भेजने के नाम पर, बड़ी कंपनी या एयरपोर्ट पर नौकरी लगवाने के नाम पर, अश्लील वीडियो कॉल रिकॉर्ड से ब्लैकमेल कर इत्यादि के नाम पर लोगो के साथ साइबर फ्रॉड किया जाता है।

#### हेल्पलाइन 1930 पर दर्ज करें शिकायत

गोयल ने कहा कि इस तरह के किसी भी झांसे में नहीं आए और इस तरह की कोई कॉल आए तो डिस्कनेक्ट कर दें। आपके साथ कोई फ्रॉड होता है तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करें।

---

फरीदाबाद पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

डीसीपी ट्रैफिक ने स्वयं कई स्थानों पर की चैकिंग

# नियमों का पालन नहीं कर रहे 562 वाहनों का काटा चालान, लगाया 3 लाख रु. का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस आयुक्त राकेश आर्य के आदेश और डीसीपी ट्रैफिक उषा देवी के निर्देशानुसार एसीपी ट्रैफिक जितेश मल्होत्रा के मार्गदर्शन में फरीदाबाद की यातायात और थाना पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के चालान काटे गए हैं। डीसीपी ट्रैफिक ने बीके तथा अजरौंदा चौक सहित कई स्थानों पर खुद जाकर वाहनों की चेकिंग की वहीं डीसीपी सहित एसीपी व अन्य पुलिस अधिकारियों ने भी आमजन को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया। फरीदाबाद पुलिस द्वारा आमजन को यातायात नियमों का पालन करने के लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कैंप आयोजित किए जाते हैं और वाहन चालकों को यातायात तथा सड़क सुरक्षा नियमों का पाठ पढ़ाया जाता है।



#### सीसीटीवी कैमरे से की जा रही मॉनिटरिंग

स्मार्ट सिटी में सीसीटीवी कैमरे से यातायात की मॉनिटरिंग की जाती है और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों की पहचान करके उनके चालान ऑनलाइन काटे जा रहे हैं। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से कल यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 306 वाहन चालकों के चालान काटे गए थे।

#### संदिग्ध वाहनों की विशेष चेकिंग

पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के आदेशानुसार फरीदाबाद पुलिस द्वारा गाड़ियों पर ब्लैक फिल्म लगाने वाले बिना नंबर प्लेट तथा बिना पैटर्न यह हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट न लगाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया जिसमें फरीदाबाद पुलिस द्वारा उक्त यातायात नियमों सहित अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के कुल 562 चालान काटकर 3 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। इसके साथ ही संदिग्ध वाहनों को विशेष तौर पर चेक किया गया और यातायात नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर उनके चालान काटे गए।

---

### सैनी के सीएम बनने पर लड्डू बांटे

**फरीदाबाद।** नायब सिंह सैनी का हरियाणा के सीएम बनने पर वकीलों ने कोर्ट परिसर में लड्डू बांटे। कोर्ट परिसर सैक्टर-12 में सैनी समाज से जुड़े सैकड़ों वकीलों ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाई दी। पूर्व महासचिव सतवीर शर्मा ने कहा कि प्रदेश में पहली बार सैनी समाज का सीएम बनने पर खुशी का दिन है। बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा के पूर्व मनोनीत सदस्य शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने भी बधाई दी।


हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विद्यालय शिक्षा बोर्ड हरियाणा, भिवानी | क्लाउड सर्वर आधारित एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) आवेदन हेतु वेंडर्स का पैनल तैयार करने के लिए। | 12.03.2024 02.04.2024 | 3 करोड़ | http://www.bseh.org.in | 8168476169 asenr@bseh.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/25844/I/88/7 दि. 13.03.24

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियंता/कांक्रीट स्लीपर प्लांट, उत्तर रेलवे, खालिसपुर–वाराणसी द्वारा ई टेन्डर संख्या– सी.एस.पी.–के.एस.एफ._08_2023–24 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य के लिये खुली निविदा आमंत्रित किया जाता है जो दिनांक 03.04.2024 समय 15:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| क्रं. सं. | टेन्डर न0 | कार्य का नाम | मात्रा | टेन्डर फार्म की लागत | टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सी.एस.पी./के.एस.एफ._08_2023-24 | कांक्रीट स्लीपर प्लांट–उ0रे0, खालिसपुर – वाराणसी के अन्तर्गत विशेष पी. एस.सी. स्लीपरों बी.जी. 60के.जी. (यू.आई.सी.) एवं वाईडर बेस के लेविल क्रासिंग, गार्ड रेल, शार्प कर्व, स्कैटर्ड एवं नान स्टैन्डर्ड टर्न आउट स्लीपरों के उत्पादन से संबन्धित विभिन्न कार्य–कलापों के संपादन का कार्य जिसमें स्ट्रेस बेंचों को तैयार करने, कास्टिंग, क्यूरिंग, टेस्टिंग, लीकिंग, डीलीकिंग, लोडिंग प्वाइंट तक ढूलाई और बी.एफ.आर./ट्रको इत्यादि पर लदाई, जैसा कि निविदा में दिये कार्य–मानक में विवरण दिया गया है, का कार्य शामिल है, का कांक्रीट स्लीपर प्लांट–उ0रे0, खालिसपुर – वाराणसी संपादन कार्य। | शेड्यूल के अनुसार | 0.00 | 03.04.2024 at 15:00 hrs. | 1,60,56,533.40 | 2,30,300.00 | 12 माह |

नोटः ई –प्रोक्योरमेंट टेंडर से ऊपर के डॉक्यूमेंट की पूरी जानकारी के साथ वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
टेन्डर न0– सी.एस.पी.–के.एस.एफ._08_2023–24 दिनांक 12.03.2024 786/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

# विकसित भारत विकसित दिल्ली

# मोदी सरकार की गारंटी

## दिल्ली मेट्रो रेल परियोजना (फेज़-IV)

## ₹8,400 करोड़ लागत के दो नए कॉरिडोर

लाजपत नगर - साकेत जी ब्लॉक | इंद्रलोक - इंद्रप्रस्थ

का

## शिलान्यास



# श्री नरेन्द्र मोदी

## माननीय प्रधानमंत्री

### के कर-कमलों द्वारा

गुरुवार, 14 मार्च 2024 | समय: सांय 5:00 बजे

(वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से)

गरिमामयी उपस्थिति

## श्री हरदीप सिंह पुरी

केंद्रीय मंत्री, आवासन एवं शहरी कार्य और
पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस



## प्रमुख विशेषताऐं

8.4 किलोमीटर लंबे लाजपत नगर से साकेत जी ब्लॉक कॉरिडोर में 8 मेट्रो स्टेशन होंगे - लाजपत नगर, एंड्रयूज गंज, ग्रेटर कैलाश -1, चिराग दिल्ली, पुष्पा भवन, साकेत डिस्ट्रिक्ट सेंटर , पुष्प विहार और साकेत जी ब्लॉक।

लाजपत नगर से साकेत जी ब्लॉक कॉरिडोर गोल्डन , मैजेंटा, पिंक और वॉयलेट लाइनों को लाजपत नगर (वायलेट और पिंक लाइनों के साथ), चिराग दिल्ली (मैजेंटा लाइन के साथ) और साकेत जी ब्लॉक (गोल्डन लाइन के साथ) में इंटरचेंज के साथ जोड़ेगा।

12.4 किलोमीटर लंबे इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ कॉरिडोर में 10 मेट्रो स्टेशन होंगे - इंद्रलोक, दया बस्ती, सराय रोहिल्ला, अजमल खान पार्क, नबी करीम, नई दिल्ली, एलएनजेपी अस्पताल, दिल्ली गेट, दिल्ली सचिवालय और इंद्रप्रस्थ।

इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ कॉरिडोर रेड, येलो, एयरपोर्ट एक्सप्रेस, मैजेंटा, वायलेट और ब्लू लाइनों को इंद्रलोक (ग्रीन और रेड लाइन के साथ), नबी करीम (मैजेंटा लाइन के साथ), नई दिल्ली (येलो और एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइनों के साथ), दिल्ली गेट (वायलेट लाइन के साथ) और इंद्रप्रस्थ (ब्लू लाइन के साथ) में इंटरचेंज के साथ जोड़ेगा।

लगभग 2.5 लाख यात्री इन नई लाइनों का लाभ उठा सकेंगे।

यह दो कॉरिडोर कारोबार को बढ़ावा देंगे और दिल्ली गेट, नई दिल्ली, नबी करीम और दक्षिण दिल्ली के क्षेत्र जैसे एंड्रयूज गंज, पुष्प विहार और साकेत के आस-पास कनेक्टिविटी प्रदान करेंगे।

इन लाइनों पर मेट्रो कनेक्टिविटी से यात्रा में लगने वाले समय, प्रदूषण और सड़क जाम में कमी आएगी।

सबसे उन्नत 'चालक रहित ट्रेन संचालन' तकनीक से सुसज्जित ट्रेनें।

### लाजपत नगर – साकेत जी ब्लॉक




### इंद्रलोक – इंद्रप्रस्थ




डीडी न्यूज पर सीधा प्रसारण देखें DD NEWS





डॉक्टर्स सजेशन

**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब चेहरे पर नजर आए डलनेस



**मेरी उम्र 33 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरे चेहरे की चमक डल होती जा रही है। ऐसा क्यों हो रहा है? डाइट में क्या-क्या शामिल करूं, जिससे चेहरे की डलनेस कम हो? कृपया सजेस्ट करें?**

**-रंजीत, रोहतक**

आप अपनी डाइट में न्यूट्रिशियस फूड आइटम्स शामिल करें। साथ ही नियमित रूप में मौसमी फलों का सेवन भी जरूर करें। दोपहर के खाने में सलाद और दही जरूर लें। अपनी डाइट में फाइबर्स अधिक शामिल करें। इस तरह कुछ समय तक न्यूट्रिशियस डाइट लेने से चेहरे पर चमक वापस आ जाएगी।

**मेरी उम्र 46 वर्ष है। मुझे हल्का डायबिटीज है। क्या मुझे बिल्कुल मीठा नहीं लेना चाहिए या फल ले सकता हूं? लोगों के सुझाव ने भ्रमित कर दिया है, कृपया मेरी समस्या का समाधान करें।**

**-भवेश, रायपुर**

जैसा आप बता रहे हैं कि आपको हल्की डायबिटीज है, इसलिए आप खान-पान में खास सावधानी बरतें, ताकि डायबिटीज ज्यादा ना बढ़े। खाने में आलू और चावल का सेवन कम से कम मात्रा में करें। फल में आप सेब खा सकते हैं। बहुत ज्यादा मीठे फल ना खाएं। अपना शुगर लेवल चेक करते रहें, साथ ही नियमित रूप में सुबह-शाम आप सैर जरूर करें। इससे डायबिटीज कंट्रोल में रहेगी।

**मेरी उम्र 52 वर्ष है। ग्रीन टी पीने के कई फायदे सुनता-पढ़ता हूं। क्या सामान्य चाय के बजाय इसे पीना फायदेमंद है? यह भी बताएं कि ग्रीन टी दिन में कितनी बार पी सकते हैं?**

**-दिलजीत, भोपाल**

जी बिल्कुल, सामान्य दूध वाली चाय के मुकाबले ग्रीन टी पीना फायदेमंद होता है। यह स्वास्थ्य के लिए कई तरह से लाभदायक है, इसके सेवन से ताजगी बढ़ती है, पाचन क्रिया भी दुरुस्त रहती है। इसलिए आप ग्रीन टी पी सकते हैं। एक दिन में दो से तीन बार ग्रीन टी पीना लाभदायक रहेगा।

**मेरी उम्र 39 वर्ष है। मुझे डिनर के बाद मीठा खाने का मन करता है। डिनर में डेजर्ट्स में क्या ले सकता हूं, जिससे वजन ना बढ़े और जो हेल्दी भी हो?**

**-आकाश, जबलपुर**

आप रात में अगर डिनर के बाद शुगर से बनी कोई स्वीट डिश या किसी तरह की मिठाई खाएंगे तो निश्चित रूप में आपका वजन बढ़ेगा। बाजार में ड्राई फ्रूट्स से बनी बहुत सारी मिठाइयां उपलब्ध रहती हैं। आप सामान्य मिठाई के बजाय उनका सेवन कर सकते हैं। इस तरह आप स्वीट डिश खा सकते हैं और आपका वजन भी नहीं बढ़ेगा।

**मेरी उम्र 59 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरे पैर के पंजे में सूजन दिख रही है। ऐसा क्यों हो रहा है, यह किसी गंभीर बीमारी के लक्षण तो नहीं, मुझे क्या करना चाहिए?**

**-हरकिशन, बिलासपुर**

आपकी समस्या सुनकर लग रहा है कि आपको तुरंत शुगर की जांच करवानी चाहिए। क्योंकि शुगर बढ़ने पर पैरों में सूजन देखी जाती है। आप जनरल फिजिशियन से संपर्क करें। वह जांच करेंगे। अगर रिपोर्ट नॉर्मल आती है तो डॉक्टर और भी कुछ जांच करवाएंगे, जिससे सूजन का कारण पता चलेगा और उसका उपचार हो सकेगा।

**मेरी उम्र 57 वर्ष है। पिछले कुछ हफ्तों से मेरी सूंघने की क्षमता बहुत कम हो गई है। मुझ सर्दी और जुकाम नहीं है। ऐसा क्यों हो रहा है, मुझे किस डॉक्टर से ट्रीटमेंट करवाना चाहिए?**

**-धमेंद्र, महेंद्रगढ़**

हालांकि मौसम बदलने के दौरान इस तरह की शिकायत काफी लोगों में देखी जाती है, लेकिन जैसा आप बता रहे हैं कि आपकी सूंघने की क्षमता कमजोर हो रही है तो बेहतर होगा कि एक बार आप जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लें। वे कुछ टेस्ट्स करवाएंगे और उस आधार पर आगे आपका ट्रीटमेंट करेंगे। वैसे अभी ऐसी चिंता की कोई बात नहीं लग रही है। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**



## स्पेशलः वर्ल्ड किडनी डे

डॉक्टर्स एडवाइस

गलत लाइफस्टाइल, डाइट हैबिट या अन्य कुछ बीमारियों की वजह से किडनी डिजीज के केसेस अब काफी बढ़ने लगे हैं। किडनी फंक्शन सही ना रहने से कई तरह की शारीरिक समस्याएं होने लगती हैं। ऐसे में यह बहुत जरूरी है कि किडनी संबंधी रोगों के कारण, इसके लक्षण और इससे बचाव के तरीकों के बारे में आप जानें। आपके लिए एक्सपर्ट डॉक्टर्स के सजेशंस।

# किडनी डिजीज को लेकर ना बरतें जरा भी लापरवाही





किडनी इंसानी शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। किडनी रोगों की वजह से हर साल बड़ी संख्या में लोग अपनी जान गंवा देते हैं, वहीं दूसरी तरफ किडनी फेलियर के बढ़ते मामलों के कारण किडनी ट्रांसप्लांट की जरूरत भी तेजी से बढ़ती ही जा रही है। इसीलिए इस महत्वपूर्ण अंग के महत्व को समझाने और इसकी केयर के प्रति अवेयर करने के लिए हर साल मार्च के महीने में दूसरे गुरुवार को वर्ल्ड किडनी डे मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य, किडनी के शरीर में उल्लेखनीय कार्यों और महत्व के बारे में जागरूकता को बढ़ाना है।

### किडनी रोग के कारण-लक्षण

किडनी में तरह-तरह के रोग होने के कारण और लक्षण क्या-क्या होते हैं, इस बारे में पूछने पर धर्मशिला नारायणा सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली में डायरेक्ट एंड सीनियर कंसल्टेंट नेफ्रोलॉजी **डॉ. एल.के. झा** बताते हैं, 'किडनी के रोगग्रस्त होने के लक्षण हैं- बार-बार यूरिन आना, यूरिन पास करते समय दर्द या तेज जलन होना, यूरिन के साथ ब्लड आना, घुटनों, पैरों और अंगुलियों में सूजन होना, आंखों के आस-पास सूजन होना, कुछ भी खाने की इच्छा ना होना, शरीर की मांसपेशियों में दर्द महसूस होना आदि। जहां तक इसके कारणों का सवाल है तो घुटनों, पैरों और अंगुलियों में सूजन की वजह शरीर में प्यूरिन की मात्रा बढ़ना होता है। इस वजह से शरीर में यूरिक एसिड का लेवल भी बढ़ जाता है। इससे किडनी, यूरिक एसिड को फिल्टर करने में असमर्थ होने लगती है। अन्य कारणों में यूटीआई होना, किडनी स्टोन होना, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, पुरुषों में बढ़ा हुआ प्रोस्टेट, महिलाओं में गर्भावस्था, किसी दवा या बीमारी के कारण शरीर की इम्यूनिटी का कमजोर हो जाना और खराब लाइफस्टाइल आदि किडनी रोगों के कारण हो सकते हैं। ऐसे में आपको किडनी रोगों के लक्षणों के प्रति जागरूक रहना चाहिए और बचाव के उपायों को अपनाना चाहिए।'

### किडनी रोगों से बचाव के तरीके



किडनी रोगों से बचाव कैसा किया जा सकता है, इस बारे में श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली में चीफ एंड सीनियर कंसल्टेंट-नेफ्रोलॉजी **डॉ. राजेश अग्रवाल** बताते हैं, 'किडनी रोगों से बचाव के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है, जैसे- पेन किलर कम से कम लें, बिना डॉक्टर से कंसल्ट किए पेन किलर ना लें, मोटापे पर कंट्रोल करें, किडनी की समस्या से संबंधित अगर कोई फैमिली हिस्ट्री है तो समय-समय पर किडनी फंक्शन टेस्ट (केएफटी) करवाते रहें। साथ ही डॉक्टर से समय-समय पर परामर्श लेते रहें। शरीर को अधिक से अधिक मात्रा में हाइड्रेट रखने से किडनी को टॉक्सिंस निकालने में सहायता मिलती है, इसलिए दिन भर में आपको दो से तीन लीटर पानी जरूर पीना चाहिए। अधिक मात्रा में प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों का और प्रोटीन सप्लीमेंट्स का सेवन ना करें, ऐसा करने से आपकी किडनी पर दबाव पड़ता है और उसकी कार्य प्रणाली प्रभावित होती है। धूम्रपान और शराब का सेवन भी किडनी की क्रियाशीलता पर विपरीत प्रभाव डालता है। इसलिए किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहें।'

### इन बातों का भी रखें ध्यान

किडनी रोगों से बचाव पर ही बात करते हुए नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम में डायरेक्टर एंड सीनियर कंसल्टेंट-नेफ्रोलॉजी **डॉ. सुदीप सिंह सचदेव** कहते हैं, 'डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर के रोगियों को किडनी रोगों से बचाव के लिए अपने शरीर में ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की नियमित निगरानी रखनी चाहिए। दर्द निवारक दवाइयों का अधिक सेवन भी किडनी पर नकारात्मक प्रभाव डालता है, इसलिए इससे भी बचना चाहिए। साथ ही किडनी में किसी भी तरह की समस्या महसूस होने पर नेफ्रोलॉजिस्ट डॉक्टर से संपर्क करने में देर नहीं करना चाहिए।'

### डायबिटीज-हाई बीपी से गहरा संबंध



क्रॉनिक किडनी रोग का डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर के साथ गहरा संबंध है। वर्ल्ड किडनी डे, डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर वाले रोगियों की क्रॉनिक किडनी रोग के प्रति जरूरी जांच को भी प्रोत्साहित करता है। इस दिन को मनाने का प्रयास यह रहता है कि अधिक से अधिक लोग किडनी की हेल्थ के बारे में जागरूक रहें। *

उपयोगी औषधि

## किडनी रोगों में कारगर है गोखरू



गोखरू या गोक्षुर एक छोटा सा क्षुप (झाड़ीनुमा पौधा) है। यह जमीन पर फैलता है और जब मानसूनी बारिश होती है, यह अपने आप उग आता है। यह एक जड़ी-बूटी है। आयुर्वेद में इसका इस्तेमाल वात, पित्त और कफ को नियंत्रित करने के लिए रामबाण के तौर पर किया जाता है। गोखरू का फल, पत्ता और तना यानी इसके करीब-करीब सभी हिस्से जबरदस्त आयुर्वेदिक औषधि का भंडार होते हैं। इस पौधे की ऊंचाई कम होती है, इसलिए इसमें कई टेढ़े-मेढ़े तने निकले होते हैं। ये ऐसे भू-भाग में उगते हैं, जहां खूब झाड़ियां होती हैं।

क्षुप के बीज को गोखरू कहते हैं और इन्हें बाजार में इसी नाम से खरीदा जा सकता है। इसका वैज्ञानिक नाम ट्रिबुलस टेरेस्ट्रिस है। गोखरू का तरह-तरह की बीमारियों में सदियों से इस्तेमाल होता रहा है। गोखरू, आयुर्वेदिक दवाइयों का महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं, इसलिए ये बाजार में काफी महंगे भी बिकते हैं। गोखरू के औषधीय सेवन से महिला और पुरुषों में बांझपन की समस्या दूर होती है। इस औषधि में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। जिनमें क्वेरसेटन, केंफेरोल, सैपोनिन, सोडियम, पोटैशियम मुख्य रूप से शामिल होते हैं। इसके अलावा विटामिन ए, कैल्शियम और आयरन का भी यह अच्छा स्रोत है। गोखरू सीने में दर्द, एग्जिमा और बढ़े हुए प्रोस्टेट ग्लैंड के इलाज में भी कारगर है। इन तमाम वजहों के चलते इसे हेल्दी हर्ब में शुमार किया जाता है। मूत्र संबंधी रोगों और किडनी संबंधी रोगों में इसका औषधीय सेवन बहुत कारगर होता है। आयुर्वेद के अनुसार गोखरू में पोटैशियम और नाइट्रेट की मात्रा काफी अधिक होती है और इसमें मूत्रवर्धक गुण भी पाए जाते हैं। यह किडनी की पथरी को छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़कर उन्हें मूत्र मार्ग से बाहर निकालने में मदद करता है। इस तरह से देखा जाए तो गोखरू का नियमित सेवन किडनी की पथरी और किडनी से जुड़ी अन्य बीमारियों में बहुत फायदेमंद है। आयुर्वेद के दशमूल नामक दस औषधियों का जो समूह है, उसमें एक प्रमुख औषधि के रूप में गोखरू की भी मौजूदगी है। इसका इस्तेमाल क्वाथ और चूर्ण के रूप में किया जाता है। यह प्रोटीन से भरपूर जड़ी बूटी है। औषधीय इस्तेमाल के अलावा गोखरू का इस्तेमाल सौंदर्य सामग्री के रूप में भी किया जाता है और इसे स्वादिष्ट व्यंजन के रूप में भी बनाकर खाया जाता है।

ध्यान रहे, किसी भी रूप में इसका इस्तेमाल अपने आप नहीं करना चाहिए। हमेशा इसे किसी योग्य-अनुभवी आयुर्वेदाचार्य या वैद्य की सलाह पर ही सेवन किया जाना चाहिए वरना इससे कई समस्याएं भी हो सकती हैं। *

**-रेखा देशराज**

फिटनेस सीक्रेट / राहुल जेठवा

## मेरे लिए फुटबॉल खेलना जीने का एक तरीका है



आजकल की बिजी वर्कस्टाइल में तंदुरुस्ती पर ध्यान देना, उसे बनाए रखना महत्वपूर्ण है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए फिजिकल एक्टिविटी वाला कोई खेल खेलना जरूरी है। खेलों से हमारी शारीरिक गतिविधि बढ़ती है, साथ ही इससे मन का तनाव दूर होता है, मजा आता है और सामाजिक जुड़ाव बनता है। एंडटीवी के सीरियल 'अटल' में अवध बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभा रहे राहुल जेठवा भी स्वस्थ शरीर और जीवनशैली में खेलों की भूमिका को महत्वपूर्ण मानते हैं। अपने पसंदीदा खेल और तंदुरुस्ती के लिए इसके शारीरिक और मानसिक लाभ के बारे में राहुल बताते हैं, 'मेरा सबसे पसंदीदा खेल फुटबॉल है। मेरे लिए फुटबॉल सिर्फ एक खेल नहीं है, बल्कि जीने का एक तरीका है। यह मुझे स्थिर रखता है और ऊर्जा से भर देता है। इसे चाहे बीच पर मस्ती के लिए खेलूं या मैदान पर दोस्तों के साथ। फुटबॉल खेलने के कारण मैं दिनभर सक्रिय रहता हूं, इससे शरीर लचीला बनता है और मेरा स्टेमिना बढ़ता है। आज के दौर में दुनिया भर में बड़ी संख्या में लोग स्मार्टफोन, टैब या टीवी स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताते हैं, इनएक्टिव बने रहते हैं, इससे आलस से भर जाते हैं। ऐसे में बॉल का पीछा करने का रोमांच सबसे बढ़िया होता है। इसका मतलब सिर्फ मैच जीतने से नहीं है; यह अच्छी हेल्थ और आपसी बॉन्डिंग को बढ़ावा देकर जिंदगी में जीतना सिखाता है। फुटबॉल में टीम के साथ काम करने से दोस्ती निभाने की प्रेरणा मिलती है। हर किक और दौड़ मुझे जोश से भर देती है। मुझे पता रहता है कि यह मैं अपने शरीर और दिमाग की सेहत के लिए कर रहा हूं। इससे याद रहता है कि जिंदगी की सबसे बड़ी जीत सक्रिय रहने, आउटडोर जाने, हंसी-मजाक और दोस्ती के साथ खूबसूरत पल संजोने में है।' *



**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

डाइट

राजकुमार दिनकर

वैसे तो सभी फल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं। सभी में कोई ना कोई विशेष गुण होता है, लेकिन विशेष रूप से काले रंग के फल विटामिंस, एंटीबैक्टीरियल और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं। ऐसे ही कुछ काले फलों के बारे में जानिए।

# स्वास्थ्य के लिए लाभकारी काले फल



आमतौर पर रंग-बिरंगे फल-सब्जियों के गुणों के बारे में खूब चर्चा होती है। लेकिन कुछ ऐसे फल भी हैं, जो देखने में काले रंग के होते हैं, लेकिन पौष्टिकता और शरीर की इम्यूनिटी के लिए ये काले रंग वाले फल किसी वरदान से कम नहीं होते हैं।

**काला सेब :** काला सेब को ब्लैक डायमंड एप्पल भी कहा जाता है। सेहत के लिए इसे वाकई हीरा कहें तो इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं है। क्योंकि काले सेब में हीरे से भी कीमती खूबियां होती हैं। यह पौष्टिक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन ए और एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को जबरदस्त ढंग से बढ़ाते हैं। यह आंखों के लिए फायदेमंद है। शरीर के बढ़े कोलेस्ट्रॉल को कम करता है, लाल रक्त कोशिकाओं को बनाने और आयरन को अवशोषित करने में मददगार होता है। इस तरह काला सेब, हृदय के स्वास्थ्य के लिए बेहद शानदार माना जाता है। इसमें आयरन, विटामिन-बी12 के साथ भरपूर मात्रा में राइबोफ्लेविन भी पाया जाता है।

**काले अंगूर :** वैसे तो हरे अंगूर भी स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद हैं, लेकिन काले अंगूर का तो कहना ही क्या! इसमें कई तरह की खूबियां पाई जाती हैं। काले अंगूर दिल की बीमारियों के लिए फायदेमंद होते हैं। फेफड़े के कैंसर को रोकने में मददगार होते हैं। अल्जाइमर यानी याद्दाश्त गड़बड़ होने की बीमारी को रोकते हैं। काले अंगूर के सेवन से कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल में रहता है।

**काले जामुन :** शायद ही कोई ऐसा शख्स हो, जिसे काले जामुन खाना पसंद ना हो। बेहद स्वादिष्ट काले जामुन का हर हिस्सा भरपूर पौष्टिक होता है। इसकी गुठली बेर की तरह सख्त और ऊपर गुठली में लगा गूदा नरम और रसीला होता है। पेट के मरीजों के लिए जहां जामुन बहुत फायदेमंद होता है, वहीं डायबिटीज के मरीजों के लिए तो यह रामबाण है। जामुन ऐसा फल है, जिसका हर हिस्सा पौष्टिकता से भरपूर है। चाहे इसका गूदा हो, चाहे इसका रस हो या चाहे इसकी गुठली ही क्यों ना हो। इसलिए काले जामुन को डिवाइन फ्रूट यानी दैवीय फल भी कहा जाता है।

**ब्लैकबेरीः** भले खरीदने में ब्लैकबेरी बहुत महंगी हो, लेकिन इसकी कीमत को इसकी पौष्टिकता से आंकें तो यह ज्यादा नहीं लगेगी। ब्लैकबेरी में विटामिन-सी, विटामिन-ए, विटामिन-ई, विटामिन के और फाइबर भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। यह भी टाइप-2 डायबिटीज और दिल के रोगियों के लिए किसी रामबाण से कम नहीं। इसे खाने से स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर का खतरा कम होता है। ब्लैकबेरी कमाल का सुपर फ्रूट है।

**काले शहतूत :** काले शहतूतों में पैक्टिन नामक एक फाइबर पाया जाता है। यह फाइबर आंतों से स्टूल को आसानी से गुजरने में मदद करता है। मतलब यह कि शहतूत पाचन को दुरुस्त करता है। यह कब्ज, सूजन और पेट की ऐंठन से छुटकारा दिलाता है। काले शहतूत में विटामिन-ए, विटामिन-ई, पोटैशियम, फास्फोरस भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जिससे यह त्वचा के लिए बहुत अच्छा होता है। इसे नियमित खाने से त्वचा के दाग-धब्बे और खुरदुरापन दूर हो जाता है। *



# मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना तय है : ठाकुर

## कांग्रेस एवं आप के पूर्व विधायक एवं निगम पार्षद भाजपा में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं नेता विपक्ष एवं दक्षिणी दिल्ली लोकसभा प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी की उपस्थिति में बुधवार को कांग्रेस के पूर्व विधायक बलराम तंवर, बदरपुर से आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक नारायण दत्त शर्मा, पूर्व निगम पार्षद रमेश अम्बावत एवं दिल्ली सरकार के ओबीसी कमीशन के अध्यक्ष जगदीश यादव ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष सचदेवा ने सभी को पटका पहनाकर पार्टी में



शामिल किया। प्रेस वार्ता में प्रदेश महामंत्री हर्ष मल्होत्रा, उपाध्यक्ष गजेंद्र यादव एवं विनय रावत, मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल, कार्यालय मंत्री बृजेश राय, सह कार्यालय मंत्री अमित गुप्ता, पूर्व उपाध्यक्ष श्याम जाजू, पूर्व महापौर आरती मेहरा आदि उपस्थित थे। इस मौके पर भाजपा नेताओं ने केंद्र सरकार की योजनाओं की तारीफ की और दिल्ली सरकार पर निशाना साधा। इस अवसर पर अनुराग ठाकुर ने सभी का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सबका साथ सबका विकास मुहिम ने देश में सबको समग्र विकास दिया है और केन्द्र सरकार जाति, धर्म से ऊपर उठकर व्यक्ति की काबिलियत के आधार पर दायित्व देती है। उन्होंने कहा कि इस बार भी दिल्ली में कमल खिलेगा और देश भर में मोदी सरकार की विकासकारी नीतियों के कारण एक बार फिर से नरेन्द्र मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना तय है।

# लोकसभा की बाकी दो सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की बची पूर्व और उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट पर भाजपा ने बुधवार को अपने दो उम्मीदवारों का घोषणा कर दी। इसके बाद दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पूर्व दिल्ली से हर्ष मल्होत्रा और उत्तर पश्चिम दिल्ली से योगेंद्र चंदोलिया की उम्मीदवारी के ऐलान का स्वागत किया है। साथ ही सचदेवा ने कहा कि हम इस चुनाव को सकारात्मक एजेंडे के साथ लड़ेंगे और दिल्ली की सभी 7 सीटें जीतेंगे और केन्द्र को उपहार देंगे।

सचदेवा ने कहा है कि मैं अध्यक्ष के रूप में गर्व महसूस कर रहा हूं कि पार्टी के नेतृत्व ने सभी 7 उम्मीदवारों को मजबूत संगठनात्मक पृष्ठभूमि के साथ चुना है। इस चुनाव में हमारे



कार्यकर्ता अपने लिए लड़ेंगे क्योंकि सभी उम्मीदवार उनके दिल के करीब हैं। तीन महासचिव हर्ष मल्होत्रा, योगेंद्र चंदोलिया और कमलजीत सहरावत तथा एक सचिव बांसुरी स्वराज वर्तमान टीम से होने के साथ ही, मनोज तिवारी एक पूर्व अध्यक्ष, रामवीर सिंह बिधूड़ी और प्रवीण खंडेलवाल एक पूर्व कोषाध्यक्ष रहे हैं। सभी का दिल्लीवासियों की सेवा का समर्पित रिकॉर्ड है।

## खबर संक्षेप

### सीएम आवास पर एसएसए शिक्षकों ने दिया धरना

**नई दिल्ली।** अपनी मांगों को लेकर सगम्र शिक्षा अभियान (एसएसए) के तहत कार्य करने वाले शिक्षकों ने दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास के पास धरना प्रदर्शन किया। एसएसए शिक्षकों की मांग है कि शिक्षा निदेशालय के टीजीटी शिक्षकों को तुरंत एमसीडी से वापस शिक्षा निदेशालय भेजा जाए और एक साल से रूका हुआ वेतन दिया जाए। इसके अलावा शिक्षकों का कहना है कि हम सभी शिक्षकों की नियुक्ति आरटीई एक्ट के नियमों के तहत हुई थी, इसके बाबजूद भी दिल्ली सरकार के अधिकारियों ने गलत निर्णय लेकर बच्चों और हमारे भविष्य के साथ खिलवाड़ की है और हम इसीलिए मंगलवार देर रात से यहां धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। पीड़ित शिक्षकों ने बताया कि हम आमरण अनशन पर है और हमारे इस कदम के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल, शिक्षा मंत्री आतिशी और शिक्षा अधिकारी जिम्मेदार है क्योंकि इनके सभी गलत निर्णयों से आधे लोगों की नौकरी जा चुकी और जो आवाज उठाते है उन्हें नौकरी से निकाल देने की धमकियां दी जा रही हैं क्योंकि हम अपने अधिकारों के लिए बार बार उनके दफ्तरों में आवाज उठा रहे हैं।

### संपत्तियों को किया जा रहा सील : पूर्व महापौर

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की पूर्व महापौर सत्या शर्मा ने निगम ने महापौर शैली ओबेरॉय पर निशाना साधते हुए कहा कि वह दिल्ली की जनता पर सीलिंग का चाबुक चला कर प्रताड़ित कर रही हैं। हालांकि आम आदमी पार्टी नगर नगर में दिल्ली की जनता को राहत देने का झांसा देकर नगर निगम में आई थी। इन दिनों निगम के शाहदरा दक्षिण जोन सहित अन्य जोन में सीलिंग का चाबुक चलाया जा रहा है। गांधी नगर और ललिता पार्क में संपत्तियों को सील किया गया और 25 संपत्तियों को अटैच करने के लिए चिन्हित किया गया है। इसके अलावा निगम 700 से अधिक संपत्तियों को सील कर चुकी है। इससे यह स्पष्ट होता है महापौर शैली ओबरॉय जनता राहत देने की बजाय उनके लिए आफत बन कर आई हैं। सत्या शर्मा का कहना है कि महापौर को सीलिंग का चाबुक चलाने की बजाय हाउस टैक्स में वन टाइम राहत स्कीम लानी चाहिए ताकि निगम को राजस्व मिल सके और जनता प्रताड़ित होने से बच सके।

### 'गैंगस्टर दंपत्ति' की 'गृह प्रवेश' की रस्म टली

**नई दिल्ली।** हरियाणा पुलिस द्वारा सुरक्षा कारणों का हवाला दिये जाने के बाद नवविवाहित 'गैंगस्टर दंपति' संदीप उर्फ काला जठेड़ी और अनुराधा चौधरी उर्फ 'मैडम मिंज' की 'गृह प्रवेश' की रस्म टाल दी गई। संदीप के वकील ने बुधवार को यह जानकारी दी। दिल्ली की कोर्ट संदीप की हिरासत पैरोल की नई अर्जी पर शनिवार को सुनवाई करेगी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश दीपक वासन ने चार मार्च को संदीप को शादी के लिए 12 मार्च को पूर्वाह्न 10 बजे से शाम चार बजे तक छह घंटे और अगले दिन 'गृह प्रवेश' के लिए पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न एक बजे तक तीन घंटे की हिरासत पैरोल की इजाजत दी थी। 'गृह प्रवेश' की रस्म का कार्यक्रम हरियाणा के सोनीपत जिले में संदीप के पैतृक गांव जठेड़ी में उसके घर पर होना था। संदीप के वकील रोहित दलाल ने कहा कि सोनीपत के पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने अदालत के समक्ष एक अर्जी दाखिल कर सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए संदीप की हिरासत पैरोल को एक सप्ताह के लिए टालने का अनुरोध किया था।

## सीएम ने लगाया आरोप- महंगाई और बेरोजगारी का समाधान ढूंढने के बजाय सीएए की बात कर रही भाजपा

# लोकसभा चुनाव से पहले सीएए को लागू करना भाजपा की वोट बैंक की गंदी राजनीतिः केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव से पहले नागरिकता (संशोधन) अधिनियम को लागू करना भाजपा की वोट बैंक की गंदी राजनीति है। इस कानून को निरस्त किया जाए। यह बातें बुधवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कही।

सीएम केजरीवाल ने डिजिटल प्रैसवार्ता में कहा कि इस कानून के जरिए केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार ने पाकिस्तान और बांग्लादेश से बड़ी संख्या में गरीब अल्पसंख्यकों के भारत आने के द्वार खोल दिए हैं। उन्होंने दावा किया कि सीएए लागू होने के बाद अगर पड़ोसी देशों के 1.5 करोड़ अल्पसंख्यक भी भारत आ गए तो खतरनाक स्थिति पैदा हो जाएगी। सीएम केजरीवाल ने कहा कि यह 1947 से भी बड़ा पलायन होगा, कानून-व्यवस्था चरमरा जाएगी। बलात्कार और डकैती के मामलों में वृद्धि हो सकती है। सीएम केजरीवाल ने कहा कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में 3.5 करोड़ अल्पसंख्यक हैं। भाजपा हमारे लोगों का पैसा पाकिस्तान और बांग्लादेश से आए गरीब प्रवासियों को यहां नौकरी और घर देकर बसाने में खर्च करना चाहती है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले चुनावों में भाजपा को फायदा होगा क्योंकि पड़ोसी देशों से



भारत में बसने वाले गरीब अल्पसंख्यक उसके वोट बैंक बन जाएंगे। केजरीवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले सीएए लागू करना भाजपा की वोट बैंक की गंदी राजनीति है। उन्होंने कहा कि देश चाहता है कि सीएए निरस्त हो। उन्होंने लोगों से कहा कि अगर कानून रद्द नहीं किया गया तो वे भाजपा के खिलाफ वोट करें।

### भाजपा सरकार ने अपने 10 साल के शासनकाल में नहीं किया काम

केजरीवाल ने कहा कि अगर केंद्र की भाजपा सरकार ने अपने 10 साल के शासनकाल में काम किया होता तो चुनाव से पहले सीएए लागू करने की जरूरत नहीं पड़ती। केजरीवाल ने कहा कि भारत में लोग कमरतोड़ महंगाई का सामना कर रहे हैं और युवा नौकरियों के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। एक तरफ देश में बेरोजगारों की बड़ी फौज है और हरियाणा की भाजपा सरकार युवाओं को युद्ध में मरने के लिए इजराइल भेज रही है। दूसरी ओर, भाजपा पाकिस्तानियों को भारत में बसाना और उनके बच्चों को रोजगार देना चाहती है केजरीवाल ने आरोप लगाया कि बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से लोगों को भारत लाना और उन्हें हमारे बच्चों का उचित रोजगार देना किस तरह की मूर्खता है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में 11 लाख उद्योगपतियों और व्यापारियों ने भारत छोड़ दिया। अगर भाजपा को लोगों को देश में लाना ही है, तो उसे नौकरियां प्रदान करने के लिए उन्हें वापस लाना चाहिए। सीएम केजरीवाल ने कह कि देश पर 10 साल राज करने के बाद लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा के लोगों को सीएए की बात करनी पड़ रही है। अगर ये 10 साल में कुछ अच्छा काम कर लेते तो आज सीएए की जगह अपने कामों पर देश की जनता से वोट मांग रहे होते। आज देश में सबसे बड़ी समस्या महंगाई और बेरोजगारी की है। पूरे देश में कमरतोड़ महंगाई हो गई है। उधर हमारे देश के युवा रोजगार के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। ऐसे में केंद्र सरकार महंगाई और बेरोजगारी का समाधान ढूंढने के बजाय सीएए की बात कर रही है तो यह बड़े ही दुख की बात है।

### भाजपा की गलत नीतियों से तंग आकर 11 लाख अमीर लोग भारत छोड़कर चले गए

सीएम केजरीवाल ने कहा कि पिछले 10 सालों में भाजपा की गलत नीतियों से तंग आकर 11 लाख से ज्यादा भारत के बड़े-बड़े अमीर उद्योगपति और व्यापारी भारत छोड़कर विदेश चले गए। अगर भाजपा को लाना ही है कि इन उद्योगपतियों को वापस भारत लेकर आए, जो भारत छोड़कर चले गए। इनके पास पैसा है। जब ये लोग भारत वापस आएंगे तो यहां पैसा निवेश करेंगे। नई-नई फैक्ट्रियां और व्यापार खोलेंगे। इससे हमारे बच्चों को रोजगार मिलेगा।

## सीएम केजरीवाल ने साबित कर दिया की वह कल भी हिन्दू, सिख, बौद्ध विरोधी थे आज भी हैं कल भी रहेंगे : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को प्रेस वार्ता में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) मामले में असदुद्दीन ओवैसी, ममता बनर्जी एवं राहुल गांधी की भाषा बोल रहे हैं, उन्होंने हिन्दू, सिख, बौद्ध, ईसाई आदि शरणार्थियों के सम्मान को तो ठेस पहुंचाई ही साथ ही भारतीय मुस्लिमों को डराने भड़काने की कोशिश की। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने बुधवार को सीएम केजरीवाल पर निशाना साधते हुए उक्त आरोप लगाए। इस दौरान सचदेवा ने कहा है कि अपनी पत्रकार वार्ता से अरविंद केजरीवाल ने साबित कर दिया कि वह कल भी हिन्दू, सिख, बौध विरोधी थे, आज भी हैं कल भी रहेंगे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष सचदेवा ने आजादपुर एवं मजनू का टीला पर पाकिस्तान से आये हिन्दुओं के शरणार्थी कैम्प जा कर सभी शरणार्थियों को भारतीय नागरिक बनने पर बधाई दी। उन्होंने कहा है कि खेद है कि सीएम केजरीवाल यह भी नही समझते की सीएए सभी जरूरतमंदों को, जेहादियों द्वारा प्रताड़ितों को आश्रय




देने का बिल है। यह किसी की नागरिकता नहीं छीनेगा। सचदेवा ने कहा है कि सीएम केजरीवाल या तो जानबूझकर शरणार्थियों का अपमान कर रहे हैं या उन्हें यह मालूम नहीं मुस्लिम कट्टरपंथ ने किस तरह हिन्दुओं को सिखों को प्रताड़ति किया है। उनके रोजगार छीने, उनकी बहन बेटियों को अपमानित किया। सचदेवा ने कहा कि सीएम केजरीवाल समझ लें यह पाकिस्तान, अफगानिस्तान से आये शरणार्थी भारतीयों के अपने थे और रहेंगे। सीएम यह ना भूले कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने ना सिर्फ सभी भारतीय मुस्लिमों को अपनी सभी योजनाओं का लाभ दिया है बल्कि युक्रेन रूस युद्ध क्षेत्र हो या कोई भी अन्य संकट क्षेत्र वहां से पड़ोसी देशों के मुस्लिमों को भी निकाल कर राहत दी है।

### सीएम केजरीवाल है हिंदू विरोधी, राष्ट्रविरोधी और मानवता विरोधी : बिधूड़ी

दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को हिंदू विरोधी, राष्ट्रविरोधी और मानवताविरोधी करार दिया है। उन्होंने कहा है कि सीएए लागू होने पर केजरीवाल का असरी चेहरा सामने आ गया है। बिधूड़ी ने कहा कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बंगलादेश में हिंदुओं, सिखों तथा वहां के अल्पसंख्यकों पर भारी अत्याचार हुए हैं। वहां उनकी सम्पत्ति को या तो छीन लिया गया है या नष्ट कर दिया गया है। केजरीवाल मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए किसी भी हद तक गिर सकते हैं।

# पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थी शिविर के संबंध में कोई दंडात्मक कार्रवाई न करें अधिकारी : हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने अधिकारियों को यहां मजनू का टीला इलाके में स्थित पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थी शिविर को ढहाए जाने के प्रस्ताव के संबंध में कोई दंडात्मक कदम नहीं उठाने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा ने चार मार्च के सार्वजनिक नोटिस के खिलाफ दायर एक याचिका पर दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) और केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। क्षेत्र में लगाए गए नोटिस में निवासियों को शिविर खाली करने का निर्देश दिया गया है, ऐसा न करने पर इसे ध्वस्त करने की चेतावनी दी गई है। मंगलवार को पारित एक अंतरिम आदेश में, अदालत ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित पाकिस्तानी नागरिकों की मदद से जुड़े एक अन्य मामले में केंद्र की ओर से पहले एक बयान दिया गया था। अदालत ने मामले को 19 मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करते हुए कहा कि भारत



के तत्कालीन अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने बयान दिया था कि भारत संघ पाकिस्तान से भारत में प्रवेश करने वाले हिंदू समुदाय को हरसंभव सहायता देने का प्रयास करेगा। डब्ल्यूपी(सी) संख्या 3712/2013 में दिनांक 29 मई, 2013 के आदेश में दर्ज इस बयान पर गौर करते हुए सुनवाई की अगली तारीख तक याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया जाता है। याचिकाकर्ता ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 को विशेष रूप से मद्देनजर रखते हुए मजनू का टीला इलाके में पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थी शिविर को तब तक हटाने या ध्वस्त नहीं करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है, जब तक कि उसके लिए वैकल्पिक भूखंड आवंटित नहीं किया जाता। नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के तहत पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आए प्रताड़ित गैर-मुस्लिम अल्पसंख्यकों को संरक्षण मिला हुआ है। याचिकाकर्ता ने कहा है कि वर्षों से मजनू का टीला में रह रहे पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थियों को अधिकारियों द्वारा बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, और उनके बच्चे पास के सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे हैं। डीडीए के वकील ने कहा कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने यमुना डूब क्षेत्र में गुरुद्वारा मजनू का टीला के आसपास से सभी अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि डीडीए को याचिकाकर्ता से सहानुभूति हो सकती है, लेकिन यह न्यायिक आदेशों को लेकर बाध्य है।

## ट्रैफिक एडवाइजरी जारी

# दिल्ली पुलिस ने सशर्त दी मंजूरी, रामलीला मैदान में किसानों की महा पंचायत आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

विभिन्न किसान संगठन के नेता अपनी मांगों को लेकर गुरुवार को रामलीला मैदान में महापंचायत करेंगे। दिल्ली पुलिस की तरफ से पंचायत की सशर्त अनुमति दे दी गई है। वहीं ट्रैफिक पुलिस ने भी इसे लेकर एडवाइजरी जारी की है।

संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से दावा किया गया कि उन्हें 14 मार्च को रामलीला मैदान में 'किसान मजदूर महापंचायत' आयोजित करने की अनुमति मिल गई है। दूसरी तरफ दिल्ली पुलिस की ओर से बताया गया कि कड़ी शर्तों के साथ रामलीला मैदान में महापंचायत की इजाजत दी गई है। डीसीपी सेंट्रल एम हर्षवर्धन का कहना है कि हमने सख्त शर्तें लगाई हैं। बाकायदा संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं ने एक शपथ पत्र पर हस्ताक्षर भी किए हैं, जिसमें उन्होंने शर्तों का पालन करने की बात मानी है। किसान नेताओं ने इस महापंचायत को शांतिपूर्ण ढंग से करने की बात कही है। इसके बाद भी पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। विशेष रुप से नई दिल्ली क्षेत्र और लाल किले पर पुलिस के जवानों का कड़ा पहरा रहेगा।

ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक 14 मार्च को जवाहर लाल नेहरू मार्ग स्थित रामलीला मैदान में किसानों की महापंचायत को लेकर कई सड़कों पर आवाजाही नियंत्रित रहेगी। इन सड़कों पर जवाहर लाल नेहरू मार्ग, बाराखंभा रोड, बहादुर शाह जफर मार्ग, टॉलस्टॉय मार्ग, आसफ अली रोड, जय सिंह रोड, स्वामी विवेकानंद मार्ग, संसद मार्ग, नेताजी सुभाष मार्ग, बाबा खड़ग सिंह मार्ग, मिंटो रोड, अशोका रोड, महाराजा रणजीत सिंह फ्लाईओवर, कॉनॉट सर्कस, भवभूति मार्ग, डीडीयू मार्ग व चमन लाल मार्ग शामिल है। वहीं सुबह छह बजे से कुछ सड़कों, खंडों और आसपास की सड़कों पर यातायात को जरुरत के हिसाब से डायवर्ट किया जा सकता है। इनमें दिल्ली गेट, मीर दर्द चौक, अजमेरी गेट चौक, गुरु नानक चौक, आर/कमला मार्केट, पहाड़गंज चौक और आर/ए झंडेवालान, बाराखंभा रोड से गुरु नानक चौक तक महाराजा रणजीत सिंह फ्लाईओवर।

ऐसे में आम वाहन चालकों से अनुरोध है कि यदि संभव हो तो उपर्युक्त सड़कों से बचें या उन्हें बायपास करके तथा सार्वजनिक परिवहन, विशेष रूप से मेट्रो सेवाओं का अधिकतम उपयोग करके सहयोग करें। जो लोग आईएसबीटी, रेलवे स्टेशन या हवाई अड्डे की ओर जाएंगे उन्हें सलाह है कि वे पर्याप्त समय रखते हुए अपनी यात्रा की योजना बनाएं।

### छात्र संघ चुनावों को चुनौती देने वाली याचिका पर हाईकोर्ट ने जेएनयू का रुख पूछा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) से आगामी छात्र संघ चुनावों को चुनौती देने वाली एक याचिका पर उसका रुख पूछा। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने जेएनयू को उसके रजिस्ट्रार और डीन ऑफ स्टूडेंट्स के माध्यम से 15 मार्च से पहले अपना जवाब दाखिल करने को कहा। उच्च न्यायालय ने मामले में अगली सुनवाई शुक्रवार के लिए तय की है। जेएनयू छात्रसंघ (जेएनयूएसयू) चुनाव 22 मार्च को होना है और नतीजे 24 मार्च को आएंगे। विश्वविद्यालय के एक छात्र द्वारा दायर याचिका में दावा किया गया कि चुनाव लिंगदोह समिति की सिफारिशों (एलसीआर) का उल्लंघन कर हो रहे हैं। याचिकाकर्ता साक्षी ने कहा कि सिफारिशों में से एक के अनुसार, चुनाव शैक्षणिक सत्र शुरू होने के 6 से 8 सप्ताह के बीच होने चाहिए, लेकिन आगामी चुनाव शैक्षणिक सत्र के अंत में आयोजित किए जा रहे हैं। याचिका में कहा गया, "शैक्षणिक सत्र के अंतिम दिनों में जेएनयूएसयू चुनाव 2023-24 को अधिसूचित करने में प्रतिवादी का आचरण और कुछ नहीं बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया का मजाक और छलावा है, जिसका उद्देश्य एक निश्चित समूह को शांत करना है, और इस तरह इसका कोई उद्देश्य नहीं है।

# मंत्री आनंद ने अकबरपुर माजरा गांव के लोगों को समर्पित की डॉ. अंबेडकर चौपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के एससी/एसटी मंत्री राज कुमार आनंद ने बुधवार को डॉ. बी आर अंबेडकर चौपाल का उद्घाटन कर नरेला विधानसभा क्षेत्र के अकबरपुर माजरा गांव निवासियों को समर्पित की। इस अवसर पर मंत्री आनंद ने कहा कि यह चौपाल एससी/एसटी विकास निधि द्वारा तैयार की गई है, जो केजरीवाल सरकार द्वारा अनुसूचित जाति/जनजाति समुदायों का निरंतर विकास करने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उद्घाटन समारोह में क्षेत्रीय विधायक शरद चौहान, पटेल नगर से पूर्व विधायक वीना आनंद, क्षेत्र की जनता समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

मंत्री आनंद ने इस अवसर पर कहा कि इस उद्घाटन से नरेला विधानसभा क्षेत्र के निवासियों के बीच एकता और प्रगति का नया अध्याय जुड़ेगा। लगभग 195 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैली इस दो मंजिला इमारत में हॉल, कमरे और लॉबी




एरिया शामिल है। यह बुनियादी ढांचा, समुदाय संगठन और कल्याण को बढ़ावा देने का उद्देश्य रखता है और सरकार के समावेशी विकास और समर्पण का प्रतिबिम्ब है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने केजरीवाल सरकार के विकास कार्यों को तरजीह देने के अपने वादों के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने डॉ. बी आर अंबेडकर चौपाल जैसी पहल के ट्रांसफॉर्मेटिव प्रभाव को स्वीकार किया, जो समाज को सशक्त बनाने और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने की ओर एक सकारात्मक कदम साबित होगा। मंत्री आनंद ने कहा कि यह उद्घाटन दिल्ली में एससी/एसटी बस्तियों को सुध\ारने की योजना में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो केजरीवाल सरकार के समान विकास और सामाजिक न्याय के मॉडल को दर्शाता है।

## चिंतन

# उच्च तकनीक में भी आत्मनिर्भरता की राह

भारत उच्च तकनीक उद्योग में तेजी से अपना कदम बढ़ा रहा है। अब तक अमेरिका, चीन, यूरोप के चुनिंद मुल्क ही उच्च तकनीक वाले उद्योग में अपनी बादशाहत बनाए हुए हैं। भारत ने हाल में सेमीकंडक्टर निर्माण, हरित हाइड्रोजन संयंत्र, मिसाइल प्रक्षेपण, टीका निर्माण, बायोटेक, नैनोटेक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ब्लॉक चेन, बिग डेटा, सुपर कंप्यूटर, क्लाउ कंप्यूटिंग, रोबोटिक्स और आईओटी आदि हाईटेक क्षेत्र में अपना निवेश बढ़ाया है, नीतिगत फैसले किए हैं, विदेशी साझेदारों के लिए माहौल बनाया है। भविष्य की डिजिटल, ग्रीन एनर्जी और इनोवेटिव अर्थव्यवस्था को देखते हुए भारत का कदम प्रगतिशील है। देश को अगर विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनना है तो उच्च तकनीक वाले क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बनना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में 1.25 लाख करोड़ रुपये की लागत वाले तीन सेमीकंडक्टर केंद्रों की आधारशिला रखी, जिनमें असम के मोरीगांव में 27 हजार करोड़ रुपये के खर्च पर बनने वाला केंद्र भी शामिल है। सरकार पिछले दो वर्ष से सेमीकंडक्टर क्षेत्र को बढ़ावा दे रही है। अभी भारतीय कंपनियों को चिप आयात करना पड़ता है। चीन, ताइवान और वियतनाम सेमीकंडक्टर निर्माण में आगे हैं। दुनिया की चिप जरूरतें ये देश ही पूरी कर रहे हैं। भारत अभी इस क्षेत्र में उभरता नया खिलाड़ी है। लेकिन देश में कई ऐसी तकनीकी दक्ष कंपनियां हैं, तो सेमीकंडक्टर निर्माण का नेतृत्व कर सकती हैं। गुजरात और असम में तीन सेमीकंडक्टर केंद्रों की आधारशिला रखी गई है। चिप विनिर्माण भारत के लिए असीम संभावनाओं के साथ विकास का द्वार भी खोलता है। दरअसल, भारत सेमीकंडक्टर विनिर्माण में दशकों पीछे है। भारत ने सेमीकंडक्टर को लेकर पहली बार 1960 के दशक में सपने देखे थे, लेकिन संकल्पों को उपलब्धियों में बदलने की इच्छाशक्ति और प्रयासों की कमी के कारण सपने साकार नहीं हुए, सपने ही रहे। उस वक्त अगर सरकार इस दिशा में आगे बढ़ती तो, आज भारत इस क्षेत्र में बड़ी शक्ति होता। अतीत में उच्च तकनीक वाले उत्पादों के आयात की प्रवृत्ति से भारत इस क्षेत्र में कभी वैश्विक पावर नहीं बन सका, हमेशा उपभोक्ता ही बना रहा। अभी हालात बदल रहे हैं। भारत सेमीकंडक्टर के साथ हरित हाइड्रोजन निर्माण में भी आगे बढ़ रहा है। 80 के दशक में जब विश्व में डॉटकॉम क्रांति हो रही थी, तब भी भारत मूकदर्शक ही बना रहा, ऐसे ही फार्मा क्षेत्र है, जिसमें उच्च तकनीक में पीछे रह गया। अब कम से कम सरकार नीतिगत स्तर पर उच्च तकनीक वाले क्षेत्रों को प्रोत्साहन दे रही है, जो आधुनिक प्रगति के लिए जरूरी है। मोदी सरकार की दूरदर्शी सोच और भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण के चलते उच्च तकनीक वाले क्षेत्र में भारत नई संभावनाएं तलाश रहा है। आज भारत सेमीकंडक्टर क्षेत्र में विकसित देशों से प्रतिस्पर्धा करने की महत्वाकांक्षा के साथ आगे बढ़ रहा है। कोविड-19 ने हमें एक विश्वसनीय और लचीली आपूर्ति श्रृंखला बनाने का सबक सिखाया है। आने वाले समय में भारत सेमीकंडक्टर उत्पादों का व्यावसायिक उत्पादन शुरू करेगा। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ''स्टार्ट-अप इकोसिस्टम'' बन चुका है। असम व गुजरात में सेमीकंडक्टर निर्माण संयंत्र शुरू करने वाली टाटा के मुताबिक करीब 72 हजार नए ट्रेंड रोजगार के अवसर पैदा होंगे। 'मेड इन इंडिया' और 'डिजाइन इन इंडिया' चिप भारत को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने की बड़ी क्षमता पैदा करेंगी। आकांक्षी भारत में ज्ञान आधारित उच्च तकनीक में भी सुपर पावर बनने की क्षमता है।



सामरिक
डॉ. एल. एस. यादव

# रक्षा बजट में वृद्धि का चीनी इरादा

**चीन ने अपने वित्त मंत्रालय की सालाना रिपोर्ट के आधार पर यह दावा किया है कि वह दुनिया में अमेरिका के बाद रक्षा बजट पर सबसे अधिक खर्च करने वाला दूसरा देश है। चीन की विधायिका की वार्षिक बैठक के उद्घाटन सत्र में 5 मार्च को आधिकारिक रक्षा बजट के आंकड़े की घोषणा की गई। अनेक विदेशी विशेषज्ञों का मानना है कि यह धनराशि सत्तासीन कम्युनिस्ट पार्टी की सैन्य शाखा पीपुल्स लिबरेशन आर्मी द्वारा किए गए खर्च का केवल एक अंश है। तथ्य यह है कि चीन अपने रक्षा बजट में पिछले नौ वर्षों से लगातार इजाफा कर रहा है। दरअसल चीन की योजना यह है कि वह अपनी सेना को विश्व की नम्बर एक सेना बना दे।**

भारत व अमेरिका से लगातार चल रहे तनाव के बीच चीन ने एक बार फिर से अपने रक्षा बजट में भारी भरकम वृद्धि की है। चीन ने 7.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वर्ष 2024 का रक्षा बजट 1.67 ट्रिलियन युआन अर्थात 232 अरब डॉलर कर दिया है। चीनी रक्षा बजट की यह वृद्धि बीते पांच सालों में सबसे ज्यादा है। चीन ने अपने वित्त मंत्रालय की सालाना रिपोर्ट के आधार पर यह दावा किया है कि वह दुनिया में अमेरिका के बाद रक्षा बजट पर सबसे अधिक खर्च करने वाला दूसरा देश है। चीन की विधायिका की वार्षिक बैठक के उद्घाटन सत्र में 5 मार्च को आधिकारिक रक्षा बजट के आंकड़े की घोषणा की गई। अनेक विदेशी विशेषज्ञों का मानना है कि यह धनराशि सत्तासीन कम्युनिस्ट पार्टी की सैन्य शाखा पीपुल्स लिबरेशन आर्मी द्वारा किए गए खर्च का केवल एक अंश है।

232 अरब डॉलर का चीनी रक्षा बजट भारतीय रुपयों में 19.23 लाख करोड़ रुपयों से ज्यादा है। चीन की तुलना में भारत का 2024-25 के लिए घोषित रक्षा बजट 621541 करोड़ रुपये है। इस हिसाब से देखा जाए तो चीन का रक्षा बजट भारत के रक्षा बजट से तीन गुना से भी ज्यादा है। चीन ने वर्ष 2023 में भी अपना रक्षा बजट 7.2 फीसदी बढ़ाया था। इससे चीन का रक्षा बजट बढ़कर 1550 अरब युआन अर्थात 225 अरब डॉलर तक हो गया था। इससे पहले वर्ष 2022 में चीन ने अपना रक्षा बजट 7.1 फीसदी बढ़ाया था। तब यह 1450 अरब युआन था। इससे पहले साल 2020 में चीन का रक्षा बजट 6.6 प्रतिशत बढ़ाया गया था, जबकि वर्ष 2021 में 6.8 फीसदी की बढ़ोत्तरी की गई थी। कुल मिलाकर तथ्य यह है कि चीन अपने रक्षा बजट में पिछले नौ वर्षों से लगातार इजाफा कर रहा है। दरअसल चीन की योजना यह है कि वह अपनी सेना को विश्व की नम्बर एक सेना बना दे।

चीन ने अपना रक्षा बजट ऐसे समय बढ़ाया है जब उसकी अर्थव्यवस्था काफी बुरे दौर से गुजर रही है। चीन इससे पहले भी आर्थिक संकट से घिरा हुआ था, लेकिन इस बार मामला ज्यादा गम्भीर दिखाई दे रहा है। राष्ट्रपति शी चिनफिंग एक परेशानी वाले काल से गुजर रहे हैं। पिछले साल चीन की आर्थिक ग्रोथ 5.2 प्रतिशत थी जबकि इस साल इसके 4.6 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। चीन की तेज आार्थिक ग्रोथ में एक लम्बे समय तक वहां के प्रॉपर्टी सेक्टर की विशेष भूमिका रही है, लेकिन इधर काफी समय से प्रॉपर्टी सेक्टर की कुछ कंपनियां दिवालिया हो गई हैं और सरकार इनको उबारने के मूड में नहीं है। पहले आर्थिक ग्रोथ कम होने पर चीनी सरकार एक्सपोर्ट बढ़ाती थी और सरकारी मदद दी जाती थी पर अब ऐसा नहीं है। फिलहाल चीन सरकार ने इस साल के लिए 5 प्रतिशत ग्रोथ का लक्ष्य रखा है जो उसके मानक के हिसाब से कम है। दूसरी तरफ साल 2024 के लिए चीन का रक्षा बजट पिछले कई सालों में सबसे ज्यादा है। ऐसे में चीन के द्वारा की गई रक्षा बजट की बढ़ोत्तरी उसके सैन्य इरादों को स्पष्ट करती है।

इस तरह यह स्पष्ट होता है कि चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के कार्यकाल में रक्षा बजट में भारी बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। वर्ष 2013 में चीन का रक्षा बजट



8.45 लाख करोड़ था जो अब बढ़कर 19.61 लाख करोड़ पर पहुंच गया है। शी चिनफिंग ने अपनी सेना को साल 2027 तक विश्वस्तरीय सेना बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके अलावा यह भी लक्ष्य निर्धारित है कि चीनी सेना को वर्ष 2035 तक पूरी तरह से अत्याधुनिक बना दिया जाए। इसी वजह से चीन अपना रक्षा बजट लगातार बढ़ा रहा है। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग अपनी चीनी सेना को इतनी आधुनिक बनाना चाहते हैं कि उनकी सेना संसार के किसी छोर पर या किसी भी देश के खिलाफ युद्ध में विजय हासिल कर सके।

दरअसल राष्ट्रपति शी चिनफिंग यह नहीं चाहते हैं कि उनके सैनिकों को युद्ध लड़ने में अधिक मेहनत करनी पड़े, इसीलिए चीन अत्याधुनिक हथियार, मजबूत थियेटर कमाण्ड, स्टील्थ तकनीक व लड़ाकू तकनीक के क्षेत्र में अधिक पैसा लगा रहा है। इनके विकास के बाद युद्ध में विजय दिलाने का काम लड़ाकू जेट विमान, ऑटोनॉमस हथियार व अत्याधुनिक मिसाइलें कर देंगे। हाल ही के वर्षों में चीन ने अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने के लिए कई बड़े सैन्य सुधार किए हैं। इन सुधारों के तहत उसने दूसरों देशों में अपने प्रभाव का विस्तार करने के लिए नौसेना और वायुसेना को प्राथमिकता देते हुए उनका विस्तार किया। अब चीन नई रोबोट आर्मी तैयार कर चुका है और इसकी तैनाती भी भारतीय सीमा के नजदीक करनी शुरू कर दी है। उसने भारतीय सीमा के नजदीक आर्मी विलेज भी बसा दिए हैं।

चीन अपनी इसी रक्षा नीति पर चलते हुए अमेरिका को पीछे छोड़ता हुआ दुनिया की सबसे बड़ी नौसैन्य ताकत बन रहा है। विगत दो तीन वर्षों में चीनी नौसेना में जितने युद्धपोत और पनडुब्बियां शामिल की गई हैं उतने शायद अमेरिका की नौसेना में न हों। इतने हथियारों की बढ़ोत्तरी के बाद भी उसकी भूख कम नहीं हुई है। विदित हो कि कुछ समय पहले चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने अपनी नौसेना को संसार की सबसे बड़ी नौ सैन्य ताकत बनाने का जो संकल्प लिया था उसे चीन पूरा करने में लगा हुआ है। चीन की रक्षा ताकत बढ़ाने वाली यह नीति आने वाले समय में विश्व को नए युद्ध में धकेलने में देर नहीं लगाएगी। इन योजनाओं के पीछे कारण यही है कि चीन का अमेरिका, ताइवान, जापान व भारत के साथ जारी तनाव और हिन्द महासागर व दक्षिण चीन सागर में मिलने वाली चुनौतियों से निपटने में उसका सैन्य पक्ष कमजोर न पड़े।

चीन के नीति नियन्ताओं के मुताबिक सेना को अत्याधुनिक बनाए जाने के फोकस को देखते हुए रक्षा बजट बढ़ाया गया है। चीन का ध्यान स्टील्थ लड़ाकू विमान, विमानवाहक पोत, सेटेलाइटरोधी मिसाइल समेत नई सैन्य क्षमता विकसित करने पर है। चीन अपना दबदबा बढ़ाने के लिए नौसेना की पहुंच को समुद्री क्षेत्रों में फैला रहा है। इस साल के रक्षा बजट का मुख्य जोर नौसेना के विकास पर रहेगा क्योंकि दक्षिण चीन सागर और पूर्वी चीन सागर पर उसके दावे तथा समुद्री आवागमन के लिहाज से इस क्षेत्र में तनाव बढ़ा हुआ है। इसके अलावा एशिया प्रशांत क्षेत्र में अस्थिर सुरक्षा स्थिति को देखते हुए उसको जवाब के तौर पर तैयार होना है। इस तरह यह स्पष्ट हो जाता है कि चीन सैन्य क्षेत्र में दुनिया के शक्तिशाली देशों की तुलना में सबसे ऊपर रहना चाहता है। ऐसी स्थिति में भारत को चीन की रक्षा बढ़ोत्तरी से सजग रहने की आवश्यकता होगी।

(लेखक सैन्य विज्ञान के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



वृन्दावन, भारत के उत्तर प्रदेश राज्य के मथुरा ज़िले में स्थित एक महत्वपूर्ण धार्मिक व ऐतिहासिक नगर है। वृन्दावन भगवान श्रीकृष्ण की लीला से जुडा हुआ है। यह स्थान श्री कृष्ण की कुछ अलौकिक बाल लीलाओं का केन्द्र माना जाता है। यहां विशाल संख्या में श्री कृष्ण और राधा रानी के मन्दिर हैं ।

## छोटे-छोटे संकल्प हमारा आत्मविश्वास बढ़ाते हैं!



संकलित
दर्शन

जिस प्रकार किसी भी पूजा को प्रारंभ करने से पूर्व हाथ में जल लेकर संकल्प लिया जाता है उसी प्रकार किसी भी कार्य को करने के लिए उसे करने का संकल्प लिया जाता है। बगैर संकल्प हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं। संकल्प लेने के लिए इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। संकल्प के पश्चात प्रयास प्रारंभ होते हैं। जब संकल्प दृढ़ होता है तो प्रयास को हिम्मत मिलती है, विजय की राह आसान हो जाती है। हमारी सफलता हमारे संकल्प पर निर्भर करती है। हम जितना भरोसा अपने संकल्प पर करेंगे उसी अनुपात में हमें सफलता प्राप्त होगी। यदि हमारा संकल्प विजय का है तो हमारी सफलता भी निश्चित है। संकल्प सकारात्मक ऊर्जा के रूप में सह प्रेरक का काम करता है। जीवन में छोटे-छोटे संकल्प लेते रहना चाहिए। जब हम छोटे-छोटे संकल्पों को पूर्ण करते हैं तो आत्मविश्वास और हमारी क्षमता में वृद्धि होती है। दृढ़ संकल्प में असीम शक्ति होती है, जो व्यक्ति को किसी भी प्रकार की बाधाओं से जूझने में सक्षम बनाती है। हालांकि, संकल्प लेकर उन्हें भूलना भी आम बात है। अक्सर हम देखते हैं कि नशे के आदी लोग रोज संकल्प लेते हैं कि वे अब आगे से नशा नहीं करेंगे, किंतु वे ऐसा नहीं कर पाते हैं, क्योंकि उनके संकल्प में दृढ़ता की कमी होती है। दृढ़ संकल्प शक्ति जीवन में सफलता प्राप्त करने का मूल मंत्र है। जो संकल्प के साथ जीता है वह साधक होता है। कहते हैं कि एक सफल और असफल व्यक्ति के बीच में न तो योग्यता का अंतर होता है और न ही ज्ञान का।

## जरूरतमंदों की मदद ही सबसे बड़ी सेवा



संकलित
प्रेरणा

एक वैद्य गुरु गोविंद सिंह के दर्शन के लिए आनन्दपुर गया। वहाँ गुरुजी से मिलने पर उन्होंने कहा कि जाओ और जरूरतमंदों को सेवा करो। वापस आकर वह रोगियों की सेवा में जुट गया। शीघ्र ही वह पूरे शहर में प्रसिद्ध हो गया। एक बार गुरु गोविंद सिंह स्वयं उसके घर पर आए। वह बहुत प्रसन्न हुआ, लेकिन गुरुजी ने कहा कि वे कुछ देर ही ठहरेंगे। तभी एक व्यक्ति भागता हुआ आया और बोला- वैद्य जी, मेरी पत्नी की तबियत बहुत खराब है। जल्दी चलिए अन्यथा बहुत देर हो जाएगी। वैद्य जी असमंजस में पड़ गए।


एक ओर गुरु थे, जो पहली बार उनके घर आए थे। दूसरी ओर एक जरूरतमंद रोगी था। अंततः वैद्यजी ने कर्म को प्रधानता दी और इलाज के लिए चले गए। लगभग दो घण्टे के इलाज और देखभाल के बाद रोगी की हालत में सुधार हुआ। तब वे वहाँ से चले, उदास मन से उन्होंने सोचा कि गुरुजी के पास समय नहीं था। अबतक तो वे चले गए होंगे फिरभी वैद्यजी भागते हुए वापस घर पहुँचे। घर पहुँचकर उन्हें घोर आश्चर्य हुआ। गुरुजी बैठे उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। वैद्यजी उनके चरणों पर गिर पड़े। गुरु गोविंद सिंह जी ने उन्हें गले से लगा लिया और कहा- तुम मेरे सच्चे शिष्य हो। सबसे बड़ी सेवा जरूरतमंदों की मदद करना है।

## अध्यात्म
डॉ. इंदिरा मिश्र



# श्री माँ ने मुझे जीना सिखाया


श्री अरविन्द का जीवन और दर्शन विश्व के आध्यात्मिक जगत को एक अदभुत अवदान है। वे एक प्रकांड विद्वान और विचारक थे, जिन्होंने धरती की चेतना के उन्नयन की वर्षों अटूट साधना की थी। लगभग उसी काल खंड में पेरिस में 21 फरवरी 1878 को श्री मां ने तुर्की मूल के पिता श्री मौरिस अलफासा और मिस्र देश से आई माता मातिल्ड के घर मिरा अलफासा के रूप में जन्म लिया। आज 21 फरवरी को श्री अरविन्द के अनुयायी एक दर्शन दिवस के रूप में मनाते है। इसे दर्शन दिवस इसलिये कहा जात है, चूंकि श्री अरविन्द किसी घोषित दर्शन दिवस (वर्ष में केवल 4 दिन) को ही अपनी साधना के बीच समय निकालकर जन सामान्य से मिलते थे, अन्यथा वे एकान्त व विचार व साधना में लीन रहते थे। वैसे वे साधना लीन अपने शिष्यों की लिखित लॉजिकल शंकाओं का सभाधान अपने पत्रों द्वारा किया करते थे। आज वे सभी पत्र तथा उनके उत्तर हमें आश्रम पांडिचेरी की पुस्तक प्रभारी संस्था सब्दा (SABDA) से पुस्तकों के रूप में मिल सकते है। श्री अरविन्द का रूटीन ही था, कि वे रात भर जागकर लिखते थे। वे सोते बहुत कम थे। श्री मां बचपन से आध्यात्मिक अभिरूचि की थी। 13 वर्ष की उम्र से उन्हें एक स्वप्न रोज आता था कि वे एक विशाल घाघरा पहनकर आसमान में उड़ रही है और उनके घाघरे को छूकर आकर अनेक दुखी लोग अपना दुख भूलकर प्रसन्न हो रहे है। इसी



स्वप्न को भारत में आकर चरितार्थ करना उनका जीवन-वृत्त हुआ । उनकी शिक्षा पेरिस में चित्रकला में हुई। उन्हें संगीत का भी बेजोड़ ज्ञान था। संस्कारों से श्री मां को भारत ही अपनी जमीन लगती थी। वे पांडिचेरी में 1914 में पहली बार श्री अरविन्द को पांडिचेरी में देखते ही पहचान गईं, कि वे ही उनके आध्यात्मिक प्रेरणा स्रोत हो सकते हैं। तब श्री मां ने अपनी पूर्ण लगन,श्रद्धा एवं परिश्रम से श्री अरविन्द आश्रम की स्थापना संचालन एवं अर्थोपार्जन के लिये रणनीति बनाई और उसे व्यवहारिक रूप दिया। फलतः यह आश्रम आज सैंकड़ों हजारों लोगों के लिये एक पूजा स्थली और शांति का आगार बना हुआ है। यहाँ की संस्कृति पूर्व और पश्चिम के मेल का अनुपम उदाहरण है। श्री मां ने बाद के वर्षो में यह स्पष्ट कर दिया,कि वे श्री अरविन्द से मिलने भारत आई. उनका काम करने को यहां रहीं,और उनके देह त्याग के बाद उसी कार्य को पूरा करने के लिये भारत में रही। यह समर्पण अद्वितीय है। श्री अरविन्द आश्रम पांडेचेरी में आज लगभग 1200 स्थाई साधक है एवं लगभग 100 वर्ष बाद भी यह संस्था अपनी ज्योति पूरे विश्व में फैला रही है। शिक्षा के बारे में श्री अरविन्द कहते थे कि किसी को कुछ पढ़ाया नहीं जा सकता। उसकी अभिरूचि को जगाकर, हम उसको शिक्षित कर सकते हैं। और यह अभिरूचि असीम धैर्य, प्रेम और प्रेरणा सेयु मुक्त होकर ही शिक्षक द्वारा जगाई जा सकती है। भारत आने के पूर्व श्री माँ गीता के फ्रेंच अनुवाद को पढ़ चुकी थीं और श्री अरविन्द से जब वे मिली तो उन्हें उनमें कृष्ण का स्वरूप दिखाई दिया। आपको केवल छात्र की उत्सुकता आश्रम का एक स्कूल भी है। उस स्कूल की एक छात्रा के रूप में सन 1954 से 1956 तक मुझे बहुत ही प्रेम और मधुरता से भरे हुए शिक्षक मिले, मुझे खेलने का सामान चित्रकला के लिये रंग, कागज, देखने को नाटक, शारीरिक कसरत की भाषा सुविधायें, नृत्य, पढ़ने को बांग्ला,भाषा हिन्दी, अंग्रेजी, फ्रेंच गणित, विज्ञान विषयमिले। सुनने को रवीन्द्र संगीत, गाने को पियानो की संगत मिली हो सकता है कि मेरी उत्सुकता उस समय से ही इतनी जगी कि आज भी विराम लेने को तैयार नहीं है। श्री मां हम बच्चों की छोटी-छोटी कसरते,कक्षा में अच्छी पढ़ाई, हमारी आंखों में लिखा भाव सभी बिना भाषा के समझ लेती थीं, और उसका समाधान भी दे देती थी । धन्य थी श्री मां-उनके सान्निध्य में रहकर हमारे दुख सदा के लिये दूर हो गये।

लेखक- पूर्व आईएएस अधिकारी

## अंतर्मन




## आज की पाती

### भारत किसी से कम नही

बदलते भारत ने नया आयाम पेश करना शुरू कर दिया है। मोदी कहते है यह नया भारत है। टेक्नोलॉजी इंफ्रास्ट्रक्चर और सेना की ताकत बदलते भारत की पहचान है। दस साल में भारत शक्तिशाली देश बन गया। चांद-सूरज तक आसान सफर से दुनिया में भारत का बोल-बाला हो रहा है। विदेश नीति से कायल सभी देश भारत की तरफ देख रहे है। इसका श्रेय 140 करोड़ भारतवासियों को जाता है। लेकिन सरकार की भागीदारी कम नही है। विकासलक्षित योजनाओं का सिलसिला चालू ही है, हजारो लाखो करोड़ की योजना और परियोजनाओं से भारत बुलंदियों पर है। भारत हथियारों की खरीदी में सबसे आगे है। वैश्विक आयात में भारत की हिस्सेदारी 9.8 प्रतिशत है। हालांकि फ्रांस का निर्यात बढ़ा है। लेकिन भारत की खरीदी निरंतर चालू है। **-कांतिलाल मांडोत**, सूरत

## करंट अफेयर

# भारत और अमेरिका के बीच संबंध मजबूत



अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने कहा है कि राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने अमेरिका और भारत के बीच संबंधों को प्रगाढ़ करने की दिशा में काम किया है और दोनों लोकतांत्रिक देशों के बीच संबंध बेहद मजबूत हैं। 'कांग्रेसनल इंडिया कॉकस' के सह-अध्यक्ष खन्ना ने बातचीत में कहा, 'ये (भारत-अमेरिका संबंध) रक्षा, आर्थिक क्षेत्र, कृत्रिम मेधा (एआई) पर सहयोग, वैकल्पिक ऊर्जा सहित कई क्षेत्रों में काफी मजबूत हैं।' उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि भारत ने पिछले 10 वर्ष में काफी प्रगति की है। खन्ना ने कहा, भारी आर्थिक विकास, बड़ी महत्वाकांक्षाएं...। यकीनन चुनौतियां भी हैं। आय असमानता की चुनौतियां हैं। हालांकि यहां अमेरिका में भी हमारे सामने यह चुनौती है। यह सुनिश्चित करने की चुनौतियां कि यह एक जीवंत, बहुलवादी समाज बना रहे, लेकिन आपको इस बात का अंदाजा है कि भारत की महत्वाकांक्षाएं बहुत बड़ी हैं। भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद ने कहा कि उन्होंने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) का विरोध किया है। उन्होंने कहा, 'मैं उसका (सीएए) विरोध करता हूं। आव्रजन को लेकर मेरा दृष्टिकोण हमेशा ही बहुलवाद की ओर रहा है।'

## ऑफ बीट

# पृथ्वी पर करोड़ों वर्ष के जलवायु चक्रों का प्रभाव



गहरे समुद्र की धाराओं में एक उतार और प्रवाह, जो पृथ्वी और मंगल के बीच 24 लाख वर्ष की गुरुत्वाकर्षण रस्साकसी से उत्पन्न ग्लोबल वार्मिंग और शीतलन से प्रेरित है। । मिलनकोविच चक्र और हिमयुग, हम जानते हैं कि अधिकांश प्राकृतिक चक्र किसी न किसी तरह सूर्य के चारों ओर पृथ्वी की गति से निर्धारित होते हैं। जैसा कि जर्मन खगोलशास्त्री जोहान्स केप्लर ने पहली बार चार शताब्दियों पहले महसूस किया था, पृथ्वी और अन्य ग्रहों की कक्षाएँ बिल्कुल गोलाकार नहीं हैं, बल्कि थोड़ी सी कुचली हुई दीर्घवृत्ताकार हैं। और समय के साथ, ग्रहों का गुरुत्वाकर्षण इन कक्षाओं के आकार को एक पूर्वानुमानित पैटर्न में बदल देता है। ये परिवर्तन हमारी दीर्घकालिक जलवायु को प्रभावित करते हैं, हिमयुग के आने और जाने को प्रभावित करते हैं। 1941 में, सर्बियाई खगोलभौतिकीविद् मिलुटिन मिलनकोविच ने माना कि पृथ्वी की कक्षा के आकार में परिवर्तन, इसकी धुरी का झुकाव और इसके ध्रुवों का डगमगाना सभी हमें प्राप्त होने वाले सूर्य के प्रकाश की मात्रा को प्रभावित करते हैं। ''मिलानकोविच चक्र'' के नाम से जाना जाने वाला ये पैटर्न 405,000, 100,000, 41,000 और 23,000 वर्षों की अवधि के साथ होते हैं। भूवैज्ञानिकों ने पृथ्वी के गहरे अतीत में, यहां तक कि 2.5 अरब वर्ष पुरानी चट्टानों में भी इनके निशान पाए हैं।

## ट्रेंड

### संभावनाओं के द्वार खुलेंगे



नरेंद्र मोदी द्वारा गुजरात और असम में 3 सेमीकंडक्टर सुविधाओं का उद्घाटन। आज हमने विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में बड़ी छलांग लगाई है। सेमीकंडक्टर निर्माण, संयोजन असीमित संभावनाओं के द्वार खोलेंगी।

-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### रूसी ऊर्जा आयात बंद किया



जो राष्ट्र अपनी ऊर्जा आपूर्ति के लिए तानाशाहों की सनक पर निर्भर है वह कभी भी वास्तव में सुरक्षित नहीं हो सकता, इसीलिए हमने रूसी ऊर्जा आयात बंद कर दिया, लेकिन हमें अपनी ऊर्जा सुरक्षा की रक्षा के लिए और आगे बढ़ना होगा।

-ऋषि सुनक, ब्रिटिश पीएम


### मिट्टी बचाने का रास्ता



अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी का आदर्श मेल। यही रास्ता है- मिट्टी बचाने, किसानों की आय बढ़ाने, भूजल रिचार्ज करने, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और ग्रामीण एवं राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का। कविता मिश्रा को बधाई. आपका वंश बढ़े।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### आप सुरक्षित रहेंगे



सीएए क़ानून लागू होने से भारी संख्या में पाकिस्तान और बांग्लादेश से लोग आकर हमारे देश में बसेंगे। क्या आप चाहेंगे कि आपके घर के सामने पाकिस्तान से आए लोग झुग्गी डालकर रहें? क्या आप सुरक्षित महसूस करेंगे?

-अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## बिहार में लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के लिए पासवान जलाएंगे 'चिराग'

# भाजपा के हमसफर बनेंगे मोदी के 'हनुमान', सीट बंटवारा हो गया तय

## भाजपा के अध्यक्ष नड्डा के साथ मंथन के बाद निकला 'सार'

एजेंसी ▸▸ पटना/दिल्ली

एनडीए के सदस्य के रूप में बुधवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ एलजेपी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यकचिराग पासवान ने दिल्ली में मुलाकात की। इसमें आगामी लोकसभा चुनावों के लिए बिहार में सीट बंटवारे को अंतिम रूप दिया गया। चिराग की फाइनल डील भाजपा के साथ हो गई।

नंबर को लेकर चिराग ने कहा कि उचित समय आने पर इसकी सूचना दी जाएगी। कुछ दिनों से बिहार की राजनीतिक गलियारों में चिराग की सीट शेयरिंग चर्चा में थी। चिराग और भाजपा के रिश्तों में खटास की भी अटकलें थीं। अब इस तरह की चर्चाओं पर विराम लगता दिख रहा है। चिराग ने कहा कि एलजेपी अब एनडीए के साथ है और आगे भी रहेगी। इससे सारे सवालों पर विराम लग गया है।

**खास बातें**

- बिहार में एनडीए की सीट शेयरिंग
- नंबर को लेकर उचित समय पर इसकी सूचना देंगे



### चिराग ने एक्स पर दी जानकारी

चिराग ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि 'एनडीए के सदस्य के रूप में आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्षजेपी नड्डा जी के साथ बैठक में हमने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए बिहार में सीट बंटवारे को अंतिम रूप दे दिया है। उचित समय आने पर इसकी सूचना दी जाएगी। इसके साथ उन्होंने नड्डा से मुलाकात की तस्वीरें भी शेयर कीं।



### बिहार में 11 सीटों पर चुनाव लड़ेगी एआईएमआईएम

असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने भी बिहार की लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। ओवैसी की पार्टी बिहार की 11 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने 11 सीटों को लेकर प्रस्ताव भेजा है। ये किशनगंज, कटिहार, अररिया, पूर्णिया, कराकट, उजियारपुर, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गया, बक्सर और भागलपुर हैं।

### सीट बंटवारे को अंतिम रूप दे दिया गया

चिराग ने दावा किया कि उनके हिसाब से सीट बंटवारे को अंतिम रूप दे दिया गया। उचित समय आने पर इसकी सूचना भी दे दी जाएगी। वैसे, चिराग खुद जमुई से सांसद हैं। उनके चाचा पशुपति कुमार पारस हाजीपुर सीट से सांसद हैं। हाजीपुर सीट को पशुपति छोड़ना नहीं चाहते हैं और इस सीट को हर हाल में चिराग पाना चाहते हैं। चिराग ने कहा था कि हाजीपुर उनके पिता रामविलास पासवान की सीट है, इसलिए हाजीपुर के लिए असली हकदार वे ही हैं।

### करनाल से चुनाव लड़ेंगे सीएम सैनी

खट्टर के इस्तीफे के बाद खाली हुई करनाल विस सीट से नए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उपचुनाव लड़ेंगे। वे अभी हरियाणा के कुरुक्षेत्र से सांसद हैं दरअसल, 12 मार्च को मनोहर लाल खट्टर के इस्तीफा देने के कुछ घंटों बाद ही नायब सैनी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली थी।

### दूर रहकर भी भाजपा का साथ देगी जेजेपी

भाजपा-जेजेपी के गठबंधन टूटने पर माना जा रहा लोकसभा चुनाव में



दुष्यंत चौटाला की पार्टी दो सीटें पर अड़ी हुई थी। वह चाहती थी कि भाजपा उन सीटों पर किसी को ना उतारे। लेकिन गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात और अध्यक्ष नड्डा के साथ मंथन हुआ, पर निष्कर्ष नहीं निकला और अब चुनाव से ठीक पहले जेजेपी गठबंधन से बाहर हो गई। गठबंधन टूटने पर नफा-नुकसान की दृष्टि से देखें तो जेजेपी के अलग होने से भी भाजपा को ही फायदा हो रहा है।

### उधर, खट्टर ने विधायकी से भी दिया इस्तीफा

मनोहर लाल खट्टर ने राज्य के मुख्यमंत्री के पद से अपना इस्तीफा



राज्यपाल को सौंप दिया है, जिसे स्वीकार भी कर लिया गया। उसके बाद जब नए सीएम के लिए विधायक दल की बैठक हुई। भाजपा की सूची में खट्टर को करनाल से लोकसभा का उम्मीदवार बनाया गया है।

## पीएम ने किया 1.25 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट का शिलान्यास

# सेमी कंडक्टर का हब बनेगा भारत गुजरात और असम में लगेंगे प्लांट



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए तीन सेमीकंडक्टर परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

दो प्लांट गुजरात और एक असम में स्थापित किए जाएंगे। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि सेमीकंडक्टर उत्पादन से जुड़ी करीब सवा लाख करोड़ रुपए की 3 परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ है।

### यह उज्जवल भविष्य की तरफ बड़ा कदम

पीएम ने कहा कि आज का ये दिन ऐतिहासिक है। उज्जवल भविष्य की तरफ बहुत बड़ा मजबूत कदम भी उठा रहे हैं। भारत अब दुनिया में मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा मैन्युफैक्चरर है। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों ने सत्ता में रहते हुए हजारों करोड़ के घोटाले किए लेकिन सेमीकंडक्टर बनाने में हजारों करोड़ का निवेश नहीं किया।

### गुजरात के धोलेरा में स्थापित होगा संयंत्र

पीएम मोदी ने बताया कि इन सेमीकंडक्टर परियोजनाओं में गुजरात के धोलेरा में भारत का पहला 'फैब' संयंत्र और साणंद में 'आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट केंद्र शामिल हैं। पीएम ने असम के मोरीगांव में 27,000 करोड़ की लागत वाले 'आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट परियोजना का भी वर्चुअल तरीके से शिलान्यास किया।

# वकील की मौत और 2 लोग गंभीर ट्रांसफार्मर फटने से अफरा-तफरी

एजेंसी ▸▸ पटना

यहां व्यवहार न्यायालय परिसर में गेट नंबर एक के पास ट्रांसफॉमर ब्लास्ट हुआ है। हादसे दुकानदार और वकील समेत चार लोग झुलस गए। इसमें वकील देवेंद्र प्रसाद की मौत हो गई। घटना के बाद अशोक राजपथ में हड़कंप मच गया। फौरान पीरबहोर थाना पुलिस और कोर्ट परिसर में मौजूद वकीलों ने सभी को पीएमसीएम में सभी करवाया। इसमें से एक की मौत हो गई। इधर, सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद ट्रांसफॉर्मर में लगी आग पर काबू पाया। इधर, घटना के बाद अधिवक्ताओं ने सिविल कोर्ट गेट पर जमकर हंगामा शुरू कर दिया है। अधिवक्ताओं का कहना है कि यहां सुरक्षा के नाम पर कुछ भी नहीं है।

## पटना के सिविल कोर्ट में धमाका



### ट्रांसफार्मर का खौलता तेल दूर जा गिरा

लोगों का कहना है कि गेट नंबर के पास एक बड़े ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट से विस्फोट हो गया। भीषण विस्फोट में ट्रांसफार्मर का खौलता तेल दूर तक जा गिरा। खौलते तेल की जद में वहां मौजूद वकील और दुकानदार समेत चार लोग आ गए। वकील देवेंद्र प्रसाद के पास जब तक लोग पहुंचते तब तक उनकी मौत हो गई। वहीं अन्य घायलों को फौरन अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

## शिंदे कैबिनेट ने लिए 59 फैसले

# 'अहिल्यादेवी नगर' बना अहमदनगर, 8 स्टेशन चेंज

एजेंसी ▸▸ मुंबई

मुंबई रेलवे स्टेशनों को अंग्रेजों की ओर से दिए गए नाम अब इतिहास में दर्ज हो जाएंगे। सीएम एकनाथ शिंदे ने मुंबई उपनगरीय रेलवे पर 8 रेलवे स्टेशनों का नाम बदलने को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है।



रेलवे स्टेशनों के नए नाम केंद्र सरकार की अंतिम मंजूरी के बाद लागू होंगे। वहीं सरकार ने अहमदनगर जिले का नाम भी बदल दिया है। अब अहमदनगर का नाम 'अहिल्यादेवी नगर' रख दिया गया है। इससे पहले सरकार ने औरंगाबाद का नाम संभाजी नगर और उस्मानाबाद का नाम धाराशिव कर दिया था। तीन दिन में दो बार महाराष्ट्र कैबिनेट की बैठक हुई।

## टैक्स बकाया केस में कांग्रेस को झटका

# कोर्ट ने दखल देने से किया इनकार खारिज की अर्जी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इनकम टैक्स मामले में कांग्रेस को दिल्ली हाई कोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने पार्टी की ओर से दायर याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें मांग की गई थी कि इनकम टैक्स डिमांड के नोटिस पर स्टे लगाया जाए।



विभाग ने कांग्रेस से 105 करोड़ रुपए बकाए टैक्स की मांग की है और इसके लिए नोटिस जारी किया गया है। इससे पहले इनकम टैक्स अपीलीय ट्राइब्यूनल ने भी इनकम टैक्स की रिकवरी वाले नोटिस पर रोक से इनकार कर दिया था।

## क्रिकेटर यूसुफ की उम्मीदवारी पर टीएमसी में मचा बवाल

### टीएमसी के सभी 42 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम घोषित

# विधायकों की धमकी से 'दीदी' पसोपेश में पड़ीं

## कई नेता अब बगावत पर उतरे, ममता को दी धमकी

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस द्वारा राज्य की सभी 42 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा के बाद से पार्टी के अंदर ही कलह बढ़ गई है। टिकट बंटवारे से नाराज पार्टी के कई नेता बगावत पर उतर आए हैं।

बैरकपुर से सांसद अर्जुन सिंह के बाद अब मुर्शिदाबाद जिले के भरतपुर से तृणमूल विधायक हुमायूं कबीर बहरमपुर सीट से कांग्रेस के 5 बार के सांसद अधीर रंजन चौधरी के खिलाफ पूर्व भारतीय क्रिकेटर यूसुफ पठान को उम्मीदवार बनाए जाने से बेहद नाराज हैं। पठान को टिकट देने पर बगावती तेवर दिखाते हुए उन्होंने पार्टी को धमकी दी है, अगर उम्मीदवार नहीं बदला गया, तो मैं बहरमपुर से निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ूंगा।



### दूसरे राज्य से लाकर अधीर रंजन को नहीं हरा सकते

कबीर ने कहा, दूसरे राज्य से किसी को लाकर अधीर को नहीं हराया जा सकता। कबीर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें उनका कहना है कि पार्टी नेतृत्व ने तृणमूल के जिला नेतृत्व से बिना बातचीत के ही यूसुफ पठान के नाम की घोषणा कर दी।

### सायंतिका ने सभी पदों से दिया इस्तीफा

सीएम ममता ने कहा कि अर्जुन अभी भी सांसद हैं। सिंह ने कार्यालय में ममता बेनर्जी और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बेनर्जी की तस्वीरें हटाकर पीएम नरेंद्र मोदी की तस्वीर लगा ली थी। टिकट नहीं मिलने से नाराज पार्टी की नेता सायंतिका बेनर्जी ने भी सोमवार को सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था।

### ममता ने भाई से रिश्ता तोड़ा, हावड़ा सीट पर बाबुन थे नाराज



सीएम ममता ने अपने छोटे भाई बाबुन बेनर्जी से सभी रिश्ते खत्म करने की बात कही है। सीएम ममता ने कहा है कि उन्होंने बाबुन बेनर्जी के साथ सभी रिश्ते खत्म कर लिए हैं। ममता का ये बयान बाबुन के उस ऐलान के बाद आया है जिसमें बाबुन ने हावड़ा सीट से टीएमसी कैंडिडेट के खिलाफ चुनाव लड़ने का संकेत दिया है। कहा है कि अगर जरूरत पड़ी तो वे ऐसा करेंगे।


# होली विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी होली के दौरान उत्तर रेलवे द्वारा पहले से ही घोषित होली विशेष रेलगाड़ियों के अलावा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | चलने के दिन | अवधि | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01053 | लोकमान्य तिलक (ट) | 12:15 | बनारस | 16:05 | बुधवार | 20 एवं 27.03.2024 | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य | कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पीपरईया, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर एवं प्रयागराज च्योकी स्टेशन। |
| 01054 | बनारस | 20:30 | लोकमान्य तिलक (ट) | 23:55 | गुरुवार | 14 से 28.03.2024 तक | | |
| 01123 | लोकमान्य तिलक (ट) | 12:15 | गोरखपुर जंक्शन | 18:55 | शुक्रवार | 15 से 29.03.2024 तक | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ओरई, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ (जं.), गोंडा एवं बस्ती स्टेशन। |
| 01124 | गोरखपुर जंक्शन | 21:15 | लोकमान्य तिलक (ट) | 07:25 | शनिवार | 16 से 30.03.2024 तक | | |
| 01103 | सीएसटी मुंबई | 22:35 | गोरखपुर जंक्शन | 09:30 | गुरुवार | 14 से 28.03.2024 तक | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य | दादर, ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ओरई, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ (जं.), गोंडा एवं बस्ती स्टेशन। |
| 01104 | गोरखपुर जंक्शन | 15:30 | सीएसटी मुंबई | 00:40 | शनिवार | 16 से 30.03.2024 तक | | |
| 05115 | छपरा | 17:45 | आनन्द विहार (ट) | 11:50 | बुधवार | 20 एवं 27.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | सिवान, देवरिया, गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढवल जं., सीतापुर जं., बरेली जं. एवं मुरादाबाद स्टेशन। |
| 05116 | आनन्द विहार (ट) | 14:45 | छपरा | 09:30 | गुरुवार | 21 एवं 28.03.2024 | | |
| 05023 | गोरखपुर जंक्शन | 21:15 | आनन्द विहार (ट) | 13:15 | रविवार | 24 एवं 31.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढवल जं., सीतापुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन। |
| 05024 | आनन्द विहार (ट) | 15:15 | गोरखपुर जंक्शन | 07:30 | सोमवार | 25.03 एवं 01.04.2024 | | |
| 05097 | टनकपुर | 18:25 | दौराई | 13:40 | शुक्र, सोम, बुध | 22 से 29.03.2024 तक | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | खटीमा, पीलीभीत, भोजीपुरा, इज्जतनगर, बरेल सिटी, बरेली जं., चन्दौसी, मुरादाबाद, गाजियाबाद, दिल्ली जं., दिल्ली कैंट, गुरुग्राम, रेवाड़ी, नारनौल, नीम का थाना, श्रीमाधोपुर, रिंगस जं., फुलेरा जं., किशनगढ़ एवं अजमेर जं. स्टेशन। |
| 05098 | दौराई | 16:05 | टनकपुर | 09:35 | शनि, मंगल गुरु | 23 से 30.03.2024 तक | | |
| 05047 | बनारस | 19:20 | आनन्द विहार (ट) | 09:30 | मंगलवार | 26.03.2024 | वाता. 3 टीयर एवं वाता. कुर्सीयान | भदोही, माँ बेल्हादेवी धाम प्रतापगढ़, अमेठी जं., रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली एवं मुरादाबाद स्टेशन। |
| 05048 | आनन्द विहार (ट) | 18:15 | बनारस | 08:10 | बुधवार | 27.03.2024 | | |
| 05053 | गोरखपुर जंक्शन | 09:30 | बांद्रा टर्मिनल | 16:00 | शुक्रवार | 22 एवं 29.03.2024 | सामान्य | खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बादशाह नगर, ऐशबाग, कानपुर सेन्ट्रल, टूण्डला जं., आगरा फोर्ट, बयाना, गंगापुर सिटी, कोटा जं., भवानी मंडी, सामगढ़, नागदा जं., रतलाम जं., वडोदरा जं., सूरत, वलसाड, वापी, पालघर एवं बोरीवली स्टेशन। |
| 05054 | बांद्रा टर्मिनल | 21:45 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | शनिवार | 23 एवं 30.03.2024 | | |
| 05005 | गोरखपुर जंक्शन | 14:40 | अमृतसर जंक्शन | 09:30 | बुधवार | 20 एवं 27.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढवल जं., सीतापुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी. अम्बाला कैंट, लुधियाना जं., जलंधर सिटी एवं ब्यास जं. स्टेशन। |
| 05006 | अमृतसर जंक्शन | 12:45 | गोरखपुर जंक्शन | 08:50 | गुरुवार | 21 एवं 28.03.2024 | | |
| 05049 | छपरा | 09:55 | अमृतसर जंक्शन | 09:30 | शुक्रवार | 22 एवं 29.03.2024 | वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | सिवान, थावे, तमकुही रोड, पडरौना, कप्तानगंज, गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढवल जं., सीतापुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला कैंट, लुधियाना जं., जलंधर सिटी एवं ब्यास स्टेशन। |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 12:45 | छपरा | 14:00 | शनिवार | 23 एवं 30.03.2024 | | |
| 05012 | गोमती नगर | 14:00 | छपरा | 00:05 | गुरु., शनि, सोम, बुध | 21 से 27.03.2024 तक | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | बाराबंकी, बुढवल जं., करनैल गंज, गोंडा, मनकापुर जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., पिपराइच, कप्तानगंज, रामकोला, पड़रौना, तमकुही रोड, थावे, दिघवादुबौली, मसरख एवं छपरा कचहरी स्टेशन। |
| 05011 | छपरा | 05:45 | गोमती नगर | 16:00 | शुक्र, रवि, मंगल, गुरु | 22 से 28.03.2024 तक | | |
| 05045 | लाल कुआँ | 13:10 | राजकोट | 18:10 | रविवार | 24 एवं 31.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | किच्छा, बहेरी, भोजीपुरा, इज्जतनगर, बरेली सिटी, बरेली जं., बदायूँ, सोरों शूकर, कासगंज, हाथरस सिटी, मथुरा कैंट, मथुरा जं., भरतपुर, दौसा, जयपुर जं., फुलेरा जं., नवा सिटी, कुचामन सिटी, मकराना जं., डेगाना जं., मेड़ता रोड जं., गोटन, जोधपुर जं., लूनी जं., समदड़ी जं., मोकालसर, जालौर, मोदरन, मारवाड़ भीनमाल, रानीवाड़ा, धनेरा, भीलडी, पाटन, महेसाना जं., सुरेन्द्रनगर एवं वांकानेर जं. स्टेशन। |
| 05046 | राजकोट | 22:30 | लाल कुआँ | 04:05 | सोमवार | 25.03 एवं 01.04.2024 | | |
| 05193 | छपरा | 15:20 | पनवेल | 20:30 | गुरुवार | 21 एवं 28.03.2024 | वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य | बलिया, गाजीपुर सिटी, वाराणसी जं., बनारस,, प्रयागराज जं., सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी जं., भुसावल जं., नासिक रोड, इगतपुरी एवं कल्याण जं. स्टेशन। |
| 05194 | पनवेल | 21:40 | छपरा | 08:50 | शुक्रवार | 22 एवं 29.03.2024 | | |
| 09523 | ओखा | 10:00 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 10:10 | मंगलवार | 19.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य | द्वारका, खंभालिया, जामनगर, हापा, राजकोट जं., सुरेन्द्रनगर, वीरंगम जं., महेसाना जं., उनझा, सिद्धपुर, पालनपुर जं., आबू रोड, फालना, मारवाड़ जं., ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर जं., गांधीनगर जयपुर, दौसा, बाँदीकुई, अलवर एवं रेवाड़ी स्टेशन। |
| 09524 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 13:20 | ओखा | 13:50 | बुधवार | 20.03.2024 | | |
| 09525 | हापा | 00:40 | नाहरलगुन | 16:00 | बुधवार | 20.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | राजकोट जं., बाँकानेर, सुरेन्द्रनगर, अहमदाबाद जं., नाडियाड, आनन्द, छायापुरी, गोधरा, रतलाम, नागदा जं., उज्जैन जं., मक्सी जं., शाजापुर, ब्यावर राजगढ़, रुठियाई जं., गुना, शिवपुरी, ग्वालियर, इटावा, गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., ज्ञानपुर रोड, बनारस, वाराणसी, गाजीपुर सिटी, बलिया, छपरा, हाजीपुर, शाहपुर पटौरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार, बारसोई जं., किशनगंज, न्यु जलपाईगुड़ी, न्यू कूचबिहार, कोकराझार, न्यु बंगाईगांव जं., बरपेटा रोड, रंगिया, उदलगुड़ी, न्यु मिसामारी, रंगपारा नार्थ एवं हरमुटी स्टेशन। |
| 09526 | नाहरलगुन | 10:00 | हापा | 00:30 | शनिवार | 23.03.2024 | | |
| 09183 | मुंबई सेन्ट्रल | 22:50 | बनारस | 10:30 | बुधवार | 20.03.2024 | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर एवं वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी) | बोरीवली, पालघर, वापी, बलसाड़ जं., सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा जं., सवाई मधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर जं., अछनेरा जं., आगरा फोर्ट, टूण्डला, शिकोहाबाद, मैनपुरी, भोगाँव, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, रायबरेली जं., अमेठी जं., प्रतापगढ़, जंघई जं. एवं भदोही स्टेशन। |
| 09184 | बनारस | 14:30 | मुंबई सेन्ट्रल | 04:20 | शुक्रवार | 22.03.2024 | | |
| 09111 | बडोदरा | 19:00 | गोरखपुर जं. | 23:30 | सोमवार | 18.03.2024 | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | गोधरा, रतलाम जं., कोटा जं., सवाई मधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर जं., आगरा फोर्ट, टूण्डला, शिकोहाबाद, मैनपुरी, फर्रुखाबाद, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन। |
| 09112 | गोरखपुर जं. | 05:00 | बडोदरा | 08:35 | बुधवार | 20.03.2024 | | |
| 09195 | बडोदरा | 19:00 | मऊ | 20:45 | शनिवार | 23 एवं 30.03.2024 | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | गोधरा, दाहोद, रतलाम, कोटा जं., बयाना जं., आगरा फोर्ट, टूण्डला, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ जं., सुलतानपुर एवं वाराणसी जं. स्टेशन। |
| 09196 | मऊ | 23:00 | बडोदरा | 00:45 | रविवार | 24 एवं 31.03.2024 | | |
| 09061 | वलसाड | 02:15 | बरौनी जं. | 18:00 | मंगलवार | 19.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा जं., सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर, मथुरा जं., कासगंज, फर्रुखाबाद, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, सुलतानपुर, जौनपुर सिटी, वाराणसी जं., पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र एवं हाजीपुर स्टेशन। |
| 09062 | बरौनी जं. | 12:15 | वलसाड | 03:45 | गुरुवार | 21.03.2024 | | |
| 09417 | अहमदाबाद जं. | 09:10 | दानापुर | 20:30 | सोमवार | 18.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | नाडियाड जं., छायापुरी, रतलाम जं., कोटा जं., सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, हिण्डौन सिटी, भरतपुर जं., मथुरा जं., कासगंज, फर्रुखाबाद, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, सुलतानपुर, जौनपुर सिटी, वाराणसी जं., पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन। |
| 09418 | दानापुर | 23:50 | अहमदाबाद जं. | 11:10 | बुधवार | 20.03.2024 | | |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनन्द विहार (ट) | 14:10 | सोमवार | 25.03 से 01.04.2024 तक | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | न्यू फरक्का जं., बड़हरवा जं., साहिबगंज जं., पीरपैंती, कहलगाँव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जं., अमयपुर, किऊल जं., मोकामा, बख्तियारपुर, पटना जं., आरा, बक्सर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं., एवं गोविन्दपुरी स्टेशन |
| 03436 | आनन्द विहार (ट) | 19:00 | मालदा टाउन | 23:30 | मंगलवार | 26.03 से 02.04.2024 तक | | |
| 04145 | सूबेदार गंज | 21:30 | आनन्द विहार (ट) | 08:00 | तिथिवार | 20, 21, 22, 23, 24, 26, 27, 28, 29 एवं 31.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य | फतेहपुर, कानपुर सेन्ट्रल, इटावा, टूण्डला एवं अलीगढ़ स्टेशन। |
| 04146 | आनन्द विहार (ट) | 09:30 | सूबेदार गंज | 19:00 | तिथिवार | 21, 22, 23, 24, 25, 27, 28, 29, 30.03.2024 एवं 01.04.2024 | | |
| 08475 | पुरी जं. | 04:50 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 17:40 | शुक्रवार | 22 एवं 29.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | खोरधा रोड, भुवनेश्वर, नराज मर्थापुर, ढ़ेंकानाल, अनुगुल, रेढ़ाखोल, सम्भलपुर सिटी, झारसुगुड़ा रोड, बिलासपुर, न्यु कटनी जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन। |
| 08476 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:35 | पुरी जं. | 06:55 | शनिवार | 23 एवं 30.03.2024 | | |
| 08571 | विशाखापत्तनम | 08:20 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 17:40 | शनिवार | 23 से 30.03.2024 तक | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी) एवं सामान्य | विजयनगरम जं., बोब्बिलि जं., पार्वतिपुरम, रायगड़, केसिंगा, टिटिलागढ़ जं., कांटाबांजी, खरियार रोड, महासमुन्द, रायपुर, अनूपपुर, न्यु कटनी जं., ललितपुर जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन। |
| 08572 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:35 | विशाखापत्तनम | 13:30 | रविवार | 24 से 31.03.2024 तक | | |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य जानकारी जैसे कि सीट उपलब्धता और समय–सारणी आदि के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

## खबर संक्षेप

### रुपया पांच पैसे की गिरावट के साथ 82.85 प्रति डॉलर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को डॉलर के मुकाबले रुपया पांच पैसे की गिरावट के साथ 82.85 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। घरेलू बाजार में चौतरफा बिकवाली से रुपये में गिरावट आई। डॉलर में सुधार तथा कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के कारण भारतीय रुपये में मामूली नकारात्मक रुझान रह सकता है।

### पेटीएम फास्टैग उपयोगकर्ता अन्य बैंक से कराए फास्टैग

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने पेटीएम फास्टैग उपयोगकर्ताओं को सुगम यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने और टोल प्लाजा पर असुविधा से बचने के लिए 15 मार्च से पहले किसी अन्य बैंक से नया फास्टैग लेने की सलाह दी है। इससे यात्री राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करते समय जुर्माने या दोहरे शुल्क से बच सकेंगे।

### सेंसेक्स ने 906 अंक का गोता लगाया

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 900 अंक से अधिक का गोता लगाते हुए 73,000 अंक के स्तर से नीचे आ गया। छोटी एवं मझोली कंपनियों के सूचकांकों में तीव्र गिरावट के बीच चौतरफा लिवाली से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 906.07 अंक यानी 1.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,761.89 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,152.25 अंक तक लुढ़क गया था। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 338 अंक यानी 1.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,997.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में पावर ग्रिड में सर्वाधिक सात प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। इसके अलावा एनटीपीसी, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, भारती एयरटेल, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज और हिंदुस्तान यूनिलीवर भी नुकसान में रहे।''

## टाटा समूह व सीजी पावर चिप संयंत्रों के शिलान्यास को किया संबोधित

# टाटा के धोलेरा संयंत्र से पहली चिप का उत्पादन दिसंबर, 2026 में : वैष्णव

एजेंसी ▶▶| धोलेरा (गुजरात)

केंद्रीय संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि यहां टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के संयंत्र से सेमीकंडक्टर का उत्पादन दिसंबर, 2026 से होने लगेगा।

टाटा समूह और सीजी पावर चिप संयंत्रों के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए वैष्णव ने कहा कि भारत 2029 तक दुनिया में चिप बनाने के शीर्ष पांच केंद्रों में से एक होगा। मंत्री ने कहा, 'धोलेरा संयंत्र से पहली चिप दिसंबर, 2026 में आएगी और माइक्रोन संयंत्र से चिप दिसंबर, 2024 तक आएगी।' उन्होंने कहा कि टाटा का धोलेरा संयंत्र 28, 50, 55 नैनोमीटर नोड में चिप बनाएगा।

### पीएम ने रखी तीन चिप संयंत्रों की नींव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को तीन चिप संयंत्रों की नींव रखी। इनमें दो इकाइयां टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की और तीसरी सीजी पावर की है। इसमें कुल 1.26 लाख करोड़ रुपये का निवेश होगा। इन तीन संयंत्रों में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स का देश का पहला हाई-टेक चिप विनिर्माण संयंत्र शामिल है, जिसे कंपनी धोलेरा के विशेष औद्योगिक क्षेत्र में ताइवान की पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्प के साथ साझेदारी में स्थापित कर रही है।



### सेमीकंडक्टर एक बुनियादी उद्योग

उन्नत प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित ये चिप कई क्षेत्रों - इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), दूरसंचार, रक्षा, वाहन, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, डिस्प्ले और पावर इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए की जरूरत को पूरा करेंगे। सेमीकंडक्टर एक 'बुनियादी' उद्योग है जो जीवन के लगभग हर पहलू को छूता है। फ्रिज से लेकर एसी और कारों, विमान से लेकर ट्रेनों तक सभी में इसका इस्तेमाल होता है।



- भारत 2029 तक दुनिया के चिप बनाने के शीर्ष पांच केंद्रों में होगा
- माइक्रोन संयंत्र से चिप दिसंबर, 2024 तक आएगी
- टाटा का धोलेरा संयंत्र 28, 50, 55 नैनोमीटर नोड में चिप बनाएगा

### टाटा के सेमीकंडक्टर संयंत्र सभी क्षेत्रों को करेंगे चिप आपूर्ति, 72,000 रोजगार पैदा होंगे : चंद्रशेखरन

**धोलेरा।** टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने बुधवार को कहा कि टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के सेमीकंडक्टर संयंत्र धीरे-धीरे चिप की आपूर्ति करके चरणबद्ध तरीके से सभी क्षेत्रों को सेवाएं देंगे और आने वाले वर्षों में लगभग 72,000 रोजगार पैदा करेंगे। चंद्रशेखरन ने गुजरात के धोलेरा में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के 91,000 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित चिप विनिर्माण संयंत्र और असम में 27,000 करोड़ रुपये की चिप असेंबली इकाई के शिलान्यास समारोह में कहा कि आगे चलकर इन परियोजनाओं का विस्तार भी होगा लेकिन शुरुआती मील के पत्थर पार करने के बाद ही ऐसा होगा।

### केंद्र पूंजीगत व्यय का 50 फीसदी योगदान देगा

इस संयंत्र की क्षमता प्रतिमाह 50,000 वेफर्स का उत्पादन करने की होगी और इसमें 91,000 करोड़ रुपये का निवेश शामिल होगा। केंद्र इसमें समान आधार पर पूंजीगत व्यय का 50 प्रतिशत योगदान देगा।

### संयंत्र पर 27 हजार करोड़ होंगे निवेश

प्रधानमंत्री ने असम के जगीरोड में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की एक और नई असेंबली और परीक्षण सुविधा की भी आधारशिला रखी। टाटा के असम संयंत्र का निर्माण 27,000 करोड़ रुपये के निवेश से होगा और इससे क्षेत्र में 27,000 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसरों का सृजन होगा।

### पूर्वोत्तर में भारत की पहली चिप इकाई

यह पूर्वोत्तर में भारत की पहली सेमीकंडक्टर इकाई होगी। टाटा सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट (टीएसएटी) प्रतिदिन 4.8 चिप की क्षमता के साथ फ्लिप चिप और आईएसआईपी (पैकेज में एकीकृत प्रणाली) प्रौद्योगिकियों सहित स्वदेशी उन्नत सेमीकंडक्टर पैकेजिंग प्रौद्योगिकियों का विकास करेगी।

## इंडिया इंटरनेशनल ईवी एक्सपो में 5,000 ईवी प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** इंडिया इंटरनेशनल ईवी शो का चौथा संस्करण 15 से 17 मार्च, 2024 तक नई दिल्ली के द्वारका में इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर (आईआईसीसी) में किया जायेगा भारत के सबसे बड़े इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग के सम्मेलन के रूप में पहचाने जाने वाले इस कार्यक्रम में इंजीनियरों, मैकेनिकों, वैज्ञानिकों और निर्णयकर्ताओं को एक साथ आने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है।इंडिया इंटरनेशनल ईवी शो नवाचार और उद्योग कौशल के एक शानदार प्रदर्शन का वादा करता है। 150 से अधिक प्रदर्शकों द्वारा उत्पादों और सेवाओं की एक विविध श्रृंखला प्रस्तुत करने के साथ, आगंतुक इलेक्ट्रिक वाहनों, घटकों, चार्जिंग बुनियादी ढांचे और स्मार्ट गतिशीलता समाधानों तक फैली 5,000 से अधिक अत्याधुनिक तकनीकों का पता लगा सकते हैं। यह आयोजन 50,000 से अधिक उद्योग पेशेवरों, उत्साही लोगों और हितधारकों को आकर्षित करने के लिए तैयार है, जो व्यवसायों के लिए अद्वितीय नेटवर्किंग अवसर प्रदान करता है।

### राजनाथ ने एनसीसी विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दी

**नई दिल्ली (भाषा)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसी के साथ अब एनसीसी में 3,00,000 कैडेट और शामिल किए जाएंगे। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इसके विस्तार से देश भर के शैक्षणिक संस्थानों में एनसीसी के लिए बढ़ती मांग पूरी होने की उम्मीद है। इसमें कहा गया, ''रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है और इसमें 3,00,000 कैडेट शामिल किए जाएंगे।'' मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''एनसीसी में साल 1948 में केवल 20,000 कैडेट थे, लेकिन विस्तार प्रस्ताव की मंजूरी के बाद एनसीसी में अब 20 लाख कैडेट की स्वीकृत संख्या होगी। इससे यह दुनिया का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन कहलाएगा।

## ई-परिवहन को बढ़ावा देने 500 करोड़ की योजना की घोषणा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारी उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को देश में ई-परिवहन को बढ़ावा देने के लिए एक नई योजना की घोषणा की। अप्रैल, 2024 से जुलाई, 2024 तक (चार महीने) के लिए चलने वाली इस योजना पर 500 करोड़ रुपये का खर्च होगा। नई परियोजना दोपहिया और तिपहिया वाहनों के लिए है।

देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने और विनिर्माण कार्यक्रम का दूसरा चरण (फेम-2) 31 मार्च, 2024 को समाप्त हो रहा है। भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडे ने ई-परिवहन संवर्द्धन योजना 2024 (ईएमपीएस 2024) की घोषणा करते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार देश में ई-परिवहन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। योजना के तहत प्रति दोपहिया वाहन के लिए 10,000 रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी। इसका उद्देश्य लगभग 3.3 लाख दोपहिया वाहनों को सहायता प्रदान करना है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY सत्यमेव जयते

*बड़ा तिपहिया वाहन खरीद पर 50 हजार की मदद : ऐसे 41,000 से अधिक वाहनों को कवर किया जाएगा। बड़ा तिपहिया वाहन खरीदने पर 50,000 रुपये की वित्तीय मदद दी जाएगी। फेम-2 के तहत सब्सिडी 31 मार्च, 2024 तक या धन उपलब्ध होने तक बेचे जाने वाले ई-वाहनों के लिए पात्र होगी।*

### सोना 400 रुपए टूटा चांदी 600 रुपये फिसली



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 400 रुपये की गिरावट के साथ 65,950 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 600 रुपये की गिरावट के साथ 75,300 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 75,900 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 66,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही, जो पिछले बंद भाव से 400 रुपये कम है।' अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,160 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 17 डॉलर कम है।

## पेज एक का शेष

### पीएम मोदी ने दान में ...

आने वाले समय में संगीत कलाओं के ज्ञान का एक अनोखा केंद्र होगा। इसके निर्माण का मकसद भी अनूठा है। इस केंद्र में भारतीय संगीत कलाओं के ज्ञान को एक ही छत के नीचे संचालित किया जाएगा।

### दिल्ली मेट्रो फेस-4 को ...

मेट्रो फेस- 4 के तहत दो कॉरिडोर के प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मोदी कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि करीब 8.4 किलोमीटर लंबी मेट्रो लाइन के बीच 8 स्टेशन बनाए जाएंगे। जिसमें लाजपत नगर से साकेत जी-ब्लॉक और इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ मेट्रो कॉरिडोर शामिल हैं। केंद्र सरकार इन परियोजनाओं पर कुल 8,399 करोड़ रुपए खर्च करेगा।

### पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर ...

हैं। पार्टी ने हिसार, रोहतक, सोनीपत और अंबाला सीट से अभी उम्मीदवार घोषित नहीं किये हैं। दिल्ली की दो सीटों पूर्वी दिल्ली से हर्ष मल्होत्रा तथा उत्तर पश्चिम दिल्ली (सुरक्षित) से योगेन्द्र चंदोलिया को उम्मीदवार बनाया गया है। दिल्ली की पांच सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा पहली सूची में की जा चुकी है।

हरियाणा की करनाल सीट पर वर्तमान सांसद संजय भाटिया का टिकट काटकर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को उम्मीदवार बनाया गया है। सिरसा सीट से सांसद सुनीता दुग्गल को टिकट नहीं दिया गया है, उनकी जगह पार्टी ने कुछ समय पहले आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए पूर्व सांसद अशोक तंवर को चुनाव मैदान में उतारा गया है।

### हिसार, रोहतक, सोनीपत और...

कैप्टन अभिमन्यु और पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई टिकट के तगड़े दावेदार हैं। रोहतक से कांग्रेस उम्मीदवार दीपेन्द्र सिंह हुड्डा पिछले चुनाव में बहुत ही करीबी मुकाबले में भाजपा उम्मीदवार डॉ अरविंद शर्मा से हारे थे। अबकी बार अरविंद शर्मा की टिकट खतरे में बतायी जा रही है। भाजपा इन दोनों सीटों को लेकर असमंजस में है कि उम्मीदवार जाट हो या गैर जाट। सोनीपत सीट पर वर्तमान सांसद रमेश कौशिक ने पिछले चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा को पराजित किया था। कहा जा रहा है कि कौशिक की टिकट पक्की नहीं है। भाजपा अबकी बार इस सीट से किसी जाट चेहरे को चुनाव मैदान में उतार सकती है। कुरूक्षेत्र सीट से सांसद नायब सिंह सैनी दो दिन पहले ही हरियाणा के मुख्यमंत्री बनाये गये हैं। जाहिर है पार्टी को यहां से किसी नये उम्मीदवार को टिकट देनी है। कांग्रेस और आप के चुनावी गठबंधन के चलते यह सीट आप के खाते में गई है। आप ने पूर्व सांसद सुशील गुप्ता को टिकट दिया हुआ है।

### सांसद हंस राज हंस ...

थे। दिल्ली की सभी सात सीटें पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने जीती थी। इनमें से सिर्फ एक सांसद मनोज तिवारी को ही टिकट मिल पाया। पांच सांसदों प्रवेश वर्मा, मीनाक्षी लेखी, रमेश बिधूड़ी, डॉ हर्षवर्धन और हंस राज हंस की टिकट काट दी गई जबकि एक सांसद गौतम गंभीर ने टिकट वितरण शुरू होने से पहले ही चुनाव न लड़ने की घोषणा कर दी थी। दिल्ली में आप और कांग्रेस का चुनावी गठबंधन है। आप चार सीटों पर चुनाव लड़ेगी और उसने सभी चार सीटों पर उम्मीदवार उतारे हुए हैं। कांग्रेस तीन सीटों पर भाग्य आजमायेगी। कांग्रेस उम्मीदवारों की घोषणा होना अभी बाकी है।

### इंदौर में पान कारोबारी ...

जानकारी जीएसटी को नहीं दी गई। **अपने ही रिश्तेदारों को देता है फ्रेंचाइजी** :इस ग्रुप के प्रमुख गुलाब सिंह हैं, जिनका पान, सुपारी को लेकर सबसे बड़ा रिटेल का कारोबार है,।

### अब पिटबुल और रॉटविलर

जाए। राज्यों को लिखे खत में पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने स्थानीय निकायों से अपील की है कि क्रॉस ब्रीडिंग और विदेशी नस्ल के कुत्तों को लाइसेंस या परमिट जारी न करें। इन कुत्तों की बिक्री और ब्रीडिंग पर भी रोक लगाई जाए। पिछले दिनों एक मामले में लखनऊ में तो एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई थी। उसे पालतू पिटबुल ने काट खाया था और अकेला पाकर नोचता रहा था। अब इस मसले पर सरकार भी सक्रिय हो गई है।

### महिला समृद्धि के लिए ...

रही है। इसलिए कांग्रेस "नारी न्याय" गारंटी की घोषणा करती है, इसके तहत कांग्रेस पार्टी महिलाओं के लिए देश में एक नया एजेंडा सेट करने जा रही है।

### कांग्रेस के वादे जुमले

कर रही है।वहीं महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस महिलाओं को पांच ऐसी गारंटियां दे रही है, जिनसे देश में महिलाओं का जीवन हमेशा के लिए बदल जाएगा। केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार आने पर "नारी न्याय" गारंटी के तहत घोषणाएं लागू की जाएंगी। कांग्रेस का लक्ष्य देश की आधी आबादी को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना और बराबरी का प्रतिनिधित्व देना है। महिला आरक्षण को लेकर भी बड़ी घोषणा करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में धूम-धाम से महिलाओं को आरक्षण दिया। लेकिन फिर कहा गया कि सर्वे के बाद महिलाओं को आरक्षण दिया जाएगा और सर्वे दस साल के बाद होगा।

### इस्मा ने वर्ष 2023-24 के लिए चीनी उत्पादन का अनुमान बढ़ाया

**नई दिल्ली।** चीनी उद्योग संगठन इस्मा ने बुधवार को सितंबर को समाप्त होने वाले विपणन वर्ष में चीनी के सकल उत्पादन के अपने अनुमान को 9.5 लाख टन बढ़ाकर 340 लाख टन कर दिया है। जनवरी में, भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने विपणन वर्ष 2023-24 (अक्टूबर-सितंबर) में एथनॉल के लिए शीरे के उपयोग में लाये जाने के बिना, सकल चीनी उत्पादन 330.5 लाख टन होने का अनुमान लगाया था। एक बयान में, इस्मा ने कहा कि वर्ष 2023-24 में सकल चीनी उत्पादन अब 340 लाख टन होने का अनुमान है, जबकि पिछले वर्ष का सकल उत्पादन 366.2 लाख टन था। इस्मा की कार्यकारी समिति ने 12 मार्च को आयोजित अपनी बैठक में चीनी प्राप्ति दर, गन्ना उपज, शेष कटाई योग्य क्षेत्र/गन्ना और विभिन्न राज्यों में कारखानों को बंद करने की अपेक्षित तारीखों पर ध्यान दिया। समिति इस बात पर सहमत हुई कि महाराष्ट्र और कर्नाटक में गन्ने की उपलब्धता उम्मीद से अधिक है।

**NOTICE**

I, ROSHAN MANDAL S/O RAHIM MANDAL R/O B-5604, STREET NO. 115, NEAR KHUSHAL CHOWK, SANT NAGAR, BURARI, NORTH DELHI, DELHI-110084 declare that I am resident at B-5604, STREET NO. 115, NEAR KHUSHAL CHOWK, SANT NAGAR, BURARI, NORTH DELHI, DELHI-110084. My exact and correct name is ROSHAN MANDAL. My name S.K. ROWSAN MANDAL is Entered in my Driving Licened No. d10819950319437. ROSHAN MANDAL and S.K. ROWSAN MANDAL both names are of the one and the same parson.

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी. आर.एम.ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नाम व स्थान**

भाग–एः डीएसए–एसएमक्यूएल पर नो–केईएक्स स्टेशन के बीच किमी 22/06–07 पर मौजूदा लेवल क्रॉसिंग–19 के स्थान पर एलएचएस के निर्माण के संबंध में 25 केवी एसी ओएचई संशोधन कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। एसआरई अनुभाग। भाग–बीः लेवल क्रॉसिंग नंबर के बदले आरयूबी के निर्माण के संबंध में 25 केवी एसी ओएचई संशोधन कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। किमी पर 1C सीनियर डीईएन–III के तहत एपीएनएल–बीपीएनएल अनुभाग पर 10/27–29

| | |
|---|---|
| अनुमानित लागत | Rs.27,01,102.51/- |
| बयाना राशि | Rs. 54,000/- |
| ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 26.03.2024 (00.00बजे) से 09.04.2024 (15.00बजे तक) |
| ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 09.04.2024 (15.00 बजे) |
| निविदा छपाई की लागत | Part-A: 26304203 Part-B: 29304103 |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या – 54–क.वि., – नई दिल्ली–2023–24
दिनांक : 12.03.2024 796/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्ता **खुशी कौशिक उर्फ गायत्री, पत्नीः** कर्ण कौशिक, **पताः** मकान नं. पी–143, ओम विहार, दिल्ली ने **FIR No. 790/2020 व CC No. 7425/2020, U/s 420/411/34 IPC, थानाः राजौरी गार्डन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्ता **खुशी कौशिक उर्फ गायत्री** मिल नहीं रहीं है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्ता **खुशी कौशिक उर्फ गायत्री** फरार हो गई है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहीं है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 790/2020 व CC No. 7425/2020, U/s 420/411/34 IPC, थानाः राजौरी गार्डन, दिल्ली** के उक्त अभियुक्ता **खुशी कौशिक उर्फ गायत्री** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.04.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री मिलन गोयल
महानगर दण्डाधिकारी–02
पश्चिम, कमरा नंबर 356, तीसरी मंजिल,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/3000/WD/2024-
(Court Matter)

**हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन**

**ज्योतिष**

इंडिया के नं 1 तांत्रिक गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ




7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन,सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289203

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**ज्योतिष**

मात्र 5 घंटे में घर बैठे समाधान
21 सालो के तर्जुबेकार
लाखो-करोड़ो लोगो का कार्य करने वाले



तंत्र-मंत्र के सम्राट मिया मूसा जी
Gold Medalist
प्यार एवं कारोबार में चोट खाये तुरन्त फोन करें।
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
प्रेम विवाह, ग्रहक्लेश, मनचाहा प्यार, किया कराया, कारोबार रुकावट, तलाक, सौतन-दुश्मन से छुटकारा, शादी में रुकावट, लवमैरिज A to Z समाधान।
अगर किसी का पति, प्रेमी या बेटा-बेटी किसी के वश में हो तो अवश्य फोन करें।
9878685639

## राशिफल

**मेष** — कारोबार के कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**मिथुन** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — भाग–दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। व्यर्थ की चिंताओं से मन विचलित रहेगा।


**धनु** — व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मकर** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। धन प्राप्ति के मार्ग बनेंगे।

**कुंभ** — मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

## शब्द पहेली - 5452



**बाएँ से दाएँ**
1.उपासना करना–6
5.अलमस्त, उत्साही–4
8. हरे रंग का–2
9.चाह,इच्छा–3
10.अधिकार,आरोप–2
11.निर्दय, हिंसक–4
12.आंदोलन–2
14.सज्जन,सभ्य–4
15.स्मृति,अविस्मरण–2
17.रूखा, रसहीन–3
19.गुप्तचर–4
21.संकट मोचक,नाविक–5
24.चुगली करना–5
27.नेता पथ प्रदर्शक–4
29.प्रेम,चाहत–3
31.एक ग्रह–2
32.अनर्गल प्रलाप–4
33.नौकर,सेवक–2
35.उद्विग्न,आतुर–4
36.श्रवणेंद्रिय–2
38.दीपक,दिया–3
39.बोलने के लिये कहना–2
40.एक मुस्लिम महीना–4
41.सहायता करना–3,3

**ऊपर से नीचे**
1.सहिष्णुता,उदारता–6
2.थोड़ा,कम–2
3.कपड़ों के टुकड़े–4
4.असफल–5
5.राजी करना–3
6.वजन,वायदा–2
7.अनाथ,बेवारिस–4
11.वैधव्य–4
13.राजा की पत्नी–2
16.टूटना–4
18.धावक (अंग्रेजी–3)
19.खबरी,खबर देने वाला–4
20.हमारा पड़ोसी देश–2
22.घूमना–3
23.पराजय–2
25.खतरनाक, खौफनाक–4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत–4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म–5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध–4
30.कभी–2
32.जब्त,प्राप्त होना–4
34.मास्टर ब्लास्टर–3
37.भीगा हुआ–2
39.टैक्स,हाथ–2

**शब्द पहेली- 5451 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ब | ल | शा | ली | ■ | रु | ख | सा | र | ■ |
| अ | न | ■ | ली | ■ | प | त | न | ■ | जा | न |
| न | ■ | ज | मा | दा | र | ■ | न | म | ■ | फा |
| म | ग | रु | र | ■ | ■ | आ | ■ | द | र | स |
| ना | ■ | र | ■ | अ | ज | ग | र | ■ | वा | त |
| ■ | मि | त | वा | ■ | ही | ■ | स | प | ना | ■ |
| म | ल | ■ | दा | वा | न | ल | ■ | रा | ■ | फि |
| त | न | य | ■ | ल | ■ | ■ | ह | ज | र | त |
| ल | ■ | म | त | ■ | का | र्या | ल | य | ■ | र |
| बी | ज | ■ | म | का | न | ■ | च | ■ | सा | त |
| ■ | य | ल | गा | र | ■ | ब | ल | शा | ली | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5463

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5462 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## खबर संक्षेप



### पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे जॉनी बेयरस्टो

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो भारत के लंबे टेस्ट दौरे के बाद हाल ही में स्वदेश लौटने के बावजूद 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच धर्मशाला में खेले गए पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच के दौरान भारतीय क्रिकेट बोर्ड और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों के बीच खिलाड़ियों की आईपीएल के लिए उपलब्धता को लेकर बातचीत हुई थी। टेस्ट क्रिकेट में नियमित रूप से खेलने वाले कप्तान बेन स्टोक्स, जो रूट और मार्क वुड पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि वह आईपीएल में खेलने के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे।

### मेरे उपचार प्रक्रिया के अगले चरण का इंतजार

**नई दिल्ली।** मोहम्मद शमी के चोटिल टखने के ऑपरेशन के बाद अब टांके काट दिए गए हैं और इस भारतीय तेज गेंदबाज ने बुधवार को कहा कि वह उपचार प्रक्रिया के अगले चरण का इंतजार कर रहे हैं। शमी ने अपनी तीन तस्वीरों के साथ एक्स पर पोस्ट किया, 'सभी को नमस्कार। मैं अपनी चोट से उबरने की प्रक्रिया का अपडेट देना चाहता हूं। ऑपरेशन को 15 दिन हो गए हैं और हाल में टांके भी काट दिए गए। मैं अपनी इस प्रगति से खुश हूं और उपचार प्रक्रिया के अगले चरण का इंतजार कर रहा हूं।'



### कोच अप्टन का करार ओलंपिक तक बढ़ाया

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने पेरिस ओलंपिक में पुरुष राष्ट्रीय टीम की सहायता के लिए दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी मानसिक अनुकूलन कोच पैडी अप्टन को नियुक्त किया है। भारत को 2011 क्रिकेट विश्व कप जिताने में भूमिका निभाने वाले अप्टन पेरिस में पुरुष हॉकी टीम के सहयोगी सदस्य का हिस्सा होंगे। वह एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी और एशियाई खेलों में भी इस टीम के साथ थे। भारतीय टीम ने इन दोनों टूर्नामेंटों में स्वर्ण पदक हासिल किया था।




### चौबे के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों पर दें सबूत

**नई दिल्ली।** एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ के अपदस्थ प्रमुख कानूनी सलाहकार नीलांजन भट्टाचार्जी से राष्ट्रीय महासंघ के प्रमुख कल्याण चौबे के खिलाफ लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों के सबूत सौंपने को कहा है। एआईएफएफ अध्यक्ष चौबे ने इस संबंध में 6 मार्च को भट्टाचार्जी को कानूनी नोटिस भेजा था। भट्टाचार्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र में आरोप लगाया था कि चौबे ने निविदा प्रक्रियाओं में पारदर्शिता नहीं बरती और उन्होंने व्यक्तिगत खर्चों के लिए 'महासंघ से पैसा निकालने' का प्रयास किया।



### रावलपिंडी और लाहौर में मैच खेलेंगे कीवी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान इस साल जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों के तहत अगले महीने पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को कहा कि पहले तीन मैच 18, 20 और 21 अप्रैल को रावलपिंडी में जबकि बाकी दो मैच 25 और 27 अप्रैल को लाहौर में खेले जाएंगे। न्यूजीलैंड के कई खिलाड़ी इस दौरान इंडियन प्रीमियर लीग में खेलेंगे।



# अल हिलाल ने लगातार 28वीं जीत दर्ज कर बनाया नया विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| जेद्दा

सऊदी अरब की टीम अल हिलाल ने लगातार 28वीं जीत दर्ज करके शीर्ष स्तर की फुटबॉल में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। अल हिलाल ने अल इतिहाद को 2-0 से हराकर यह उपलब्धि हासिल करने के साथ ही एशियाई चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में भी प्रवेश किया।

इन दोनों टीम के बीच पहले चरण का मैच भी अल हिलाल ने जीता था और इस तरह से उसने अपने घरेलू प्रतिद्वंदी अल इतिहाद को 4-0 के कुल अंतर से पराजित किया। सऊदी अरब की घरेलू लीग में 18 बार की चैंपियन अल हिलाल ने वेल्स की टीम द न्यू सेंट्स के 2016-17 के सत्र में लगातार 27 जीत दर्ज करने के पिछले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा।



### क्वार्टर फाइनल में 13 साल बाद पहुंचा आर्सेनल

*चैंपियंस लीग के एक अन्य मैच में आर्सेनल ने पोर्तो को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर 2010 के बाद पहली बार इस प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पोर्तो ने पहले चरण का मैच 1-0 से जीता था लेकिन आर्सेनल लिएंड्रो ट्रॉसार्ड के 41वें मिनट में किए गए गोल से बराबरी करने में सफल रहा। पेनल्टी शूटआउट में आर्सेनल के गोलकीपर डेविड राया ने गलेनो का शॉट रोककर अपनी टीम को अंतिम आठ में पहुंचाया। क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली अन्य टीमों में रियाल मैड्रिड, बायर्न म्यूनिख, पेरिस सेंट जर्मेन और मैनचेस्टर सिटी शामिल हैं।*

### पिछले साल खेला था ड्रॉ

अल हिलाल ने इससे पहले आखिरी बार पिछले साल 21 सितंबर को मैच नहीं जीता था। उसने तब सऊदी अरब लीग की अपनी प्रतिद्वंदी टीम दमाक के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रॉ खेला था। सेमीफाइनल में अल हिलाल का सामना संयुक्त अरब अमीरात के अल ऐन से होगा जिसने सोमवार को पेनल्टी शूटआउट में क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीम अल नासर को हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया था।

### बार्सिलोना ने नैपोली को 3-1 से हराया



**बार्सिलोना।** स्पेन के शीर्ष क्लब बार्सिलोना ने चार साल जबकि इंग्लैंड के क्लब आर्सेनल ने 14 साल बाद चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पांच बार के यूरोपीय चैंपियन बार्सिलोना ने मंगलवार रात को नैपोली को 3-1 से हराकर अंतिम आठ में अपनी जगह सुरक्षित की। इन दोनों टीम के बीच पहले चरण का मैच 1-1 से बराबर रहा था और इस तरह से बार्सिलोना ने 4-2 के कुल योग से जीत हासिल की। बार्सिलोना के लिए फर्मिन लोपेज, जोआओ कैंसलो और रॉबर्ट लेवांडोवस्की ने गोल किए। नैपोली की तरफ से एकमात्र गोल अमीर रहमानी ने किया। बार्सिलोना पिछले दो वर्षों में चैंपियंस लीग के ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाया था। वह इससे पहले आखिरी बार 2019-20 में क्वार्टर फाइनल में पहुंचा था जहां उसे बायर्न म्यूनिख से हार का सामना करना पड़ा था।

**विदर्भ ने 538 के स्कोर का पीछा करते हुए बनाए 248 रन**

# 42वां रणजी खिताब जीत से मुंबई 5 विकेट दूर, अक्षय क्रीज पर जमे

एजेंसी ▶▶| मुंबई

करुण नायर (74) और कप्तान अक्षय वाडकर (56 नाबाद) ने जीत के लिए 538 रन के दुरुह लक्ष्य का पीछा करते हुए फाइनल के चौथे दिन पांच विकेट पर 248 रन बनाकर विदर्भ को मैच में बनाए रखा। 42वां रणजी खिताब जीतने के लिए मुंबई को एक दिन और इंतजार करना होगा। पहले ही दिन से दबाव में आई विदर्भ को जीत के लिए असंभव सा लक्ष्य मिला। उसके बल्लेबाजों ने लेकिन चौथे दिन उम्दा खेल दिखाते हुए मेजबान गेंदबाजों को परेशान किया।

पहले सत्र की शुरुआत में ही विदर्भ से जुड़े नायर ने 220 गेंदों का सामना करके 287 मिनट बल्लेबाजी की। वह मुशीर खान की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे। मुशीर ने दूसरी पारी में 136 रन बनाने के बाद शानदार गेंदबाजी भी की। कप्तान वाडकर चौथे दिन 56 रन बनाकर और हर्ष दुबे 11 रन बनाकर खेल रहे थे। वाडकर ने 91 गेंद की पारी में छह चौके लगाए। उन्होंने नायर के साथ पांचवें विकेट के लिए 173 गेंद में 90 रन जोड़े। विदर्भ को अभी भी 290 रन चाहिए और उसके पांच विकेट बाकी हैं।



### मुशीर ने 24 रन देकर झटके दो विकेट

*मुंबई ने पहले दो सत्र में दो दो और फिर नायर का विकेट आखिरी सत्र में लिया। वानखेड़े स्टेडियम की सपाट पिच पर मुंबई ने सब कुछ आजमा लिया। मुंबई के तेज गेंदबाजों की तिकड़ी और दोनों स्पिनरों ने बल्लेबाजों को गलती करने पर मजबूर करने की पूरी कोशिश की। विदर्भ के बल्लेबाजों की दाद देनी होगी कि इतने कठिन लक्ष्य के जवाब में भी उन्होंने आसानी से घुटने नहीं टेके। मुशीर ने मुंबई के लिए 17 ओवर में 24 रन देकर दो विकेट लिए और सबसे असरदार रहे। उन्होंने बेहतरीन गेंद पर नायर को आउट किया। तनुष कोटियान ने 55 रन देकर दो विकेट लिए। उन्होंने ध्रुव शोरे (28) और यश राठौड़ (सात) को पवेलियन भेजा।*

## पंत ने कहा, ऐसा लग रहा है जैसे फिर से पदार्पण करने जा रहा हूं



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सड़क दुर्घटना में बुरी तरह चोटिल होने के 14 महीने बाद क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार ऋषभ पंत किसी पदार्पण करने वाले खिलाड़ी की तरह ही नर्वस महसूस कर रहे हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को पंत को इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने के लिए फिट घोषित कर दिया था। यह विकेटकीपर बल्लेबाज आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की अगुवाई करेगा जिसका पहला मैच 23 मार्च को मोहाली में पंजाब किंग्स के साथ होगा।

पंत ने कहा, 'मैं उत्साहित हूं लेकिन साथ ही नर्वस भी हूं। ऐसा लग रहा है जैसे मैं फिर से पदार्पण करने जा रहा हूं। मैं जिस दौर से गुजरा हूं उसे देखते हुए फिर से क्रिकेट खेलने में सक्षम होना किसी चमत्कार से कम नहीं है। मैं अपने शुभचिंतकों और प्रशंसकों तथा विशेष रूप से बीसीसीआई और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के कर्मचारियों का आभार व्यक्त करता हूं। उनका प्यार और समर्थन मुझे मजबूती प्रदान करता रहा है।'

**टेस्ट रैंकिंग**

## अश्विन बने वर्ल्ड नंबर-वन रोहित की शीर्ष 10 में वापसी



एजेंसी ▶▶| दुबई

अपने 100वें टेस्ट मैच में नौ विकेट झटकने वाले अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन आईसीसी की बुधवार को जारी नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में शीर्ष स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि कप्तान रोहित शर्मा की बल्लेबाजों की रैंकिंग की शीर्ष 10 में वापसी हुई है।

अश्विन ने धर्मशाला में श्रृंखला के पांचवें टेस्ट मैच की पहली पारी में चार और दूसरी पारी में पांच विकेट चटकाए थे। उन्होंने अपने करियर में 36वीं बार पांच विकेट लेने का कारनामा किया। भारतीय टीम ने इस मैच को जीतकर श्रृंखला 4-1 से अपने नाम की थी। टेस्ट में शतकीय पारी खेलने वाले रोहित ने बल्लेबाजों की रैंकिंग में पांच स्थान का सुधार किया। वह तालिका में शीर्ष पर काबिज केन विलियमसन से 108 रेटिंग अंक पीछे हैं। यशस्वी जायसवाल (दो स्थान के सुधार के साथ आठवें) और शुभमन गिल (11 स्थान के सुधार के साथ 20वें) भी करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करने में सफल रहे।

**शीर्ष पांच गेंदबाज**

| रैंक | खिलाड़ी | देश | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | रविचंद्रन अश्विन | भारत | 870 |
| 2 | जोश हेजलवुड | ऑस्ट्रेलिया | 847 |
| 3 | जसप्रीत बुमराह | भारत | 847 |
| 4 | कगिसो रबाडा | द.अफ्रीका | 834 |
| 5 | पैट कमिंस | ऑस्ट्रेलिया | 820 |

### बुमराह दूसरे स्थान पर खिसके



बुमराह दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। वह इस स्थान को ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के साथ साझा कर रहे हैं। हेजलवुड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ क्राइस्टचर्च में खेले गये दूसरे टेस्ट मैच में छह विकेट लिये थे। खब्बू स्पिनर कुलदीप यादव 15 स्थान के सुधार के साथ करियर की सर्वश्रेष्ठ 16वीं रैंकिंग हासिल करने में सफल रहे। न्यूजीलैंड के मैट हेनरी (छह पायदान ऊपर 12वें स्थान पर) भी करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करने में सफल रहे। रविंद्र जडेजा हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में पहले जबकि अश्विन दूसरे स्थान पर बने हुए हैं।

### मनीष नरवाल ने पैरा निशानेबाजी विश्व कप में जीते दो रजत

**नई दिल्ली।** स्टार भारतीय पैरा निशानेबाज मनीष नरवाल ने बुधवार को यहां डब्लूएसपीएस पैरा निशानेबाजी विश्व कप में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल (एसएच1) व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किए। नरवाल ने 236.7 का स्कोर किया और चीन के चाओ यांग (240.3) से पीछे रहे। कोरिया के जियोंगडू जो ने व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य (214.7) हासिल किया। इस विश्व चैंपियन पैरा निशानेबाज ने इसके बाद रुद्रांश खंडेलवाल और संजीव गिरी के साथ मिल कर पी1 पुरुष टीम 10 मीटर एयर पिस्टल (एसएच1) स्पर्धा में रजत पदक जीता। इससे पहले नरवाल क्वालीफिकेशन दौर में 574 अंक के साथ तीसरे स्थान पर थे। खंडेलवाल (564), गिरी (559) और सिंहराज (546) व्यक्तिगत वर्ग के फाइनल में पहुंचने में विफल रहे।



## वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो के लिए भारतीय दल का कैंप जेजेटीयू को

- ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो चैंपियन के नाते जेजेटी यूनिवर्सिटी को मिली बडी जिम्मेदारी
- कोरिया में जुलाई में होगा वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो यूनिवर्सिटी फेस्टीवल



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण कोरिया के महानगर डेगू में जुलाई में प्रस्तावित वर्ल्ड ताइक्वांडो यूनिवर्सिटी फेस्टीवल के लिए भारतीय ताइक्वांडो फेडरेशन ने राजस्थान के झुंझुनूं स्थित श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी को भारतीय टीम के ट्रायल और कैंप का आयोजन करने की जिम्मेदारी दी है। जनवरी में सम्पन्न हुई ऑल इंडिया इंटर युनिवर्सिटी ताइक्वांडो चैंपियनशिप में श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी महिला-पुरूष वर्ग में पहले स्थान पर रहते हुए ओवरऑल चैंपियन बनी थी।विश्व ताइक्वांडो फेडरेशन से संबद्ध भारतीय ताइक्वांडो फेडरेशन के महासचिव अमित धामल ने श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं के प्रेजीडेंट डॉ देवेन्द्र सिंह ढुल को पत्र लिखते हुए अवगत करवाया है कि वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो आयोजन समिति डेगू 2024 वल्र्ड ताइक्वांडो यूनिवर्सिटी फेस्टीवल का आयोजन दक्षिण कोरिया में करवाने जा रहा है। डेगू महानगर स्थित केमयुंग यूनिवर्सिटी में 5 जुलाई से 7 जुलाई तक होने वाले इस आयोजन के लिए भारतीय टीम के ट्रायल से लेकर चयनित खिलाडियों के लिए कैंप का आयोजन करने की जिम्मेदारी श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं को दिया जा रहा है। यूनिवर्सिटी चेयरपर्सन डॉ विनोद टीबडेवाला व यूनिवर्सिटी प्रेजीडेंट डॉ देवेन्द्र सिंह ढुल ने इस जिम्मेदारी के लिए भारतीय ताइक्वांडो फेडरेशन का आभार जताया है। यूनिवर्सिटी प्रेजीडेंट डॉ देवेन्द्र सिंह ढुल ने खुशी जताते हुए कहा कि श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी खेल क्षेत्र में निरंतर बेहतर मुकाम हासिल कर रही है। जनवरी में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो टूनामेंट में ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीतने के बाद इस प्रकार की जिम्मेदारी मिलना गर्व की बात है। उन्होंने फेडरेशन को भरोसा दिलाया है कि दक्षिण कोरिया में तिरंगा फहराने के लिए यूनिवर्सिटी कैंपस में खिलाडियों के बेहतर ट्रायल से लेकर प्रतिभाशाली खिलाडियों के बेहतर प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

### गुजरात को हराकर कैपिटल्स फाइनल में

**नई दिल्ली।** शेफाली वर्मा के 37 गेंद में 71 रन की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग के मैच में बुधवार को गुजरात जाइंट्स को सात विकेट से हराकर सीधे फाइनल में प्रवेश कर लिया। शीर्ष पर काबिज दिल्ली कैपिटल्स ने अपने गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के दम पर गुजरात जाइंट्स को नौ विकेट पर 126 रन पर रोक दिया था। जवाब में उसने यह लक्ष्य 13.1 ओवर में बिना किसी परेशानी के हासिल कर लिया। रविवार को फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स का सामना मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। दिल्ली के लिये शेफाली ने अपनी पारी में पांच छक्के और सात चौके लगाये। उसने सिर्फ 28 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। जेमिमा रौड्रिग्स 38 रन बनाकर नाबाद रही। इससे पहले गुजरात का टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला गलत साबित हुआ और चौथे ही ओवर में उसे दो बल्लेबाज 12 रन के स्कोर पर पवेलियन लौट चुके थे। कप्तान बेथ मूनी पहले ही ओवर में खाता खोले बिना काप की गेंद पर आउट हुई।

**न्यूजीलैंड क्रिकेट ने की वार्षिक पुरस्कार की घोषणा**

# रचिन रवींद्र को मिला 'सर रिचर्ड हैडली' अवार्ड

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

भारत में पिछले साल खेले गए विश्व कप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले रचिन रवींद्र बुधवार को न्यूजीलैंड क्रिकेट के वार्षिक पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर चुने जाने के बाद सर रिचर्ड हैडली पदक पाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने। महिलाओं में एमेलिया केर ने न्यूजीलैंड क्रिकेट के वार्षिक पुरस्कारों में प्रमुख पुरस्कार जीते। केन विलियमसन को टेस्ट मैचों में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए एएनजेड साल के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया। उन्हें पुरुष वर्ग में प्रथम श्रेणी में बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए 'रेडपाथ कप' से सम्मानित किया गया। रवींद्र महज 24 साल की उम्र में 'सर रिचर्ड हैडली' मेडल के सबसे कम उम्र के विजेता हैं। वह पिछले एक सत्र में टेस्ट और सीमित ओवर की क्रिकेट में न्यूजीलैंड टीम के मुख्य स्तंभ के तौर पर उभरे हैं। पिछले साल मार्च में राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के बाद रवींद्र ने भारत में खेल गये विश्व कप में 64 की औसत से 578 रन बनाये। इस दौरान उन्होंने तीन शतक और दो अर्धशतक जड़े। इस प्रदर्शन के बाद रवींद्र को 2023 के लिए आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ उभरते हुए खिलाड़ी चुने गए थे। इस वामहस्त बल्लेबाज ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बे ओवल में खेले गये टेस्ट मैच में 240 रन का योगदान दिया था।





### केर को 'डेबी हॉकले' मेडल

*केर ने महिला श्रेणी के प्रमुख पुरस्कारों में सूपड़ा साफ किया। वह 'एएनजेड' वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय में साल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई। उन्हें 'डेबी हॉकले मेडल' से सम्मानित किया गया। यह लेग-स्पिनर हरफनमौला वनडे सत्र में टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी थी। उन्होंने दो शतक और 67 की औसत से 541 रन बनाए । वह टी20 अंतरराष्ट्रीय में सत्र में न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाजी की सूची में संयुक्त रूप से शीर्ष पर है। उन्होंने इस दौरान बल्ले से 42 की औसत और 118 की स्ट्राइक रेट से 252 रन भी बनाये हैं। अपने शानदार प्रदर्शन के कारण वह साल 2023 के लिए आईसीसी की महिला वनडे और टी20आई में साल की सर्वश्रेष्ठ टीम में जगह बनाने में सफल रही थी।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109




## कनाडा के मित्र देश न्यूजीलैंड ने ट्रूडो को सुनाई खरी-खरी

# निज्जर को लेकर भारत पर लगे आरोप पूरी तरह निराधारः पीटर्स

### निज्जर हत्या के मामले में कनाडा ने भारत पर लगाए थे आरोप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कनाडा ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड में भारत की संलिप्तता के आरोप लगाए थे जिस पर अब उसके ही अहम सहयोगी न्यूजीलैंड ने सवाल उठाए हैं। पांच देशों के खुफिया संगठन फाइव-आईज में कनाडा के सहयोगी न्यूजीलैंड का कहना है कि भारत की संलिप्तता को लेकर कनाडा ने न तो कोई सबूत पेश किया है और न ही यह बताया है कि मामले में क्या प्रगति हुई है। न्यूजीलैंड के उप प्रधानमंत्री विंस्टन पीटर्स ने कनाडा के भारत पर लगाए आरोपों पर अविश्वास जताया है।

### कनाडा से मांगे सबूत

भारत दौरे पर आए पीटर्स ने कहा, 'एक प्रशिक्षित वकील होने के नाते, मैं जानना चाहता हूं कि जो मामला था, अब वो कहां है? उसके सबूत कहा हैं? केस में क्या जानकारी सामने आई... अब तक...मैं बताता हूं... कुछ भी सामने नहीं आया। न्यूजीलैंड के उप प्रधानमंत्री का यह बयान फाइव आईज के कनाडा के बाकी सहयोगियों के रुख से एकदम अलग है। खुफिया गठबंधन में कनाडा, न्यूजीलैंड के अलावा अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। इन सभी देशों ने निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता के आरोप को लेकर चल रही जांच का समर्थन किया है।

### भारत ने प्रमाण मांगे जो अभी तक नहीं दे पाया कनाडा



### भारत-कनाडा के बीच विवाद

निज्जर की हत्या 18 जून 2023 को तब हुई जब वो कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया, सर्रे के गुरुद्वारे से बाहर निकल रहा था। लंबे समय बाद भी कनाडा पुलिस निज्जर की हत्या से संबंधित एक भी गिरफ्तारी नहीं कर पाई है। इससे भारत और कनाडा के बीच भारी कूटनीतिक तनाव देखने को मिला है। बता दें कि भारत की नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी ने 2020 में निज्जर को आतंकी घोषित कर दिया था। कनाडा का आरोप है कि निज्जर की हत्या में भारत का हाथ है। हालांकि, भारत ने इन आरोपों से इनकार किया है। भारत का कहना है कि ये आरोप बेतुके और प्रोपेगैंडा से प्रेरित हैं।

### निज्जर ही हत्या का नया वीडियो आया

वीडियो में निज्जर को एक पिकअप ट्रक में गुरुद्वारे की पार्किंग से निकलते हुए दिखाया गया है। जैसे ही वह बाहर निकलने के करीब पहुंचता है, एक सफेद सेडान उसके सामने आकर उसका रास्ता रोक देती है। ट्रक के रुकते ही दो लोग उसकी तरफ दौड़े और उसे गोली मारकर सिल्वर टोयोटा कैमरी कार से भाग गए। दो चश्मदीद के अनुसार, जैसे ही गोलियों की आवाज आई वो उसकी तरफ भागे और उन्होंने हमलावरों का पीछा करने की कोशिश भी की।

पीएम मोदी के सामने बयां कर सकते हैं दर्द

# चीन से परेशान भूटान के पीएम शोरिंग आज 5 दिवसीय दौरे पर आएंगे भारत

- 5 दिनों के दौरे के दौरान पीएम मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे
- विदेश मंत्री एस जयशंकर भी भूटान के पीएम से मुलाकात करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पड़ोसी देशों की जमीन हड़पना चीन की आदत में शुमार है।चाहे फिर उसका पड़ोसी ताइवान हो, भारत हो या भूटान और नेपाल। चीन इन सभी देशों की जमीन पर पैनी नजर गड़ाए है। अभी हाल ही में भूटान के एक भूभाग पर चीनी सेना ने जबरन अपना बेस बनाकर कब्जा कर लिया। इससे भूटान परेशान और हताश है।

भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे पीएम पद संभालने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के तहत गुरुवार को भारत के पांच दिवसीय दौरे पर आएंगे। इस दौरान शेरिंग पीएम मोदी के सामने अपना दर्द बयां कर सकते हैं। विदेश मंत्रालय ने 14 से 18 मार्च तक भूटान के नेता की यात्रा की घोषणा की और कहा टोबगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत करेंगे और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे। भूटान के पीएम मुंबई भी जाएंगे।

*"भूटान के एक छोटे भूभाग पर हाल ही में चीनी सेना ने कब्जा कर लिया था। इस घटना के बाद पहली बार भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग भारत आ रहे हैं। माना जा रहा है कि भूटान के प्रधानमंत्री पीएम मोदी से अपना दर्द बयां कर सकते हैं।"*

### पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता होगी



### भारत-भूटान के रिश्तों पर होगी बात

टोबगे के साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा, जिसमें उनके कई मंत्रिमंडल के सहयोगी और शीर्ष अधिकारी शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा भारत और भूटान के बीच सभी स्तरों पर विश्वास, सद्भावना और आपसी समझ पर आधारित मित्रता और सहयोग के अच्छे संबंध हैं। बयान में कहा गया कि यात्रा के दौरान भूटान के प्रधानमंत्री राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे और भारत के प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर भी भूटान के प्रधानमंत्री से मुलाकात करेंगे।



AUTHORISED DEALERS: SOUTH DELHI: LAJPAT NAGAR: SAPPHIRE HERO: 9289923175, ADCHINI (MAIN MEHRAULI ROAD)- PASHUPATI HERO- 9289922381, PUL PRAHLADPUR BADARPUR SINGLA HERO–9289922771, OKHLA PHASE II: A R C HERO - 9289922461, EAST DELHI: DURGAPURI (LONI ROAD, SHAHADRA): HIMGIRI HERO: 9289922380, PUSHTAKARTAR NAGAR - AMAN HERO - 9289922735, DILSHAD GARDEN - RK HERO- 9289923010, PATPARGANJ PANDAV NAGAR: SINGLA AUTONEEDS HERO- 9289923222 NORTH DELHI: AZADPUR - SHRAMAN AUTOMOBILES: 9289923185, RITHALA (ROHINI) - METRO HERO - 9289922597, BUDH VIHAR: JMD AUTOMOTIVES - 7838685858, CENTRAL DELHI: KAROL BAGH (FAIZ ROAD): ESSAAY HERO - 9289922382, UPPER INDIA HERO – 9717198198, WEST DELHI: ROSHAN VIHAR (NAJAFGARH): AVNI HERO- 9289922671, PASCHIM VIHAR (PEERAGARHI): SHIVGANGA HERO- 9289922796, PALAM DABRI ROAD (DWARKA): SINGLA HERO– 9289922530, TILAK NAGAR - KHANNA HERO- 9289922383, BALI NAGAR: KHANNA HERO- 9289924309, NAWADA: KHANNA HERO- 9289924310, FARIDABAD: SEHGAL HERO- 9289922419, SEHGAL HERO, NIT – 7217627327 GURGAON: HIMGIRI HERO - 9289923046, SHARMA HERO, BASAI ROAD SECTOR 11- 9289923221, AUTONEEDS HERO - 9289922051, JAASODHA HERO- 9289922495, HIMGIRI HERO (WAZIRABAD): 9289924247, HIMGIRI HERO (RAILWAY ROAD): 9289924248, SOHNA: AUTO LINKS HERO, NO.160/2 DELHI ROAD, SOHNA- 9289924089, NOIDA: DHANSRI HERO, H-206A, SECTOR-63- 9289923044, UPPAL HERO- B 124, SECTOR-5: 9289922462, SINGLA HERO, C-70, SECTOR-58: 9289923059; GHAZIABAD: GLOBE HERO- MEERUT, DELHI ROAD - 9289922073, AMAN HERO- SHIV PURI, VIJAY NAGAR- 9289923068 SAHIBABAD: SAHIB HERO- 9289922486 BULANDSHAHR: SHRI DURGA HERO, DELHI ROAD, 9289922504; KRISHNA HERO, RAJE BABU ROAD, 9289922410.
FCB INTERFACE/9805/MAR 2024/ENGLISH